

अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह - 12




एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां - 12



भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर - 13



भारतीय महिला टीम ने टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया - 14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 06.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 05:34 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

सोमवार, 16 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 83, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




पाकिस्तानी खिलाड़ी को आउट करने के बाद जश्न मनाते हार्दिक पंड्या और ईशान किशन। ● एजेंसी

## कोलंबो में भारत का कमाल

### पाकिस्तान को टी-20 विश्वकप में 61 रनों से हराया, सुपर 8 में पहुंचा

- सूर्य की सेना ने कोलंबो में लगाई पाकिस्तान की 'लंका'
- विश्व कप में पड़ोसी देश पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

| भारत | पाकिस्तान |
|---|---|
| 175/7 | 114/10 |

कोलंबो, एजेंसी

भारत ने टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इशान किशन (77), सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप 27वें मुकाबले में 12 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान 61 रनों से रौंद कर सुपर आठ में जगह बना ली।

भारत ने इस जीत के साथ विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को भारत की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की पेस जोड़ी ने झकझोर दिया। हार्दिक ने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सैम अयूब (छह) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान आगा सलमान (चार) का शिकार कर लिया। पांचवें ओवर में अक्षर पटेल ने बाबर आजम (पांच) को चलता कर दिया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पार हार्दिक पंड्या ने उस्मान (शून्य) को बोल्ड कर 114 के स्कोर पर पाकिस्तान को समेट दिया।




### पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

**कोलंबो** : भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने यहां टी20 विश्व कप मैच के टॉस के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और और पिछले साल दुबई में एशिया कप के बाद से चली आ रही नीति पर कायम रहे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रहेगी। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच भी हाथ नहीं मिलाया जाएगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

## रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला : मोदी

### विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री बोले- मौजूदा हालात के हिसाब से रक्षा क्षेत्र को बनाएंगे आधुनिक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में कही। साथ ही कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे।

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और



उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राजग सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने लिखित साक्षात्कार में कहा, ऑपरेशन के दौरान, पिछले दशक में हमने जो सुधार किए हैं, उनके लाभ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

### मोदी बोले- बजट अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य बही खाता दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है, और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। यह बजट 2014 से अब तक हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूती प्रदान करता है और उनकी बुनियाद पर अगले 25 वर्षों के लिए गति मुहैया कराता है। जैसे ह 1920 के दशक में लिए गए फैसलों और पहलों ने 1947 में आजादी की नींव रखी, उसी प्रकार अब हम जो निर्णय ले रहे हैं, वे 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल हो।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की हागी भूमिका

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्टअप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

## जमीन के विवाद में चाचा की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/जैतीपुर



- भतीजों ने पहले कार को थार जीप और स्कॉर्पियो से टक्कर मारी
- फिर गाड़ी से निकाल कर रॉड से पीटने के बाद सिर में मारी गोली

**अमृत विचारः** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर जलाभिषेक के लिए मंदिर जा रहे 50 वर्षीय वीरेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जमीन की रंजिश में भतीजों ने थार और स्कार्पियो से उनकी कार का पीछा कर आगे से टक्कर मारकर रोका और कार से खींचकर पहले रॉड से पीटा और फिर सिर व पीठ में दो गोली मार दीं। घटना में मृतक का भतीजा प्रशांत सिंह समेत राम रहीस, सुरजीत घायल हो गए।

खमरिया निवासी वीरेश सिंह अपने भतीजे प्रशांत सिंह के साथ दोपहर करीब दो बजे गोगेपुर स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। रास्ते में गांव के हवलदार, राम रहीस और एक अन्य व्यक्ति भी कार में सवार हो गए। मृतक के घायल भतीजे प्रशांत ने बताया कि रास्ते में गांव के पास ही ब्रह्मदेव स्थान के आगे थार जीप में सवार प्रदीप और चंदन ने उनकी कार को सामने से टक्कर मारी, जबकि पीछे से स्कार्पियो ने टक्कर मारी। कार सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। आरोपियों ने वीरेश सिंह को नीचे उतारकर तमंचे से सिर व पीठ में दो गोलियां मार दी। सूचना पर गढ़िया रंगीन प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ पहुंचे। एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ तिलहर ज्योति यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने नमूने जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भतीजे प्रशांत ने सुरजीत सिंह, प्रदीप सिंह, विपिन सिंह, नन्हे जाट, संजीव, नरेश और अवधेश सिंह का नाम बतौर हत्यारोपी लिया है। एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर घटना हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।


चतुर्थ पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः॥



स्व. श्री विनय कुमार 'राजू'

बिछुड़ गये हो बीच राह में, दिलों से नहीं जा पाओगे।
आँखों में आँसू हैं गम के, उम्र भर याद आओगे॥

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

आपकी मधुर स्मृति, आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे।
आपकी चतुर्थ पुण्य तिथि पर सभी परिवारजन व मित्रगण भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
आपका आशीर्वाद सदैव बना रहे।

श्रद्धावनतः

सुशीला देवी (माताजी) | ब्योम (स्नेहिल पुत्र)

Mob : 9690272739

मनोज कुमार (प्रधानाचार्य-नैशनल पब्लिक स्कूल, बहेड़ी)-शिखा गुप्ता, राकेश कुमार-रीना गुप्ता (अनुज-अनुज वधू)
शशी गुप्ता-विशन कुमार, मंजू गुप्ता-संजीव गुप्ता, अंजु गुप्ता-सचिन गुप्ता (बहन-बहनोई), अमित-रूबी गुप्ता, सचिन-स्वाति गुप्ता,
आशीष, सत्यम, अभिनन्दन, शुभम, आस्था, मान्या एवं समस्त परिवार व मित्रगण

गुप्ता एग्रीकल्चर फार्म, सकरस बहेड़ी मो. 8534895192


## कल शपथ लेंगे तारिक रहमान, बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को ढाका में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बिरला भारत सरकार की ओर से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रहमान की अगुवाई में बीएनपी को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली है।

## महाशिवरात्रि पर संगम स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

- मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर और शासन ने लखनऊ कंट्रोल रूम से रखी पल-पल की नजर

**लखनऊ।** महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व के साथ ही प्रयागराज में आयोजित माघ मेला–2026 का भव्य समापन हो गया। रविवार को 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। हर-हर, बम-बम के साथ गंगा–यमुना–सरस्वती के जयकारे सुबह से शाम तक गूंजते रहे।

इस दौरान शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित कंट्रोल रूम से पूरे आयोजन की निगरानी की, जबकि शासन स्तर पर लखनऊ कंट्रोल रूम से अधिकारियों द्वारा लगातार अपडेट लिया जाता रहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन में किसी भी स्तर पर चूक न हो। 44 दिनों तक चले माघ मेले में प्रशासन ने 'दिव्य, भव्य, सुगम और सुरक्षित' आयोजन का जो संकल्प लिया था, वह अंतिम स्नान पर्व तक पूरा होता दिखा।

## 22 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदारनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट इस चारधाम यात्रा वर्ष में 22 अप्रैल को वृष लग्न में प्रातः 8 बजे दर्शनार्थ खोले जाएंगे। 23 अप्रैल को भगवान बदरीनाथ धाम के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 6:15 बजे खोले जाएंगे। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर खुलेंगे। रविवार को महाशिवरात्रि पर केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग, धर्माचार्यों की मौजूदगी में शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के बाद कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित हुई।

**प्रौद्योगिकी** | प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एआई समिट का उद्घाटन, एक्सपो में 13 देशों के होंगे मंडप

## इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो आज से, जुटेंगे दिग्गज

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जाएगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आमजन तक पहुंचेगी। समिट में दुनिया भर से दिग्गज जुटेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को शाम पांच बजे भारत मंडपम में एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के मंडप भी होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों - लोग, ग्रह और उन्नति - के आधार पर तैयार किया गया है।




### 500 से अधिक सत्रों का होगा आयोजन

इसमें 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता और परिचर्चा सदस्य शामिल होंगे। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार करना और यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य की कार्रवाइयों पर विचार–विमर्श करना होगा कि एआई से प्रत्येक वैश्विक नागरिक को लाभ मिले।

**न्यूज ब्रीफ**

### अवैध खनन में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार** : गांव मंसूरपुर में मिट्टी खनन की जानकारी मिलने पर उपनिरीक्षक मनीष शर्मा, आरक्षी अक्षय राठी और निखिल कुमार मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान थाना कांट क्षेत्र के गांव सॉफ्ट सफत्यारा निवासी सरकारी राशन विक्रेता राजेन्द्र कुमार के ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक शिव नन्दन को हिरासत में लिया। पुलिस ने बिना परमिट खनन करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बिना अनुमति खनन करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि नाबालिग भांजी को आरोपी ने प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण किया। गर्भापात कराया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार निवासी एमनजई जलालानगर थाना सदर बाजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रविवार की सुबह छोटी लाइन रेलवे स्टेशन के निकट आरोपी सतीश को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

## लाइनों में लगकर किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजे, पुलिस बल रहा तैनात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : महाशिवरात्रि पर जिले में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण रहा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवालयों के कपाट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे।

नगर के प्रमुख मंदिरों सहित तिलहर, कांट, जलालाबाद, पुवायां, निगोही, खुटार, मदनापुर और कलान क्षेत्रों के शिवालयों में विशेष सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और चंदन अर्पित किया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे।

कांवड़िए गंगाजल लेकर शिवालयों में पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों के आसपास मेले जैसा दृश्य रहा। पूजन सामग्री, प्रसाद और धार्मिक वस्तुओं की दुकानों



पटना देवकली शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। ● अमृत विचार



शिव का दुग्धाभिषेक करते श्रद्धालु।

● भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, घी, शहद और चंदन अर्पित किया

पर दिनभर भीड़ बनी रही। बच्चों ने झूलों और खिलौनों का आनंद लिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए।

मंदिर परिसरों में साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर सच्चे मन से की गई प्रार्थना से भगवान शिव मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। जिले में शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में पर्व संपन्न हुआ।

### बाबा ब्रह्मदेव देवस्थान पर लगा मेला

**परौर, अमृत विचार** : थाना मुख्यालय के पास स्थित बाबा ब्रह्मदेव का देवस्थान महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आस्था का केंद्र बना रहा। करीब 60 वर्ष पुराने इस शिव मंदिर में भगवान शिव सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। पर्व के अवसर पर हजारों शिवभक्तों ने हर-हर भोले के उद्घोष के साथ जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। बताया गया कि यह स्थान बाबा ब्रह्मदेव के नाम से जाना जाता है और यहां पूरे वर्ष भक्तों का आना-जाना बना रहता है। महिलाएं अपने बच्चों का अन्नप्राशन और मुंडन संस्कार भी यहां कराती हैं। श्रावण मास और फागुन मास में पड़ने वाली महाशिवरात्रि पर यहां प्रतिवर्ष मेले का आयोजन होता है। मेले में महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान की खरीदारी की और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बच्चों ने मेले का आनंद लिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने मेले में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा पर कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उपनिरीक्षक जोगेंद्र सिंह, मनोज कुमार तथा कांस्टेबल हिमांशु नागर मौजूद रहे।

### पटना देवकली शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कलान, अमृत विचार** : बदायूं की सीमा पर स्थित कलान क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर पटना देवकली में महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार तड़के से ही शिवभक्तों का जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और अष्टमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बेलपत्र, भांग, धतूरा सहित प्रसाद अर्पित किया। मंदिर परिसर से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे तक शिवभक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। कई शिवभक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए कांवड़ लेकर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बताया गया कि कुछ श्रद्धालुओं ने मनौतियां पूर्ण होने पर मुंडन सहित अन्य संस्कार भी कराए। उधर क्षेत्र के गांव नौगमामुवारिकपुर में भी महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

### रेलवे एक्सप्रेस ने जीता पहला क्रिकेट मैच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग-2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को किया गया। समाजसेवी संजय गुप्ता ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। समारोह में अटेवा जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप, लीग प्रभारी डॉ प्रमोद यादव, सहप्रभारी गौरी शंकर वर्मा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

उद्घाटन मैच पशुपालन विभाग शाहजहांपुर और क्रिकेट रेलवे एक्सप्रेस शाहजहांपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पशुपालन विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन बनाए। जवाब में रेलवे एक्सप्रेस ने आक्रामक खेल दिखाते हुए छठे ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे टीम के जनार्दन ने नाबाद 17 रन बनाए और 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं।

# विधवा की बेटी का कराया विवाह

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार**: श्री सिद्धवली हनुमान बाला जी धाम, फर्रुखाबाद रोड स्थित मंदिर की कमेटी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। कलान तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा जंगल निवासी असहाय धनदेवी की पुत्री रीता के विवाह का संपूर्ण दायित्व उठाते हुए रविवार को मंदिर प्रांगण में पूरे रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया।

पिता की मृत्यु के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की जानकारी मिलने पर कमेटी ने पहल की और विवाह की सभी व्यवस्थाएं अपने स्तर से कीं। तहसील जलालाबाद के गांव ननियुरा निवासी प्रेमपाल अपने पुत्र मनोज की बारात लेकर दोपहर करीब एक बजे मंदिर पहुंचे। कमेटी की ओर से द्वारचार सहित सभी वैवाहिक रस्में विधिवत कराई गईं। शाम करीब छह बजे



अग्नि के समक्ष फेरे लेते वर-वधू और आशीर्वाद देते कमेटी सदस्य।

रीता को भावुक माहौल में विदाई दी गई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कमेटी की ओर से वर-वधू को फ्रिज, कूलर, एल ई डी टीवी, मिक्सी, साड़ियां, सोने के तीन आभूषण जिनमें मंगलसूत्र, कुंडल और नथनी, चांदी की पायल व बिछुआ सहित आवश्यक घरेलू सामान प्रदान किया गया। करीब दो सौ लोगों के

● महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर में वैवाहिक समारोह संपन्न
● बाला जी धाम कमेटी ने सभी व्यवस्थाएं अपने स्तर से कीं

भोजन की व्यवस्था के साथ विवाह संबंधी अन्य खर्चों में भी आर्थिक सहयोग दिया गया। कुल मिलाकर लगभग दो लाख इक्यावन हजार रुपये के सामाजिक सहयोग से विवाह संपन्न हुआ। कमेटी के सह सर्वराकार एड विपिन कुमार मैथिल ने बताया कि समिति का उद्देश्य कमजोर और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना है और हर वर्ष महाशिवरात्रि पर इसी प्रकार सहयोग जारी रहेगा। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष एड अनिल पाठक, व्यवस्था प्रमुख डॉ प्रदीप शर्मा, मंदिर महंत धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, राकेश गुप्ता सहित अनेक संभ्रांत नागरिक और भक्त मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने कमेटी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सेवा भाव का प्रेरक उदाहरण बताया।

# मुमुक्षु महोत्सव की तैयारी शुरू, किया भूमि पूजन



रामकथा पंडाल के भूमि पूजन में मौजूद संत और आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : शहर में 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले मुमुक्षु महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एस एस कॉलेज मैदान में रामकथा पंडाल का भूमि पूजन किया गया।

प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा ने अनुष्ठान कराया, जबकि संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार किए। कार्यक्रम में स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सीए

● 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होगा महोत्सव

संजीव बंसल, अशोक अग्रवाल, प्रो. आर के आजाद, प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ जय शंकर ओझा, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ अजीत सिंह चारग, डॉ आदर्श पाण्डेय, डॉ कविता भटनागर, डॉ पवन गुप्ता, डॉ मृदुल शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, ईशपाल सिंह, रवि बाजपेई और चंद्रभान त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा तनाव में योग-ध्यान संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: परीक्षा काल में विद्यार्थी अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, मोबाइल-इंटरनेट और ऊंची अपेक्षाओं के दबाव के बीच मानसिक तनाव का सामना करते हैं। बोर्ड परीक्षाओं के समय भय, घबराहट, अनिद्रा और आत्मविश्वास की कमी सामान्य हो जाती है। यह मानसिक दबाव पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। ऐसे समय में योग और ध्यान विद्यार्थियों के लिए संजीवनी के समान सिद्ध हो सकते हैं।



ललित चौहान।

परीक्षा के दौरान परिणाम की चिंता मन को विचलित करती है। "क्या होगा?" और "अंक कम आए तो?" जैसे विचार तनाव को जन्म देते हैं, जिससे एकाग्रता घटती है और पढ़ा हुआ विषय भूलने लगता है। नियमित योगाभ्यास इस स्थिति में

● एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने का प्राकृतिक उपाय : योगाचार्य ललित चौहान

संतुलन प्रदान करता है। विद्यार्थियों के लिए वज्रासन पढ़ाई के बाद पाचन सुधारने और मन को स्थिर करने में सहायक है। भुजंगासन मस्तिष्क में रक्तसंचार बढ़ाकर स्मरण शक्ति को प्रबल करता है। ताड़ासन आत्मविश्वास और एकाग्रता में वृद्धि करता है, जबकि पद्मासन ध्यान के लिए उपयुक्त माना गया है। प्राणायाम श्वास-प्रश्वास को नियंत्रित कर मस्तिष्क को शांति देता है। अनुलोम-विलोम चिंता, घबराहट और मानसिक थकान को दूर करता है। भ्रामरी प्राणायाम परीक्षा-भय और अनिद्रा में लाभकारी है तथा मानसिक ऊर्जा को बढ़ाता है।

ध्यान मन को वर्तमान क्षण में स्थिर करने की प्रक्रिया है। प्रतिदिन 10-15 मिनट का ध्यान विचारों की चंचलता कम करता है, स्मरण क्षमता बढ़ाता है और आत्मविश्वास विकसित करता है। ध्यान करने वाला विद्यार्थी विषय को समझकर पढ़ता है, रटने की प्रवृत्ति कम होती है। योग मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाता है। शांत मन में ज्ञान स्थायी रूप से संग्रहित होता है। तनाव-मुक्त मस्तिष्क अधिक जानकारी ग्रहण कर सकता है। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में योग और अध्ययन साथ-साथ चलते थे, जिससे संतुलित विकास संभव होता था। योग और ध्यान वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक उपाय हैं। यदि विद्यार्थी इन्हें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो परीक्षा बोझ नहीं, अवसर बन जाएगी। परीक्षा केवल स्मरण शक्ति की नहीं, बल्कि धैर्य और मानसिक संतुलन की भी परीक्षा है।

नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के प्रति सजगता सफलता की आधारशिला हैं। योगाचार्य ललित चौहान, इंटरनेशनल योग एवं वेलनेस एक्सपर्ट, के अनुसार प्रतिदिन योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास विद्यार्थियों को तनाव-मुक्त, एकाग्र और ऊर्जावान बनाता है। याद रखें, सफलता संतुलन और निरंतर साधना से मिलती है।

# 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: जिले के लिए गौरव का विषय बनी दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बेसिक शिक्षा परिषद बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार प्रातः 10:30 बजे स्वर्ण जयंती स्टेडियम ओसीएफ में जिलाधिकारी की ओर से किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं।

मंडलीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बरेली, बदायूं और पीलीभीत जिलों से छात्र-छात्राएं अपने टीम इंचार्ज अध्यापकों के साथ शाहजहांपुर पहुंच चुके हैं। प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों से जिला बेसिक शिक्षा

● स्वर्ण जयंती स्टेडियम ओसीएफ में सुबह 10:30 बजे डीएम करेंगे उद्घाटन

अधिकारी दिव्या गुप्ता और खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षकों और अन्य शिक्षकों की टीम ने खेल मैदान, ट्रैक, उपकरण और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। बाहर से आए प्रतिभागियों के ठहरने के लिए विभिन्न विद्यालयों में रात्रि विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित होंगी, जिनमें मंडल के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सफल आयोजन को लेकर विभाग पूरी तरह तत्पर है।

# सर्वसम्मति से किया पदाधिकारियों का चयन





बैठक में चयनित पदाधिकारियों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : मिर्जापुर ब्लाक के श्री बाबा विश्वनाथ इंटर कॉलेज सभागार में सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक राम विलास दीक्षित, अध्यक्ष सत्यदेव

● श्री बाबा विश्वनाथ इंटर कॉलेज सभागार में सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक

मिश्रा, महामंत्री शिवप्रसाद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रामकिशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष ज्ञानेश कुमार बाजपेई, मंत्री अवधेश कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री गंगा शरण, प्रचार मंत्री रामानंद, संयुक्त मंत्री राम प्रसाद यादव तथा लेखाकार इम्तियाज अली का चयन किया गया।

जिला अध्यक्ष के साथ नगर महामंत्री रामरक्षपाल तथा अधिवक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष वी एस पाण्डेय मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों से एकजुट रहने की अपील की। जिला अध्यक्ष ने चयनित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### महाशिवरात्रि पर भैसठा कला शिवालय में उमड़ी आस्था

**कुर्रिया कला, अमृत विचार** : महाशिवरात्रि पर भैसठा कला स्थित अति प्राचीन शिवालय में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। ब्रह्ममुहूर्त से ही बम-बम भोले के जयकारों के बीच भक्तों ने उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में हर तेरस को मेला लगता है और दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। बुजुर्गों के अनुसार भोलेनाथ की मूर्ति जमीन से प्रकट हुई थी। कांट पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली। पटना देवकली, सुनासीर नाथ, विश्वनाथ मंदिर, बनखंडी नाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और भंडारे में भाग लिया।

# होली स्थल पर जलभराव शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार**: नगर के मोहल्ला आनंद वाटिका स्थित होली जलाने के स्थान पर जलभराव और खुली नालियों की समस्या को लेकर कांग्रेस नेता ने पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर सोमवार को तहसील प्रशासन को ज्ञापन देने की चेतावनी दी गई है।

मोहल्ला आनंद वाटिका में स्थित इस स्थल पर रामनगर, आनंद वाटिका व निगोही रोड के तमाम लोग होली दहन के लिए एकत्र होते हैं। आरोप है कि स्थल तालाब के समीप होने के कारण नगर का गंदा पानी भी वहीं जमा हो जाता है। आगे निकासी का समुचित रास्ता न बनाए जाने से वहां जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी ने लगभग एक माह पूर्व मोहल्ले के लोगों के साथ पालिका को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो सोमवार को तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आरोप लगाया कि होली जैसे प्रमुख त्यौहार को लेकर पालिका प्रशासन गंभीर नहीं है। साथ ही स्थल पर खुली नालियों पर पटरे न होने से होली के दौरान लोगों के गिरकर घायल होने की आशंका है।

कांग्रेस नेता ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि होली से पूर्व स्थल की साफ-सफाई कर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए।

**समागम** रामचन्द्र मिशन आश्रम में विरह और उल्लास का भावपूर्ण संगम

# देश-विदेश से आए अभ्यासी विदा, नए साधक पहुंचे

● प्रथम चरण का समापन, सोमवार से आरंभ होगा दूसरा बैच
● दाजी ने कराया प्रातः ध्यान, दिव्य प्रेम का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के प्रथम चरण का समापन भावपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रातःकालीन ध्यान सत्र का संचालन दाजी ने किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यहां आने वाला प्रत्येक अभ्यासी यह संकल्प लेकर लौटे कि उसका हृदय दिव्य प्रेम से पूर्ण रूप से सराबोर हो रहा है।

ध्यान के उपरांत आश्रम परिसर



नवदंपतियों को आशीर्वाद देते दाजी और उपस्थित अभ्यासी। ● अमृत विचार

आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। देश-विदेश से आए अभ्यासी जब अपने घरों को लौटने लगे तो वातावरण में विरह का भाव स्पष्ट दिखाई दिया। गुरु-भाइयों और बहनों से विदा लेते समय आत्मीयता और भावुकता का दृश्य उपस्थित रहा। वहीं दूसरी ओर सोमवार से आरंभ होने वाले दूसरे चरण के लिए नए अभ्यासी आश्रम पहुंचने लगे। गुरु के सान्निध्य में साधना और आध्यात्मिक उन्नति की अभिलाषा लिए उनके चेहरों पर उत्साह झलक रहा था। बसंत उत्सव का प्रथम चरण विरह और मिलन, वेदना और उल्लास के संगम का साक्षी बना। आश्रम की शांत वायु में साधना की सुगंध बनी रही और आध्यात्मिक उन्नति की आशा नई ऊर्जा के साथ प्रस्फुटित होती रही।

### प्रेम और साधना के सान्निध्य में बंधे तीन युगल

**शाहजहांपुर** : बसंत उत्सव के दौरान राम चन्द्र मिशन आश्रम में तीन विवाह पवित्र रीति से संपन्न हुए। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल दाजी के सान्निध्य और आशीर्वाद में विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। रायबरेली के संदीप और अर्चना ने वरमाला विनिमय कर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। हल्द्वानी की ब्रजनीलता और रुद्रपुर के गणेश ने वैदिक परंपरा के साथ परिणय सूत्र में बंधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तीसरा विवाह कानपुर के शिवम और नागपुर की रितु का हुआ। तीनों नवदंपतियों को प्रसाद प्रदान कर दाजी ने उनके दांपत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं दीं और प्रेम, संयम तथा सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। बसंत उत्सव का यह अवसर विवाह को आत्मिक उन्नयन के शुभ आरंभ के रूप में स्थापित करता नजर आया।

# डीएम से पैमाइश कराकर जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार** : न्यायालय के आदेश के बावजूद गांव ढाका खुर्द कलां में एक विवाद भूमि की राजस्व टीम ने पैमाइश नहीं की है। इससे पीड़ित को उसकी भूमि पर कब्जा नहीं मिल सका। पीड़ित ने पैमाइश कर भूमि पर कब्जा दिलाने की जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार उसकी भूमि का बैनामा है। इस संबंध में लेखपाल शौर्य वर्धन व राजस्व निरीक्षक मनोज सक्सेना द्वारा पूर्व में पैमाइश कर रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा चुकी है। इसमें शेष भूमि 0.266 हेक्टेयर दर्शाई गई है।

● न्यायालय के आदेश के बावजूद नहीं की पैमाइश, न दिलाया कब्जा

मामले में सिविल जज (जू.डि.) बाह्य न्यायालय पुवायां ने 20 मई 2025 को आदेश पारित किया था।

आदेश में प्रतिवादी को वादी की शेष भूमि पर किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप अथवा अतिक्रमण से रोके जाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी थाना खुटार पुलिस को सौंपते हुए आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए थे। उसके बावजूद भी कोई भी निर्णय राजस्व टीम ने पैमाईश नहीं की गई।

पीड़ित ने बताया कि पुलिस का कहना है कि पहले शेष भूमि को राजस्व विभाग व उपजिलाधिकारी द्वारा चिन्हित कराया जाए। उसके बाद ही पुलिस बल के माध्यम से कब्जा दिलाया जा सकता है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी पुवायां ने नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी खुटार को अभिलेखीय व स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। राजस्व टीम ने कई बार पैमाइश की तारीख निश्चित की। लेकिन पैमाइश नहीं हो सकी। पीड़ित स्वर्ण सिंह नामधारी ने जिलाधिकारी से उसकी शेष भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उसे कब्जा दिए जाने की गुहार लगाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो तस्करों को किया गिरफ्तार, डोडा बरामद

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को रविवार की सुबह सूचना मिली कि कसारी पेट्रोल पंप के पास दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी अरविन्द सक्सेना निवासी चौरा वगरखेत थाना कलान और अखिलेश राठौर निवासी जरीयनपुर थाना मिर्जापुर है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह किलो डोडा का पोस्ता, दो मोबाइल और 60 रुपये बरामद किए है। पूछताछ कि दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वह बेरोजगार है। डोडा का पोस्ता ढाबा के आस-पास ट्रक चालकों को बेचते हैं।

### कुंडल झपटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव मूर्छा निवासी अनिल कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी पत्नी ललिता दीक्षित तीन दिन पूर्व मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थी। रास्ते में बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसकी पत्नी के कानों में झपट्टा मारकर सोनें के कुंडल लूटकर भाग गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

# चौकीदार ने ट्रैक्टर चालक को पीटकर मारडाला

## मदनापुर थाना क्षेत्र के बंदहा गांव में युवक से प्लाट पर जबरन मिट्टी डलवाना चाह रहा था आरोपी

- गांव में हत्या की सूचना पर सीओ सदर ने किया मौका मुआयना
- मजदूरी पेशा करने वाले परिवार में बेटे की हत्या से कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक शोभित।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मदनापुर क्षेत्र के बंदहा गांव में मिट्टी डालने से ट्रैक्टर चालक ने मना कर दिया तो चौकीदार ने अपने साथियों की मदद से युवक को लोहे की राड और डंडे से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी मदनापुर पर लेकर आए। जहां डाक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकीदार अपने साथियों के साथ मौका पाकर भाग गया। सीओ सदर प्रयांक जैन मौके पर पहुंचे और मृतक के परिवार वालों से जानकारी की।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बंदहा निवासी 19 वर्षीय शोभित गांव के बलकार सिंह का ट्रैक्टर चलाता था। वह गांव से मिट्टी निकालकर ट्रैक्टर-ट्राली पर लोड करके इधर-उधर मिट्टी डालता था। शनिवार की शाम चौकीदार ने उसे रोका और कहा कि हमारी जमीन पर मिट्टी पड़ेगी। शोभित ने चौकीदार से कहा कि मालिक से पूछने के बाद मिट्टी डालेंगे। इस बात पर चौकीदार को गुस्सा आ गया। आरोप है कि चौकीदार ने शोभित को जान से मारने की धमकी दी थी। रविवार की सुबह छह बजे शोभित ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मिट्टी लेने जा रहा था। गांव में ही चौकीदार तथा उसके साथियों ने शोभित को घेर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर लोहे की राड और डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीखपुकार सुनकर उसके परिवार वाले मौके पर पहुंचे। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पिता करते थे मजदूरी, बेटा चलाता था ट्रैक्टर

मृतक शोभित की शादी नहीं हुई थी। उसके पिता रामबरन मजदूरी करते थे। परिवार में उसकी मां सुखविंद्रा, एक बड़ा भाई अंकित और छोटी बहन रजनी है। मृतक के पिता मजदूरी करते हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिवार में रोना पीटना मच गया। उसके दरवाजे पर गांव वालों की भीड़ लग गयी और एक की जुबान से निकल रहा था कि बुरा हुआ।

परिवार वाले घायल शोभित को लेकर सीएचसी मदनापुर पर ले गए। जहां डाक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। डाक्टर ने घायल शोभित को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार वालों ने मदनापुर थाना पर सूचना दी।

प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सीओ सदर प्रयांक जैन ने मौके पर पहुंचकर परिवार वालों से जानकारी की। मृतक के पिता रामबरन ने बताया कि चौकीदार ने कहा कि उसके प्लाट पर मिट्टी डाल दो। शोभित ने कहा कि मालिक से पूछकर डालेंगे। इसी बात से चौकीदार नाराज हो गया। आरोप है कि चौकीदार ओर उसके साथियों ने पीटकर हत्या कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने से मौत का मामला उलझा

- मृतक के बेटे ने दर्ज कराई थी हत्या की एफआईआर

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंगरा के जंगल में गर्रा नदी किनारे 11 जनवरी को राईखेड़ा के 55 वर्षीय सोनपाल का शव संदिग्ध हालात में मिला था। अखबारों से जानकारी मिलने पर बलवीर ने शव की पहचान पिता सोनपाल के रूप में की थी। उन्होंने मां नन्ही देवी और रिश्तेदारों के साथ नगरिया मोड़ पुलिस चौकी पहुंचकर सूचना न देने का आरोप लगाते हुए हाईवे जाम किया था। बलवीर ने तालबीपुर द्विवरिया के रामचंद्र और उसके भाई सचिन पर फोन कर बुलाने, दामोदर, उसके पुत्र मनोज और एक अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस हत्या की दिशा में जांच कर रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आने से मामला उलझ गया है। घटनास्थल पर रस्सी या कपड़ा न मिलने से आशंका जताई जा रही है कि मौत कहीं और हुई और शव नदी किनारे लाया गया। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि नए सिरे से जांच की जा रही है।

### सोनपाल के अंतिम संस्कार में नहीं आई पुत्रवधू

तिलहर, अमृत विचार : जानकारी के अनुसार सोनपाल के पुत्र बलवीर का पत्नी से कई वर्षों से विवाद चल रहा है। पत्नी 14 वर्षीय पुत्री और 12 वर्षीय पुत्र के साथ बीसलपुर में अलग रह रही है। सोनपाल की मौत की सूचना देने के बावजूद बलवीर की पत्नी और बच्चे अंतिम दर्शन के लिए नहीं पहुंचे। बताया गया कि सोनपाल अपनी पुत्रवधू और पोते-पोती से मिलने बीसलपुर जाते थे। उन्होंने शाहजहांपुर के गदियाना मोहल्ले में एक मकान पुत्रवधू के नाम कर रखा है। पुलिस इस पारिवारिक पहलू की भी जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो की मौत

- मदनापुर में खंभे से टकराई बाइक, बंडा में कार ने महिला को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक तेजपाल।



मृतका मुन्नी।

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मदनापुर क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। इधर, बंडा क्षेत्र में महिला को सड़क पार करते समय वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसकी अस्पताल में मौत हो गई।

कांट थाना क्षेत्र के गांव पिपरौला बंजर निवासी 50 वर्षीय तेजपाल दो दिन पहले अपनी पत्नी गीता देवी के साथ अपनी बेटी पूजा के घर मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव कुनिया जमालपुर में आए थे। उनके साथ उनका भतीजा अखिलेश निवासी रामनगर थाना मिश्रिख जिला सीतापुर भी थे। रविवार की सुबह तेजपाल अपने भतीजे अखिलेश के साथ बाइक से मदनापुर से अपने गांव कांट लौट रहे थे। गांव के बाहर गुमटा मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी, जिससे तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अखिलेश के मामूली चोट आई थी। मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी मदनापुर भेज दिया। यहां डॉक्टर ने तेजपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अखिलेश का उपचार चल रहा है। उसकी पत्नी गीता देवी और दो बेटे तथा दो बेटियों का रो-रोकर बुराहाल है। उसका बड़ा बेटा सुनील विवाहित है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक खंभे से टकरा गयी थी, जिससे तेजपाल की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी 50 वर्षीय मुन्नी 12 फरवरी की शाम डेयरी पर दूध लेने के लिए पैदल जा रही थी। रास्ते में सड़क पार करते समय कार ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गयी। घायल महिला को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। रविवार की सुबह घायल मुन्नी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतका के भाई नसीर ने बताया कि उसके पति खलील अहमद की पहले मौत हो चुकी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि हादसा बंडा क्षेत्र में हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कांवड़ियों की बाइक फिसली, तीन घायल

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीननगर के दो दर्जन से अधिक लोगों का जत्था कांवड़ लेने फर्रुखाबाद के लिए शनिवार की शाम को निकले थे। जत्था में सात बाइकें शामिल थी और कुछ लोग पैदल चल रहे थे। रविवार की सुबह सभी लोग फर्रुखाबाद से जल लेकर मदनापुर क्षेत्र में फिरोजपुर धाम पर लौट रहे थे। जलालाबाद क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार पैदल चल रहे एक कांवड़िये के टक्कर मार दी। बाइक सवार भाग गया। लोगों ने उसका पीछा किया तो बाइक सड़क पर फिसल गयी, जिससे बाइक पर सवार विकास मौर्य, जितिन ओर विवेक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी जलालाबाद भेज दिया गया। घायल कों मेडिकल कालेज भेज दिया।

# शिवरात्रि पर ऋषि बोधोत्सव का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** टाउन हाल स्थित आर्य समाज मन्दिर में शिवरात्रि के पावन पर्व पर स्वामी दयानन्द ऋषि बोधोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातः काल यज्ञ एवं सत्यंग में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आर्य विद्वान आचार्य चन्दन मित्र शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि शिवरात्रि के दिन महर्षि दयानन्द को बोध हुआ था, वे सच्चे शिव की खोज में घर से निकल पड़े और संसार को सच्चे शिव का बोध कराया।

आचार्य चन्द्र देव शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने हिन्दू जनता को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। आचार्य श्रुति भास्कर ने कहा कि महर्षि दयानन्द वेदों के प्रकाण्ड विद्वान थे। उन्होंने स्त्री शिक्षा दलितोद्धार के महान कार्य किए। गुरुकुल के छात्र सुशांत आर्य एवं सूरज आर्य ने भजन सुनाकर सबका मनमोह लिया।

# रेल लाइन के किनारे मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

- शरीर पर मिले चोट के निशान, कुछ दूरी पर खड़ी मिली बाइक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कुलवंत गंगवार।

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में रेलवे लाइन के किनारे प्रॉपर्टी डीलर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसके शरीर में चोट के निशान है। शव से कुछ दूरी पर उसकी बाइक खड़ी थी। प्रापर्टी डिलर रात में घर से बाइक लेकर साइडिंग पर काम देखने के लिए निकले थे। उसका शव सुबह रेलवे लाइन के किनारे मिला। प्रथम दृष्टया में ट्रेन से आत्महत्या प्रतीत हो रही है।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर भूपत निवासी 30 वर्षीय कुलवंत गंगवार बरेली में प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। उनका साइडिंग में काम चल रहा था। वह शनिवार की शाम अपने घर पर आए थे। वह रात दस बजे अपने घर से बाइक लेकर पौकी गांव के लिए निकले। क्योंकि उनका पौकी गांव में आवासीय प्लाटिंग का काम हो रहा था। रात में पौने 11 बजे राप्ती गंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने देखा कि शारदा नहर पुल के पास रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव खून से लथपथ पर पड़ा है और रेलवे लाइन के किनारे बाइक खड़ी है। लोको पायलट ने कटरा स्टेशन मास्टर और रेलवे कंट्रोल को रेलवे लाइन के किनारे शव पड़े होने की सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने कटरा थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे लाइन के किनारे से हटाया। पुलिस ने रेलवे लाइन के किनारे खड़ी बाइक को कब्जे में ले लिया। इधर सूचना मिलने मृतक के परिवार वाले मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

# बारात से अगवा कर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम टड़ई निवासी रामसिया सक्सेना की पुत्री की 8 फरवरी को बारात आई थी। बारात में बदायूं जिला के थाना कादर चौक निवासी प्रेमपाल सक्सेना का 17 वर्षीय पुत्र मोरपाल सक्सेना भी शामिल था। रात करीब 9 बजे वह बारात से हटकर लघुशंका के लिए गया, तभी बाइक सवार कुछ लोग तमंचे की नोक पर उसे पकड़कर ले गए। आरोप है कि उसे बदायूं जिला के गंगा घाट ले जाकर मारपीट की गई। शोर मचाने पर लोगों ने उसे छुड़ाया, जबकि आरोपी फरार हो गए। मोरपाल सक्सेना ने टड़ई गांव आकर घटना की जानकारी दी। परिजन उसे कलान थाने ले गए, जहां तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना क्षेत्र के गनिवास टड़ई निवासी गिरिजा शंकर पुत्र संतोष सिंह और ग्राम आंधीदेही निवासी दीपक पुत्र नन्हे जोशी के विरुद्ध शनिवार शाम को रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने जांच उपनिरीक्षक रामकुमार को सौंपी है।

# हज के दौरान गुस्सा न करें और आत्मसंयम बरतें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कैंप में हज की जानकारी देते हज ट्रेनर।

**अमृत विचार :** रविवार को नूरी मरकज़ (रजिस्टर्ड) तारीन में विशेष हज ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 35 आजमीन-ए- हज का ट्रेनिंग दी गई।

कैम्प का आगाज हाफिज इस्लाम बरकाती ने तिलावते कुरआन व नात ख्वानी से किया। तत्पश्चात हज ट्रेनर जाने आलम बरकाती ने हज में एहराम बांधने, उमरा और काबा शरीफ का तवाफ करने का तरीका बताया।

हाजी मुन्ना खां सकलैनी ने हज के पांच दिनों के बारे में तालीम दी, सफा व मरवा के बीच सात चक्कर लगाने के आदाब सिखाये। इसके अलावा उन्होंने दौरान हज मिना, मैदाने अराफात व मुजदलफा पर इबादत करने व जमरात पर रमी करने का तरीका समझाया। सदर कमेटी हाजी इम्तियाज अली खां एडवोकेट ने कहा कि सभी हाजी लोग उस पाक मुकाम पर पहुंचने पर अपने देश-प्रदेश की खुशहाली की दुआ भी करें। हज के दौरान गुस्सा न करें और आत्म संयम बरतें। हाजी मसूद अख्तर खां ने बताया कि हज यात्रियों का टीकाकरण 17 फरवरी को किया जायेगा। यह टीकाकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी की चिकित्सा टीम द्वारा पुराने अस्पताल के मीटिंग हाल में 11.00 बजे सुबह से अपराहन् 02.00 बजे तक किया जायेगा। हाजी इजहारूल हक उर्फ खान मियां ने सभी ट्रेनर्स और आजमीन को ट्रेनिंग में भाग लेने के लिए बधाई दी।

# बंडा में धूमधाम से निकली भगवान शिव की भव्य बारात

- महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने झांकियों के साथ किया जयघोष

संवाददाता, बंडा



बंडा में महाशिवरात्रि पर निकली भगवान शिव की भव्य बारात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को महाशिवरात्रि पर्व पर नगर में भगवान शिव की भव्य बारात श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। बंडा-बिलसंडा मार्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई बारात में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

सुबह से ही मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंदिर को फूलों, झालरों और रंगीन लाइटों से सजाया गया। भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, नंदी और शिवगणों की आकर्षक झांकियां तैयार की गईं, जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दोपहर करीब एक बजे शिव बारात का शुभारंभ किया गया। भगवान शिव की सुसज्जित झांकी को विशेष रथ पर विराजमान कर नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए निकाला गया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर शिवभक्त झूमते नजर आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर दुकानदारों और समाजसेवियों की ओर से फल, हलुआ, पूड़ी सहित प्रसाद के स्टाल लगाए गए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक और बंडा इंस्पेक्टर प्रदीप राय पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरें ने भी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। सीएचसी बंडा में चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा के निर्देशन में सुनासिर नाथ धाम पर चिकित्सीय शिविर लगाया गया तथा शिव बारात के दौरान मोबाइल टीम भी तैनात रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बच्चों के विवाद में गोली चलने से गांव में मची अफरा-तफरी

- नेत्र शिविर के दौरान झड़प, तीन घायल जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के नौसारा झपुला गांव में रविवार शाम करीब तीन बजे बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गोली चलने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया।

बताया गया कि बरेली के एक निजी अस्पताल की ओर से नौसारा गांव में कमलेश यादव की बैठक में नेत्र शिविर लगाया गया था। इसी दौरान डॉक्टर के एक सहकर्मी की बाइक से गांव के अवनीश की सात वर्षीय बेटी आन्या टकरा गई। आरोप है कि टक्कर के बाद बाइक सवार ने बच्ची को थप्पड़ मार दिया। इस पर परिजन नाराज होकर शिविर स्थल पहुंच गए और कर्मचारियों से विरोध जताया।

कमलेश यादव पक्ष के लोगों के विरोध करने पर मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर तथा लाठी-डंडे चलने लगे। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 के सामने फायरिंग होने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर में दो लोगों पर अवैध असलहे से फायरिंग का आरोप है। तहरीर के अनुसार गोली कोम सिंह 33 वर्ष पुत्र कलट्टर को लगी है, जबकि अवनीश और दीप सिंह पुत्र कलट्टर को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी जरियनपुर ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामले में कलट्टर सिंह की ओर से चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। फिलहाल मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। घटनास्थल ईंट-पत्थरों से पटा मिला। थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि फायरिंग की बात गलत है, दोनों पक्षों में ईंटबाजी हुई है।

# अधिवक्ता को घेरकर हमला, फायरिंग का आरोप

- घर में घुसकर परिवार के अन्य सदस्यों को जमकर पीटा

संवाददाता, पुवायां



घायल युवक। ● अमृत विचार



घायल बुजुर्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नाहिल में रविवार सुबह कुछ लोगों ने अधिवक्ता को घेरकर जानलेवा हमला किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिवक्ता को उपचार के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

गांव नाहिल निवासी वीरेंद्र शुक्ला पुत्र सतीश चंद्र शुक्ला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके भाई शैलेन्द्र शुक्ला रविवार सुबह शाहजहांपुर जा रहे थे। आरोप है कि गांव से कुछ दूरी पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और उन पर फायर कर दिया। इससे वह नीचे गिर पड़े। इसके बाद आरोपियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और गंभीर चोटें पहुंचाईं। पीड़ित के अनुसार, हमलावर यहीं नहीं रुके। आरोप है कि वे लोग शैलेन्द्र के घर में घुस आए और उनके पिता पर भी जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे धीरेंद्र के पुत्र आचमन को भी बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि हमलावरों ने घर के भीतर रायफल से फायरिंग की, जिससे अन्य परिजन बाल-बाल बच गए। घटना के बाद परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए एक घायल को रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# दरोगा-सिपाही पर पिटाई का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

- खुटार के सिल्हुआ विवाद मामले में लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिल्हुआ में रहने वाले सत्यपाल यादव ने जनसुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में बताया कि उसका गांव में रहने वाले जंडेल सिंह से मकान को लेकर विवाद चल रहा है।

गुरुवार रात करीब 9:30 बजे के करीब दिनों पक्षों में इसी मकान पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया था। विवाद की सूचना पर दरोगा विवेक तेवतिया, सिपाही राहुल दयाल एक अन्य सिपाही के साथ प्राइवेट कार मौके पर पहुंच गए थे। आरोप है कि दरोगा विवेक तेवतिया और सिपाहियों ने दूसरे पक्ष पर कुछ कहने की बजाए सत्यपाल को ही पकड़ लिया था और उससे एक लाख रुपए की सुविधा शुल्क देने की मांग की। सुविधा शुल्क देने से मना करने पर दरोगा विवेक तेवतिया व दोनों सिपाही उसे थाने के पीछे बने सरकारी आवास में ले गए। जहां उसकी डंडों से बेरहमी से पिटाई की। इसके बात रात 1 बजे के करीब पुलिस दोबारा उसके घर पहुंची और घर पर उसकी पत्नी, नाबालिक बेटी व परिवार की अन्य महिलाओं के साथ मारपीट कर घर में रखा सारा सामान, शौचालय का दरवाजा भी तोड़ दिया। 13 फरवरी की सुबह पुलिस ने सत्यपाल का शांतिभंग में चालान कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

# सेल्फ फेल होने से बंडा की रोडवेज बस रद्द, यात्री परेशान

- शाम सात बजे रवाना होने वाली बस स्टैंड पर ही हुई खराब
- घंटों इंतजार के बाद बस निरस्त होने की दी गई सूचना

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** परिवहन विभाग की रोडवेज बसों की स्थिति को लेकर यात्रियों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कभी बिना पूर्व सूचना के बसें निरस्त कर दी जाती हैं तो कभी तकनीकी खराबी के चलते बसें गंतव्य तक नहीं पहुंच पातीं। रविवार शाम इसका खामियाजा बंडा वाया पुवायां जाने वाले यात्रियों को उठाना पड़ा।

शाहजहांपुर से बंडा वाया पुवायां चलने वाली रोडवेज बस, जो शाम सात बजे रोडवेज बस स्टैंड से रवाना होती है, सेल्फ खराब होने के कारण स्टैंड पर ही खड़ी रह गई। बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को लंबे समय तक खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा।

बाद में जानकारी दी गई कि तकनीकी खराबी के चलते बस को निरस्त किया जा रहा है। बस निरस्त होने के बाद भी परिवहन विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक बस की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे यात्रियों को मजबूरन डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि आए दिन बसों में खराबी के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# अल्हागंज में हादसे में चौथे युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** अल्हागंज थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल चौथे युवक की भी मौत हो गयी। उसका इलाज बरेली के एक अस्पताल में चल रहा था। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी आनंदपाल अपनी बहन सविता का तिलक चढ़ाने कार से 09 फरवरी को फर्रुखाबाद जा रहे थे। अल्हागंज क्षेत्र में ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी, कार में सवार कई लोग घायल हुए थे। जबकि लड़की के भाई आनंदपाल ओर बरेली के सुरेशपाल की मौके पर मौत हो गयी थी। तीसरे दिन मृतक आनंदपाल के पिता छोटेलाल की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। घायल 18 वर्षीय दिपांशु की बरेली के एक अस्पताल में शनिवार की रात मौत हो गयी। मृतक दिपांशु जीआईसी में कक्षा आठ में पढ़ता था। वह मां-बाप का इकलौता बेटा था। एक बहन दिपांशी है। परिवार में कोहराम मच गया।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# मोदी-योगी सरकार ने बदली देश-प्रदेश की तस्वीर

## गोदामों का लोकार्पण कर बोले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, डिजिटल व्यवस्था और सोलर पैनल पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





काले आलू की खेती की जानकारी लेते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, डीपीएस राठौर व अन्य।



जनसमूह को संबोधित करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड कांट के मोहनपुर ममरेजपुर में रविवार को सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने 250 एमटी क्षमता के नवनिर्मित गोदाम का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके साथ ही जिला की विभिन्न समितियों में 100 एमटी क्षमता के नए गोदामों व जीर्णोद्धार किए गए अनेक गोदामों का भी उद्घाटन किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसानों और गरीबों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 7500 समितियां हैं, जिनमें पहले केवल 1400 सक्रिय थी, लेकिन अब सरकार प्रत्येक समिति के जीर्णोद्धार और गोदामों की मरम्मत व निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपये उपलब्ध करा रही है। साथ ही बिजली की समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक समिति पर दो किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग को डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है।

समितियों में व्यापार बढ़ने और गोदामों के उपयोग से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और सचिवों का वेतन समय पर जारी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन अब प्रदेश विकास मॉडल के रूप में पहचान बना रहा है। सरकार वृद्धावस्था और विधवा पेंशन को 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने जा रही है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका की ओर से लगाया जाने वाला टैरिफ टैक्स 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा क्षेत्र में अमेरिका से 2.5 बिलियन डॉलर के हार्पून मिसाइल सिस्टम की खरीद को भी मंजूरी दी गई है, जिससे सैन्य क्षमता मजबूत होगी।

## मंत्री ने गंगा नगर फार्म पर की काले आलू की सराहना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● विधायक बोले- विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा क्षेत्र

**अमृत विचार :** कार्यक्रम के बाद मंत्री ने मुख्यमंत्री के खेती की बात खेत पर अभियान के अंतर्गत गंगा नगर स्थित प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा के फार्म हाउस का निरीक्षण किया।

वहां काले आलू, हॉलैंड प्रजाति के आलू, गन्ना, मटर, सरसों और लहसुन की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि काले आलू विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं और इनकी खेती किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है। सांसद अरुण सागर ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से कार्य कर रही है।

एमएलसी सुधीर गुप्ता ने सहकारिता विभाग में पारदर्शिता और डिजिटलीकरण की सराहना की। विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि मंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता वीर विक्रम सिंह, जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, बैंक सचिव सौरभ द्विवेदी, विभिन्न ब्लॉक प्रमुख, पैक्स अध्यक्षों सहित विभागीय अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मेधावी बच्चों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित





आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कोठी उस्मान बाग़ स्थित आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विद्यालय का 20 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का आगाज़ कक्षा 3 के अफ़ज़ल ने नात पाक तथा कक्षा 8 की तनु सक्सेना ने सरस्वती वंदना से किया। अनाबिया, इंशा, जमैमा, फिरदौस, रीवा, आयशा, कुलसुम, सगूफी, माहिरा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। "आज है संडे" गीत पर अयान, अक़दस, सोहराब खान,सरजिल, अरहम, जोया, अलीना, अदीबा, आतिफा ने मस्ती भरा एक्शन डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद "ऑल इज वेल ''"हास्य नाटक अदीना, सुभान, अब्बास, इल्म, दानिश, अलीशा, अल्तमस, बिलाल ने प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य निक़हत नसीम शान ने विद्यालय की उपलब्धिया की जानकारी दी। मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा ने बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नरगिस रईस, अर्शी, वसीम, रुमाना, कहकशां लोधी अलवीरा को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के प्रोग्राम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अर्शी ने किया। इस अवसर पर शाकिर खान, प्रो इफज़ालुर्रहमान खान, डॉ सैफ खान, मो नईम खान, मो आसिफ खा, वसीम मीनाई, जगदीश कुशवाहा, यूसुफ अली, मनोज, लतीफ़, मसूद हसन खान, इमरान तौक़ीर आदि उपस्थित रहे।

## उर्दू साहित्यकार को दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मशहूर उर्दू कहानीकार व शायर डा. यूसुफ गौहर की 15वीं पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

रविवार को ऐमनजई जलाल नगर स्थित काशाना-ए-गौहर में उर्दू कहानीकार व शायर डा. यूसुफ गौहर की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर हाफिज फिरासत उल्ला खां ने कहा कि यूसुफ गौहर एक शायर, कहानीकार, साहित्यकार और उर्दू पत्रिका उफुक-ए-नौ के सम्पादक होने के साथ-साथ एक मिलनसार और सहृदय व्यक्ति थे। वरिष्ठ शायर यासिर, शायर हमीद खिजर, कारी कलामुद्दीन मंजरी, अधिवक्ता इरशाद अली खां, हाफिज मेहराब हुसैन, वारसी, अमानत उल्ला नूरी, आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 456 मरीजों की हुई जांच

● 10 मरीजों में मिला मोतियाबिंद होगा नि:शुल्क ऑपरेशन
● 110 की ब्लड शुगर, 132 की ब्लड प्रेशर की जांच की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





रौसर कोठी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को ग्राम रौसर कोठी में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 456 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन बंथरा स्थित अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा।

शिविर में 110 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 132 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच मुफ्त की गई। 386 मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए।

स्वास्थ्य टीम और पीआरओ ने लोगों को नियमित जांच कराने के प्रति जागरूक किया तथा परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। यह कार्ड 200 रुपये में बनता है और एक वर्ष के लिए मान्य रहता है। शिविर में समाजसेवक शुभम मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। सामान्य रोग विभाग और नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शुभम, डॉ. स्वप्निल, पीआरओ मोहित थापा तथा पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## खण्डर में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** युवक अपनी ससुराल गया था। उसका शव खण्डर के मकान में मिला है। एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल के एक खंडहर मकान में मिला है। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी 30 वर्षीय रामशंकर की शादी पांच साल पहले निगोही थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर में हुई थी। उसके ससुर का नाम नत्थूलाल है। वह अपनी ससुराल में रहता था। रविवार की सुबह दस बजे गांव में खेलते हुए सत्यवीर के खण्डर मकान के पास पहुंच गए। बच्चों ने देखा कि एक युवक का बेहोशी की हालत में पड़ा है। बच्चों ने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ लग गयी। नत्थूलाल ने जाकर देखा कि उसके दामाद रामशंकर बेहोशी की हालत में पड़े थे। वह अपने दामाद को सीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने रामशंकर को मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं है। मौत की खबर से पत्नी और दो बच्चों का रो-रोकर बुराहाल है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## जीप की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, मां-बेटी समेत 5 घायल

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** रविवार दोपहर रटा गांव मोड़ के पास तेज रफ्तार जीप की साइड लगने से सवारियों से भरा ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में मां-बेटी समेत पांच लोग घायल हो गए।

निगोही से चालक अनीस ई-रिक्शा में सवारियां लेकर तिलहर आ रहा था। रास्ते में सामने से आ रही तेज रफ्तार जीप ने ई-रिक्शा को साइड मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे के बाद जीप चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में पीलीभीत जिला के बीसलपुर नगर के मोहल्ला पटेलपुर निवासी बिटोला देवी, उनकी पुत्री गायत्री, नजरपुर मोहल्ला के अनस, नवदिया धूसर गांव के छोटेलाल और सर्वेश घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ई-रिक्शा को खाई से बाहर निकलवाया और घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

गौरतलब है कि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आदेश के बावजूद ई-रिक्शा नेशनल हाईवे और लिंक रोड पर सवारियां भरकर चल रहे हैं। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777


## 800 गज का प्लाट और 13 बीघा बाग बना हत्या की वजह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक के बड़े भाई अवधेश सिंह।



घायल राम रहीश।



भतीजा प्रशांत सिंह। वीरेश सिंह इनके साथ रहते थे।

● घायल प्रशांत ने भाइयों पर सरिया और गोली चलाने का लगाया आरोप
● एक भतीजे के साथ रह रहते थे वीरेश, परिवार में लंबे समय से चल रहा था विवाद

**अमृत विचार:** वीरेश सिंह अविवाहित थे और पिछले करीब दो वर्षों से अपने भतीजे प्रशांत के साथ चौक कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी में रह रहे थे। बताया गया कि प्रशांत का अपने भाइयों प्रदीप, संजीत, सुरजीत और विपिन से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पारिवारिक तनाव के चलते वीरेश गांव से अलग होकर प्रशांत के साथ रहने लगे थे।

प्रशांत के पिता अवधेश सिंह चाहते थे कि प्लाट और बाग सभी बेटों के नाम हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा था। अवधेश ने घटना को अलग ही तरह से बताया है। उनका कहना है कि बेटा प्रदीप थार गाड़ी में पेट्रोल भरवाने गया था। इसी दौरान खमरिया गांव में वीरेश और प्रशांत तीन अन्य लोगों के साथ खड़े थे। प्रदीप वहां पहुंचा और उसी बीच गोली चली, जो वीरेश के सिर में लगी और उनकी मौके पर मौत हो गई। अवधेश का कहना है कि उनके पांच बेटों ने मिलकर 800 गज का एक प्लाट खरीदा था, लेकिन बाद में प्रशांत ने उसे अपने नाम दर्ज करा लिया और वहां आटा मिल स्थापित कर दी। इसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद बढ़ता गया। जबकि घटन के समय मृतक वीरेश के साथ रहे भतीजे घायल प्रशांत के अनुसार वह अपने चाचा वीरेश सिंह, नत्थू सिंह, हवलदार और एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से गोगेपुर मंदिर में जल चढ़ाने जा रहा था। रास्ते में थार में सवार प्रदीप और चंदन ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। कार छोटी होने के कारण वह किनारे हो गए, तभी पीछे से आई स्कॉर्पियो ने भी जोरदार टक्कर मारी। प्रशांत ने आरोप लगाया कि स्कॉर्पियो में उनके पिता अवधेश और भाई सुरजीत सवार थे। टक्कर के बाद वीरेश को कार से उतारकर पहले सरिया से हमला किया गया और फिर दो गोलियां मारी गईं। उसने सुरजीत और संजीत पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। प्रशांत ने यह भी बताया कि खमरिया गांव में 13 बीघा का बाग 30 लाख रुपये में खरीदा गया था। इसके लिए उधार लेकर भुगतान किया गया था। उस समय भाइयों ने भरोसा दिलाया था कि बाद में मिलकर रकम चुका देंगे। बाग की खरीद में वीरेश ने मध्यस्थता की थी। जब भुगतान नहीं हुआ तो वीरेश ने भाइयों से प्रशांत का पैसा लौटाने को कहा। प्रशांत का आरोप है कि 40 लाख रुपये का गबन हुआ और इसी के बाद से उन्हें और उनके चाचा को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें होने लगीं। बाग पिता के नाम पर दर्ज था। प्रशांत के मुताबिक, जब भुगतान नहीं हुआ तो उसने बाग वापस करने या बेचकर रकम लौटाने की बात कही, लेकिन पिता इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी संपत्ति विवाद ने परिवार में दरार को और गहरा कर दिया। इसी विवाद के चलते उसके सगे भाई व मृतक वीरेश के सगे भतीजों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एक ही रात में छह निजी नलकूपों की केबल चारी

**बितरोई, अमृत विचार :** चोरों ने एक ही रात में मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव मुड़सान स्थित छह निजी नलकूपों को निशाना बनाया। जिससे किसान परेशान हैं। प्रधान समेत अन्य किसानों ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। गांव के प्रधान गजेंद्र सिंह और किसान अस्तम पुत्र हबीब, रुस्तम पुत्र अकबर, कन्हई पुत्र बाल किशन, ओमप्रकाश पुत्र भीकम ने रविवार को तहरीर देकर बताया कि 14 फरवरी की रात चोरों ने उनके खेतों पर लगे निजी नलकूपों के कनेक्शन काट लिए और सभी की केबल चोरी करके ले गए। जिसकी वजह से सिंचाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और घटना का खुलासा करके केबल बरामद कराने की मांग की है।

### ककराला में आज आठ घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**ककराला, अमृत विचार :** नगर के सभी बिजली उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया है कि जाता है कि सोमवार को स्थानीय बिजली घर पर मशीनों की मरम्मत की जाएगी। इसलिए 16 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए अवर अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि काम पूरा होने के बाद शाम को सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

### घर से सामान चोरी पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के सागर ताल निवासी शमा परवीर ने तहरीर देकर बताया कि वह दिल्ली में रहकर कारोबार करते हैं। उन्होंने तीन महीने पहले अपना मकान सोहेल खान उर्फ मुन्ना और उनकी पत्नी नाजरीन को 4000 रुपये प्रतिमाह किराए पर दिया था। मकान बड़ा है। जिसके दूसरे हिस्से में उनके तांबा, पीतल के लगभग तीन लाख रुपये का सामान रखा था। आरोप है कि सोहेल खान, उनके पिता नवाब खान व मां रुखसाना, पत्नी नाजरीन, भाई राजू ने घर से सामान चोरी कर लिया। वह 5 फरवरी की रात 12 बजे वह घर पहुंचे तो ताले टूटे थे। सामान गायब था। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।


बिरुआबाड़ी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मंदिर के बाहर कतारबद्ध खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार


फूल-पत्तियों से सजा शिवालय। ● अमृत विचार

# जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले भर में रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों में भक्तों का हुजूम उमड़ा तो हर-हर बम-बम की गूंज दूर तक सुनाई दी। भोर से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। लोगों ने व्रत रखकर मंदिरों में बेलपत्र अर्पित किये। पूरे दिन मंदिर परिसरों में बोलबम और हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजते रहे। कई स्थानों पर विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया।

शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर, गौरी शंकर मंदिर और हर प्रसाद मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालु हाथों में जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। सुबह होते-होते मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इनमें भी महिलाओं और बच्चों की संख्या सर्वाधिक थी। भक्तों ने शिव शंकर के साथ ही भगवान गणेश, कार्तिकेय व नंदी समेत पूरे शिव परिवार पर जल चढ़ाया। बेलपत्र, धतूरा, बेर व पुष्प भी अर्पित किए गए। मंदिर के बाहर सपेरे नाग लिए बैठे थे। यहां भक्तों को नाग देवता का दर्शन व स्पर्श करने का अवसर मिला। प्रसाद से लेकर माला आदि की दुकानें भी मंदिर के बाहर लगी थी। शाम को विद्युत चालित झालरों से मंदिर परिसर जगमगा उठे। सायंकालीन आरती में भी लोगों ने भाग लिया। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस की तैनाती रही। वहीं शहर के साथ देहात क्षेत्रों के शिवालयों में भी भोर से जलाभिषेक का क्रम जारी रहा। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर दिनभर भजन-कीर्तन चलता रहा। मंदिर समितियों की ओर से भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद व फलाहार वितरित किया गया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष उत्साह दिखाई पड़ा। जिले में धार्मिक माहौल बना रहा।


ग्राम दहेमी में शिव मंदिर पर लंबी कतार में खड़े भक्त। ● अमृत विचार


प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की झांकी।


मंदिर के अंदर अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भगवान भोलेनाथ का श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**विजय नगला, अमृत विचार :** क्षेत्र भर में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। शिव मंदिरों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पर्व पर मंदिर परिसर में विशाल मेला लगा। स पास क्षेत्र के सैकड़ों महिलाओं पुरुषों बच्चों ने मेले का आनंद लिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर बिनावर स्थित भगवान शिव के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्ति और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत प्रोत नजर आया। पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। वहीं मंदिर परिसर में लगे मेला में महिला पुरुष और बच्चों ने भ्रमण कर आनंद लिया। इस अवसर पर डॉक्टर ओंकार शर्मा, आदेश शर्मा, सत्य बाबू साहू, सुदेश शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।


मंदिर परिसर में हवन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सहसवान में भक्तों ने शिव मंदिरों में चढ़ाया गंगा जल

**सहसवान, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के मोहल्ला शहबाजपुर स्थित भगवान शिव के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भक्ति और उत्साह के साथ जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक इस पावन पर्व में भाग लिया।

श्रद्धालुओं ने मंदिर में जलाभिषेक और मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की पूजा की और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर और आसपास का माहौल भक्तिपूर्ण और अनुशासित रहा, जिससे यह महाशिवरात्रि का पर्व यादगार और ऐतिहासिक उत्सव बन गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने स्वयं भगवान शिव के मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस प्रकार से पुलिस प्रशासन और स्थानीय अधिकारी भी श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में शामिल हुए।


मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की कतार। ● अमृत विचार

# जलाभिषेक को जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

● मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव नैथुआ और मिश्रीपुर मुकुइया के बीच देर रात हुआ हादसा

संवाददाता, बितरोई

**अमृत विचार :** मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


रवि शर्मा।

हादसा शनिवार देर रात थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ और मिश्रीपुर मुकइया के बीच में हुआ। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव गड़रपुरा निवासी रवि शर्मा (35) पुत्र धर्मपाल अपने साथी सचिन और मूंगे के साथ कछला स्थित भागीरथी घाट से गंगा जल लेकर जलाभिषेक करने के लिए वापस लौट रहे थे। दोनों गांवों के बीच पहुंचने पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। रवि शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि एक युवक की मौत हुई थी। वाहन की तलाश की जा रही है।

# मंडी समिति के सामने से हटाई अवैध दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सड़कों का चौड़ीकरण कार्य शुरू हो चुका है। इसके लिए फर्रुखाबाद रोड स्थित मंडी समिति के सामने से अस्थायी दुकानों को हटा दिया गया है और जेसीबी से खुदाई शुरू कर दी गयी है। खुदाई होने से स्थानीय दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

फर्रुखाबाद रोड पर पिछले एक साल से सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। उसावां तक पूरी सड़क दस मीटर की कर दी गयी है। पहले यह सड़क सात मीटर की थी। दोनों ओर तीन मीटर चौड़ी कर दी गयी है। लेकिन शहर के निकट सड़क चौड़ी नहीं हो सकी थी। यह कार्य रोक दिया गया था। अब लोक निर्माण विभाग ने सड़क के शेष हिस्से पर भी काम शुरू कर दिया है। मंडी समिति के सामने करीब आधा दर्जन सब्जी और फलों की दुकानें सड़क किनारे थीं। जो चार दिन पूर्व जबरन हटा दी गयी। रोड किनारे अस्थायी दुकानों की वजह से बड़े वाहन चालकों को परेशानी होती थी।


उसहैत रोड से दुकानें हटने के बाद जमीन पर बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार

● सड़क किनारे शुरू हुई खुदाई चौड़ी होगी सड़क

● फर्रुखाबाद और उसहैत रोड पर एक साथ शुरू हुआ काम

यहां पर कई बार दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए मगर दुकानदारों ने दुकानें नहीं हटायी। इस बार लोक निर्माण विभाग ने फर्रूखाबाद और उसहैत रोड पर किया गया अतिक्रमण हटा दिया। लोक निर्माण विभाग ने मंडी समिति रोड पर सड़क को चौड़ा करने को खुदाई शुरू कर दी है। सड़क किनारे बनी दुकानों के आगे मिट्टी डाल दी गयी है जिससे दुकानों के आगे अवरोध पैदा हो गया है। करीब पन्द्रह दिन में सड़क को चौड़ा किया जाएगा।

उसहैत रोड पर भी दुकान हटा दी गयी हैं जिसके बाद सब्जी विक्रेताओं ने जमीन पर दुकानें सजा रखी हैं। जिन्हें कभी भी हटा दिया जाएगा। दुकानदारों ने बताया कि सड़े चौड़ी हो रही है इसलिए दुकान हटा कर अब खुदाई होगी। मंडी समिति के सामने वाली सड़क भी दस फीट की होगी। साथ ही सड़क को कुछ ऊंचा भी किया जाएगा जिससे यहां पर जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

### नालों पर लगाया चेतावनी बोर्ड

मंडी समिति के सामने काफी समय से नाले का निर्माण कराया जा रहा था, जिससे पानी को बाहर की दिशा में निकाला जा सके। नाला निर्माण के समय भी करीब दर्जन भर खोखे और अतिक्रमण हटाया गया। वहां पर मिट्टी डाल कर ऊंचा किया गया है, जिससे सड़क का पानी बारिश में नाले से होकर बाहर निकल सके। फर्रूखाबाद और उसहैत रोड के नालों के आसपास भी अतिक्रमण हटाया गया है। नालों के ऊपर कोई भी दुकान न लगाए इसके लिए वहां पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है।

# आरटीईः पहले चरण में आवेदन को बचा एक दिन

● लोड बढ़ने से सर्वर पड़ा ठप, आवेदकों को हो रही परेशानी

● 16 फरवरी तक होने हैं आवेदन, संख्या 5 हजार के हुई पार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए पहले चरण में आवेदन प्रक्रिया के लिए मात्र एक दिन ही समय शेष बचा है। लेकिन संबंधित साइड पर लोड अधिक होने से सर्वर ठप हो गया। सुबह के समय पोर्टल कुछ देर चला लेकिन फिर बंद हो गया। फिर देर शाम तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। पोर्टल ठप होने की वजह से आवेदन करने वाले अभिभावकों के साथ साइबर कैफे संचालकों को भी दिक्कत हुई।

आरटीई के तहत पहले चरण में आवेदन प्रक्रिया दो फरवरी से शुरू हुई है। आवेदन की प्रक्रिया 16 फरवरी तक जारी रहेगी। जिसमें एक दिन का समय शेष बचा है। इस बार पिछले वर्षों से अधिक आवेदन हो रहे हैं। विभागीय कर्मचारियों की माने तो अब तक जिले भर में 5 हजार से अधिक आवेदन हो चुके हैं। अभी एक दिन का समय शेष बचा है। आरटीई पोर्टल पर लोड अधिक होने से साइट ठप हो गई है। यह स्थिति पिछले तीन दिनों से बनी हुई है। सुबह 10 तक पोर्टल सही काम करता है उसके बाद साइड व्यस्त होने की वजह से पोर्टल ठप पड़ जा रहा है। रविवार को भी यही स्थिति रही। सुबह 11 बजे के बाद पोर्टल ठप हो गया। उसके बाद नहीं चला। ऐसा होने से आवेदन करने वाले अभिभावकों और साइबर कैफे संचालकों को परेशान होना पड़ा। इस संबंध में बीएसए ने वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यालय स्तर से पोर्टल में तकनीकी खराबी आ जा रही है। साथ ही इस बार आवेदन अधिक संख्या में हो रहे हैं।

ऐसी स्थिति की वजह से ऐसा हो रहा है। जो अभिभावक प्रथम चरण में आवेदन करने से रह जाएंगे। वह दूसरे चरण में आवेदन कर सकते हैं।

### 18 फरवरी को निकलेगी लॉटरी

आरटीई के तहत प्रथम चरण के आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी है। 18 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। 20 फरवरी को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। बीएसए ने बताया दूसरे चरण में आवेदन 21 फरवरी से सात मार्च तक किए जाएंगे। नौ मार्च को लॉटरी और 11 मार्च को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। वहीं तीसरे चरण के आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च तक लिए जाएंगे। 27 मार्च को लॉटरी और 29 मार्च को स्कूल आवंटित किया जाएगा।

**समागम** — दातागंज के पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव परिसर में आयोजित किया गया हिंदू सम्मेलन

# आत्मशक्ति, संयम और धर्म की रक्षा का संदेश है महाशिवरात्रि

संवाददाता, दातागंज/बदायूं

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर परिसर भक्ति, आस्था और उत्साह का विशाल केंद्र बन गया। आरएसएस के सौ साल पूरे होने पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हजारों सनातनी एकत्र हुए। हर हर महादेव और बम बम भोले का जयघोष होता रहा। वक्ताओं ने कहा महाशिवरात्रि आत्मशक्ति, संयम और धर्म की रक्षा का संदेश देता है। इस अवसर पर भजन संध्या हुई। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक ने संत समाज को कंबल वितरित किए।

सम्मेलन के लिए सुबह से ही सनातनियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोग जयघोष करते हुए अपने वाहनों से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। पूरा परिसर लोगों से भर गया। मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 मधुसूदन आचार्य, महामंडलेश्वर संजीव गौड़, कथा व्यास पंडित मुमुक्षु कृष्ण, मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक सुधांशु, विश्व हिंदू परिषद की प्रांत संयोजक साधना सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज, दिव्यानंद योगीराज, रामदरशी मंचासीन हुए। भाजपा नेता ने माल्यार्पण करके सभी का स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर ने कहा कि सम्मेलन का विशाल जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि हिंदू समाज जाग चुका है। अब समय आ गया है कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें। हजारों लोगों का एकत्र होना नई चेतना और क्रांति की शुरुआत है। कहा कि धर्म और संस्कृति केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह समाज को जोड़ने और मजबूत बनाने का माध्यम हैं। कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और संस्कार हैं। अगर हम संगठित होकर कार्य करें तो समाज और राष्ट्र दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं पर विचार व्यक्त किए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा, सह संयोजक कालीचरण दिवाकर रहे। पूरा समय लोग उल्लास से भरपूर नजर आए। ब्रजेश कश्यप, धर्मेंद्र गुप्ता, विनोद अग्रवाल, आसित गुप्ता, मनोज सोलंकी, प्रवेश सिंह, इंद्रपाल सिंह, आकाश वर्मा और तहसील प्रचारक पवन भारत, विमल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


कंबल वितरित करते वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक।


हिंदू सम्मेलन में उपस्थित संत और अतिथि।


हिंदू सम्मेलन में सम्मानित अतिथि।

### सम्मेलन के बाद भजन संध्या में भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु

सम्मेलन के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। मुरादाबाद से आई गायिका शिल्पी कौशिक और बुलंदशहर से आए डीके राजा ने शिव भजन प्रस्तुत किए। बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। देश भक्ति और धार्मिक विषयों पर आधारित नृत्य और गीत प्रस्तुत करके मन मोहा।

दसवीं पुण्यतिथि
(16 फरवरी 2016)
स्व. श्रीमती मीना जौहरी



भावपूर्ण श्रद्धांजलि
मृत्यु एक सत्य है जिसे कोई टाल नहीं सकता है,
किसी अपने का जाना दिल को गहराई तक तोड़ सकता है,
आपके प्रियजनों को आपकी कमी हमेशा खलेगी,
लेकिन आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी।
-: श्रद्धावनतः :-
गोपाल नारायण जौहरी (पति), विशाल-मोनिका, दिव्यांश-रीतिका (पुत्र-पुत्रवधु), दीपाली-सत्येन (पुत्री-दामाद), पर्व, झिलमिल (धेवते, धेवती), रूनझुन, अन्वी, मान्यु, आन्या (पौत्र-पौत्री) मो. 8868871866, 8445583211, 9410405904
19, तिरूपति विहार कालोनी, नेकपुर, बदायूं रोड, बरेली

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463 7599211076

# खुले केबल बॉक्स से मंडरा रहा हादसे का खतरा

## बिजली निगम की लापरवाही: पास से गुजरने पर बच्चे हैं असुरक्षित, छुट्टा पशुओं की हो चुकी हैं मौतें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


स्टेशन रोड पर खुला केबल बॉक्स।


स्टेशन रोड पर दूसरा केबल बॉक्स।


रजी चौक पर खुला पड़ा केबल बॉक्स।

**अमृत विचार :** बिजली निगम की लापरवाही से शहर में दर्जनों बड़े केबल बॉक्स खुले पड़े हैं जिससे छुट्टा गोवंशों की कई मौतें हो चुकी हैं। छोटे बच्चों व अन्य लोगों को खतरा बना रहता है। अनेकों घटनाएं होने के बाद भी जिम्मेदार मौन साधे बैठे हैं। इनके अतिरिक्त दर्जनो छोटे केबल बॉक्स जगह जगह खुले हैं जिनसे तार लटक रहे हैं जिनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

शहर में जगह जगह लगाए गए केबल बॉक्स विभाग की लापरवाही से खुले पड़े हैं। खुले बॉक्स बंद कराने को स्थानीय लोगों ने बिजली निगम के जिम्मेदारों से कई बार गुहार भी की। लेकिन निगम ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे शहर में छोटे बड़े केबल बॉक्स हर सड़क चौराहे और मेन रोडों पर खुले पड़े हैं। खुले केबल बॉक्स से कई बार छुट्टा गौवंश की करंट की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। मोहल्ला कल्याण नगर में पिछले साल एक गौवंश खुले तार की चपेट में आ गयी थी उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। निगम के अधिकारियों ने केबल बॉक्स बंद कराने का भरोसा दिया। लेकिन बॉक्स एक साल बाद भी खुला पड़ा है। इसी तरह इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन रोड पर दिन रात हजारों लोग गुजरते हैं। इस रोड पर दो जगह पर बड़े केबल बॉक्स लगे हैं दोनो केबल बॉक्स खुले पड़े हैं जिनसे हर समय खतरा बना रहता है। खुले केबल बाक्स से छह माह पूर्व एक गोवंश कूड़ा खाते समय चिपक गयी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। लोगों ने बताया कि इधर छोटे बच्चे हर समय आते जाते हैं। जिन्हे खतरा बना रहता है।

उधर शहर के अंदर रजी चोक पर एक बड़ा केबल बॉक्स लगा है जो आधा खुला है। खुले बॉक्स से तार नीचे लटक रहे हैं। घनी आबादी होने के कारण भारी खतरा बना रहता है। इस केबल बॉक्स के निकट कूड़ा पड़ा रहता है। कूड़े पर बंदर दौड़ते हैं जो करंट की चपेट में आ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर माह बंदरों की मौत होती है। कई बार लोगों ने हाइडिल पर इसकी शिकायत की मगर कभी कार्यवाही नहीं की गयी।केबल बॉक्स बंद नहीं किया गया है।

### बाजारों में खुले पड़े हैं छोटे बाक्स

शहर के मोहल्लों में लगे छोटे छोटे केबल बॉक्स खुले रहते हैं। जिनसे स्थानीय लोगों को हर समय खतरा बना रहता है। सुभाष चौक से बड़े बाजार को जाने वाली सड़क पर दो जगह छोटे बॉक्स हैं जो दोनों खुले पड़े हैं। उनके दुकानदारों को खतरा बना रहता है। छोटे बौक्स कई बार स्थानीय दुकानदारों ने खुद बंद किए बाद में उन्हे खोल दिया गया जिससे दुकानदारों में रोष है।

> इस माह अनुरक्षण कार्य शुरू हो चुका है। जहां पर भी केबल बॉक्स खुले हैं उन्हे बंद कराया जाएगा। छोटे बॉक्स पिछले दिनों बंद कराए गए थे लेकिन लोग उन्हें खोल कर छोड़ देते हैं। बड़े और छोटे केबल बॉक्स कहीं पर भी खुले नहीं छोड़े जाएंगे। झूलती लाइनों को भी ठीक कराया जाएगा।
> **संजीव कुमार** - अधिशासी अभियंता प्रथम

### मकानों की छतों पर लटक रहीं केबल

शहर में सुभाष चौक से पनबड़िया बिजली घर की लाइन के तार कई जगह पर नीचे तक झूल रहे हैं। गद्दी चौक के निकट घनी आबादी के बीच मकानों की छतों से लटकते तारों से हादसों का भय बना रहता है। मोहल्ले के लोगों ने पनबड़िया बिजली घर पर इसकी शिकायत भी की लेकिन झूलते केबल और तारों को ठीक नहीं किया गया। कुछ मकानों के दरवाजे पर भी केबल लटक रहीं हैं। जिनसे हर समय खतरा बना रहता है।

# हरिद्वार और राजघाट से जल लेकर पहुंचे शिवभक्त


मंदिर के बाहर जलाभिषेक को खड़े शिवभक्त • अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र में चारों ओर शिव भक्ति की बयार बहती नजर आई। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग सुबह से ही केसरिया रंग में रंगा रहा, शिव भक्तों ने हरिद्वार और राजघाट से पैदल जल लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया।

रविवार को सुबह से ही कांवड़ियों की टोलियां ''बम-बम भोले'' और ''हर-हर महादेव'' के जयकारे लगाते हुए गंतव्य की ओर बढ़ती रहीं। श्रद्धा के साथ नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी नंगे पैर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को जोश से भरे दिखे। शिव तेरस के पर राजमार्ग शिव भक्तों से पटा रहा। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालु हरिद्वार और राजघाट से कांवड़ों में गंगाजल लेकर पहुंचे। लंबी दूरी तय करने की थकान उनके चेहरों पर भक्ति के उत्साह के आगे कहीं नजर नहीं आ रही थी। जगह-जगह सेवा शिविरों में भक्तों का स्वागत किया गया।खेड़ा दास स्थित शंकर मंदिर पंकड़ियां वाला शिव मंदिर वनखंडी शिव मंदिर सुरेशी पपडी आदि गांवों के मंदिरों पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मेलों में भी भारी भीड़ देखी गई। बच्चों और महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

# शिवरात्रि मेला व रासलीला का उद्घाटन

- कस्बा और गांव सुरसैना मंदिर परिसर में हुई रासलीला

संवाददाता, वजीरगंज


श्री कृष्ण और राधा रानी स्वरूपों की पूजा करते क्षेत्रीय विधायक महेश गुप्ता।

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर कस्बा स्थित मंदिर परिसर में मेला लगा। जिसमें कलाकारों ने रासलीला की। कस्बे के वार्ड पांच और गांव सुरसैना में लगे मेला और रासलीला का सदर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर तथा भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर शुभारंभ किया।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को सशक्त और जीवंत बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजन समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्रोत बनते हैं। कहा कि जिस प्रकार भोलेनाथ के भक्त मां भागीरथी के पावन तट हरिद्वार एवं कछला से पैदल यात्रा कर हर-हर बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धा भाव से जल से भगवान शिव को अर्पित करते हैं, उसी प्रकार हम सभी को अपने धर्म और कर्तव्यों के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर, मंडल अध्यक्ष राघव सिंह चौहान, डॉ. सुखदेव राघव, राहुल वार्ष्णेय, नरेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा एवं भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कस्बा वजीरगंज के प्राचीन सिद्ध पीठ स्थल भोलानाथ धाम पर शिव भक्तों का रेला दिखाई दिया। महिला पुरुष के साथ बच्चे बम भोले की जयकार करते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना वजीरगंज पुलिस तैनात रही।

# यूपी बोर्ड: रिजर्व में रखा जाएगा प्रश्न पत्रों का सेट

यूपी बोर्ड परीक्षा 2026

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- संबंधित थाने में रहेगी रिजर्व में रखे जाने वाले प्रश्न पत्रों के लॉकर की चाबी
- प्रश्न पत्रों की अलमारी को खोलने और बंद होने का लोक बुक में दर्ज होगा रिकॉर्ड
- 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाएं, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने की आशंका को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बड़ा बदलाव किया है। इस बार प्रश्न पत्रों के मुख्य सेट के साथ ही रिजर्व सेट भी भेजा गया है। इन प्रश्नपत्रों को डबल लॉकर में रखा जाएगा। इमरजेंसी के लिए भेजे गए प्रश्न पत्रों के लॉकर की चाबी संबंधित थाना प्रभारी के पास रहेगी। अलमारी के खुलने और बंद होने का रिकॉर्ड लोक बुक में रखा जाएगा। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए सभी कैमरे नाइट विजन होंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। जिले में 98 कॉलेजों को केंद्र बनाया है। इन पर 67845 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पहुंचेंगे। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग और प्रशासन के द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इन पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रुम से जोड़े जाने काम हो रहा है। इस बार बोर्ड की ओर से कई बदलाव किए हैं। जहां एक ओर उत्तर पुस्तिका हर पन्ने पर कॉपी नंबर और रोल नंबर लिखना अनिवार्य कर दिया है। वहीं पेपर लीक होने की आशंका को देखते हुए प्रश्न पत्र के मुख्य सेट के साथ इमरजेंसी के लिए रिजर्व प्रश्नपत्रों का सेट भी भेजा है। जिससे परीक्षा सकुशल संपन्न कराई जा सके।

### अलग अलग लॉकरों में रखे जाएंगे प्रश्न पत्र

इस बार परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र रखने के लिए चार डबल लॉक अलमारी रखी गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दो अलमारियों में पहली और दूसरी पाली की परीक्षाओं के मुख्य पेपर सेट तिथि वार रखे जाएंगे। तीसरी में पेपर के बाद बचे प्रश्नपत्र और बंडल स्लिप सुरक्षित रखी जाएगी। चौथी अलमारी आपात स्थिति के लिए होगी। इसमें प्रश्न पत्र के रिजर्व सेट रखे जाएंगे। इसके एक लॉकर की चाभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक के पास होगी। डबल लॉक के दूसरे ताले की चाभी क्षेत्रीय थानेदार के पास रहेगी। आपात स्थिति में थानेदार या उनके द्वारा नामित अधिकारियों के द्वारा ही इस चाभी से अलमारी का ताला खोलेगा। हर अलमारी के खुलने और बंद होने का रिकॉर्ड लॉगबुक में रखा जाएगा।

> बोर्ड की ओर से जारी हो रही गाइड लाइन से केंद्र व्यवस्थापकों को अवगत कराया जा रहा है। इस बार आपात स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व प्रश्न पत्र भेजे गए हैं। इन्हें डबल लॉक में रखने के आदेश दिए गए हैं। अलमारी की चाबी संबंधित थाना प्रभारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक के पास रहेगी। इसके आदेश संबंधित अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों को दिए गए हैं।
> **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

# श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा कर मांगी मन्नत

**उसहैत, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर श्री कालसेन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद बेलपत्र, धतूरा फूल आदि अर्पित कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। शिव मंदिरों में श्रद्धालु भोर से पहुंचने शुरू हो गए थे। पूजा अर्चना का दौरान शाम तक बना रहा। मंदिर और अटेना गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह थाना पुलिस के साथ उपस्थित रहे। इधर महाशिवरात्रि पर्व पर गांव सरेली पुख्ता स्थिति गौशाला पहुंच कर उसहैत चेयरमैन नवाब हसन, ग्राम प्रधान विश्वनाथ प्रताप सिंह ने गौवंशीय पशुओं को गुड़ व हरा-चारा खिलाकर पुण्य कमाया।


मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की भीड़ • अमृत विचार


श्रद्धालुओं की सुरक्षा तैनात पुलिस बल • अमृत विचार

# पातालेश्वर मंदिर पर श्रद्धालुओं की रही भीड़, किया जलाभिषेक

**वितरोई, अमृत विचार:** रविवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। पर्व पर शिवालयों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसरों में मेला लगा। जिसमें भ्रमण और खरीदारी लोगों ने की। शिव पातालेश्वर मंदिर पर सुबह ही श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में शिवभक्त मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि के लिए कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव का जयघोष किया। जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। वहीं मंदिर में लगे मेला में लोगों ने दुकानों से मिठाई, प्रसाद, खिलौने और अन्य घरेलू सामान की खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# महादेव की उपासना में रहा श्रद्धा और समर्पण

संवाददाता, उघैती


मंदिर परिसर में लगा मेला • अमृत विचार


मंदिर के बाहर लाइन में लगे श्रद्धालु • अमृत विचार

- महाशिवरात्रि पर मंदिर में रही भारी भीड़, लगा मेला, लोगों ने उठाया आनंद
- सपा विधायक ने मंदिर पहुंचकर भगवान आशुतोष का किया जलाभिषेक

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने अपने आराध्य देव महादेव का जलाभिषेक किया और विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिरों के कपाट खुलते ही लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, फूल, भांग, धतूरा, दूध और चंदन से सजे थालों के साथ भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान कहीं शिव पुराण की ऋचाओं की गूंज सुनाई दी तो कहीं हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

क्षेत्र के सभी छोटे बड़े शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुबह से ही शिव भक्तों का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया।दोपहर तक भक्तों का मंदिरों में आने जाने का क्रम जारी रहा। थाना क्षेत्र के रियोनाई, करनपुर, गोदी नगला, ऐपुरा, शरह बरौलिया सहित विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ देखी गई। सिद्ध बरौलिया और रियोनाई के शिव मंदिरों के परिसर में लगे मेले में बच्चों के खिलौने, चरख और ''मौत का कुआं जैसे आकर्षण मौजूद थे।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। सभी प्रमुख मंदिरों और मेला स्थलों पर व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त देखी गई, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं क्षेत्र रियोनाई के प्राचीन शिव मंदिर पर सपा विधायक बृजेश यादव ने जलाभिषेक कर क्षेत्र के अमन चैन की दुआ मांगी।

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसके लिए शिव भक्त साल भर प्रतीक्षा करते हैं। इस दिन शिवालयों में शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र चढ़ाकर भक्त शिव शंकर को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से शिवलिंग का अभिषेक करने या गंगाजल चढ़ाने से महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि यदि कोई अनायास भी शिवलिंग की पूजा कर ले तो उसे शिवजी की विशेष कृपा मिल जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार,फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाली शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहते हैं। यह साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है।

## बदायूं डायरी

### गांव दिधौनी के शिव मंदिर पर लगा मेला, उमड़ी भीड़



**बिल्सी, अमृत विचार :** शनिवार की रात महाशिवरात्रि के अवसर पर गांव दिधौनी स्थित शिव मंदिर पर मेला लगा। जिसे जैन समाज अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन और कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने फीता काट कर आरंभ कराया। मेला उद्घाटन के बाद मंदिर परिसर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिए। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और विभिन्न दुकानों व झूलों का आनंद लिया। इस मौके पर गल्ला व्यापारी मनोज जैन, चंद्रसेन माहेश्वरी, दीपक जैन, अजीत गुप्ता, अजीत गुर्जर, अंशुल जैन, प्रमोद जैन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



### नर्मदेश्वर मंदिर में प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा, आज भंडारा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित दुर्गा कॉलोनी में नवनिर्मित नर्मदेश्वर मंदिर में रविवार को शिव परिवार, राम दरबार एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। रविवार को सभी देव प्रतिमाओं को विधिवत मंदिर में स्थापित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सोमवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** ब्लॉक सालारपुर क्षेत्र के गांव दहेमी में महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक करने के लिए रविवार को सुबह से लेकर शाम भक्तजनों की भीड़ रही। मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई दी। मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से सजाया गया था। मंदिर की सजावट एक दिन पहले शनिवार को पूरी कर ली गई थी। लोगों भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं मंदिर समितियों ने सुरक्षा व सुगमता के विशेष इंतजाम किए थे। प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह से लेकर शाम तक जलाभिषेक करने श्रद्धालु आते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहीद भगत सिंह चौकी प्रभारी योगराज सिंह के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल मुस्तैद दिखाई दिए। लोगों ने मंदिर के बाहर लगी दुकानों से प्रसाद खरीदकर भगवान को समर्पित कर किया। पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी।

### नगर में धूमधाम से निकाली महाकाल की शोभायात्रा



**बिल्सी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भगवान महाकाल की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ विधायक हरीश शाक्य ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से समापन हुआ। शोभायात्रा पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों को दर्शाती झांकियों ने श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। शोभायात्रा को देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। महाकाल बाबा सेवा समिति के अनुभव वार्ष्णेय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पति ओमप्रकाश सागर, दीपक चौहान, चारु वार्ष्णेय, नवरत्न वार्ष्णेय, रजनीश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घंटे चोरी करते पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया क्षेत्र के गांव चंदौरा स्थित मंदिर से पीतल के घंटे चोरी करके भाग रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। एक ने अपना नाम मूसाझाग क्षेत्र के गांव घिलोर निवासी पवन शर्मा उर्फ बंदूक पुत्र रामपाल शर्मा, दातागंज के काशीराम कॉलोनी निवासी बाबू हसन पुत्र मुनव्वर शाह बताया था। उनके पास से मंदि से चोरी किए गए छोटे-बडे.32 घंटे, 5250 रुपये और बाइक बरामद हुई थी। दोनों ने बिसौली और वजीरगंज क्षेत्र के मंदिरों से भी चोरी की घटना कबूल की थी। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है। दोनों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पवन शर्मा पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई हो चुकी है।

### वृद्धाश्रम में आज लगेगा नेत्र परीक्षण शिविर

**बिल्सी, अमृत विचार :** एनएसपीबी शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय बरेली की ओर से 16 फरवरी को तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरौलिया स्थित वृद्धश्रम में नेत्र परीक्षण शिविर का निशुल्क आयोजन होगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। आश्रम के संचालक शिव गौड़ ने नेत्र रोगियों से समय पर पहुंचने की अपील की है। मोतियाबिंद के मरीजों को उसी दिन ऑपरेशन के लिए बरेली रेफर किया जाएगा। ऑपरेशन के लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा। आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्ड, राशन कार्ड व आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।

### कुतिया पर किया चाकू से हमला, शिकायत

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के चौधरी मोहल्ले में किसी व्यक्ति ने कुतिया पर चाकू से हमला कर दिया। कुतिया गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने पशु प्रेमी गौरव चौधरी को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे और डायल 112 और पशु चिकित्सक को बुलाया। चाकू कुतिया के पेट में फंसा था। चिकित्सक ने कुतिया का इलाज किया। बताया जा रहा है कि उसने दो दिन पहले पिल्लों को जन्म दिया था। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया है। उनका कहना है कि इस तरह से कुतिया पर हमला करने वाले कार्रवाई होनी चाहिए।

# जल्द शुरू होगा छात्रावास का निर्माण, संस्था ने किया सर्वे

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में बनाए जाएंगे सौ-सौ बेड के छात्रावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्रावास बनाने वाली कंपनी पे चिन्हित भूमि का सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे के बाद कंपनी कुछ ही समय में छात्रावास का निर्माण भी शुरू कर देगी। कॉलेज प्रशासन ने इस साल के अंत तक छात्रावास तैयार हो जाने की बात कही है। अब शासन से बजट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



राजकीय मेडिकल कॉलेज।

- कार्यदायी संस्था ने किया सर्वे, छात्रावास के लिए चिह्नित की जमीन

राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे करीब तीन सौ छात्र छात्राओं को रहने के लिए इस समय छात्रावास नहीं हैं। यह छात्र दूसरी बिल्डिंग में रह रहे हैं। हालांकि एक छात्रावास का निर्माण अधूरा है। जो जल्द ही पूरा होगा। उसके बाद कॉलेज प्रशासन ने सौ सौ वेड के दो और छात्रावास बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजे थे। जो स्वीकृत हो चुके हैं। नर्सिंग की सौ छात्राओं को और सौ छात्रों को अलग अलग छात्रावास भवन तैयार किये जाएंगे। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार छात्रावास के लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गयी है। जगह चिन्हित होने के बाद निर्माण करने वाली कंपनी को प्रस्ताव दिखाया गया। जिसके बाद कंपनी ने राजकीय मेडिकल कालेज परिसर पहुंच कर चिन्हित जगह का सर्वे किया है। सर्वे के बाद अब शासन से बजट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। राजकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन ने बताया कि छात्र छात्राओं को बनाने वाले छात्रावास के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं। चिन्हित जगह को कवर कर दिया गया है जिससे उस क्षेत्र में कोई दूसरा काम न हो सके। प्राचार्य डा. अरुण कुमार ने कहा कि शासन से बजट मिलते ही कार्यदायी संस्था निर्माण शुरू कर देगी। बताया कि इस साल के अंत तक छात्रावास तैयार होना है। इसके लिए पत्रावली शासन को भेजी जा चुकी है।

### जल्द पूरा होगा दो और भूखंडों का निर्माण

राजकीय मेडिकल कालेज में अर्द्धनिर्मित दो भूखंडों पर भी निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा जिससे अस्पताल के वार्ड पूरा किए जा सकें। फिलहाल अस्पताल में 240 से अधिक वेड हैं यदि दोनों भूखंड तैयार हो जाएंगे तो चार सौ से बेड का अस्पताल बन जाएगा उसके बाद किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से इन दोनों भूखंडों का काम भी जल्द शुरू होने की संभावना जतायी गयी है।

### कालेज गेट पर पुलिस चौकी की मांग

राजकीय मेडिकल कालेज गेट पर पुलिस चौकी की मांग एक बार फिर शुरू हो गयी है। इसके लिए कालेज प्रबंधन की ओर से एसएसपी को फिर से पत्र लिखा गया है और छात्र छात्राओं डॉक्टरों व कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर जल्द पुलिस चौकी बनाए जाने की मांग की गयी है। कॉलेज प्रशासन ने कई बार पहले भी चौकी की मांग की थी। लेकिन इस पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। अब कॉलेज परिसर में सुविधाएं और व्यवस्थाओं में इजाफा हो रहा है तो कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा को चौकी बनाने की मांग की है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सर्दी खांसी के मरीजों की भीड़

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार को शहर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सर्दी खांसी और बुखार के मरीजों की भीड़ रही। डॉक्टरों ने कुछ मरीजों को जिला अस्पताल में ब्लड टेस्ट कराने को लिखा।

शहर के कबूलपुरा स्थित आरोग्य मंदिर पर आज सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। सर्दी खांसी और बुखार के मरीजों को दवा दी गयी। काफी दिनो से खांसी से जूझ रहे मरीजों को जिला अस्पताल में बलगम की जांच कराने को लिखा गया। उधर नेकपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मरीजों की संख्या भी अधिक रही। यहां पर महिला मरीजों की भीड़ अधिक रही। सर्दी खांसी और श्वास के मरीजों का चेकअप करने के बाद ही दवा गयी। स्टाफ नर्स नीलम ने बताया कि आज करीब दो दर्जन गर्भवती महिलाओं का चेकअप किया गया। उन्हे नियमित जांच कराने को कहा गया। साथ ही समय से दवा लेने की सलाह दी गयी। उझानी के नझियाई स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर नोडल अधिकारी डा. मोहम्मद तहसीन ने निरीक्षण किया।

# नाले में गिरकर डूबने से दो साल की बच्ची की मौत

संवाददाता, विजय नगला

- गांव सराय का है मामला परिजनों में मचा चीत्कार, नहीं कराया पोस्टमार्टम


नंदिनी का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** घर के पास के खुले नाले में गिरकर दो साल की बच्ची की मौत हो गई। काफी देर तक बच्ची के नजर न आने पर परिजनों ने तलाश किया तो उसका शव नाले के पानी में उतराता मिला। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। वहीं प्रधान के अनुसार बच्ची की मौत तालाब में डूबने से हुई थी।

हादसा बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सराय में रविवार दोपहर हुआ। गांव निवासी गंगाधर के घर के पास खुली नाली है। जिसमें पानी का भरा रहता है। रविवार को उनकी दो साल की बेटी नंदिनी घर पर खेलते समय किसी तरह नाली तक पहुंच गई और गिर गई। नजर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। साथ में खेल रहे बच्चों से जानकारी की तो उन्होंने नाली के पास देखने के बारे में बताया। परिजन नाली के पास गए। जहां नाली में बच्ची पड़ी थी। परिजनों ने उसे बाहर निकाला और निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार ने नाली का निर्माण कराया है लेकिन उसके ऊपर स्लेप न डालने की वजह से यह हादसा हुआ। लोग अक्सर नाली में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। प्रधान पति वीर सिंह ने बताया कि बच्ची की मौत नाली के पानी में डूबने से नहीं बल्कि तालाब में गिरकर डूबने से हुई है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया इस संबंध में सूचना नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

# हिंदू संगठित होगा तभी भारत बनेगा समर्थ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रविवार को शहर के कृष्ण इण्टर कालेज में हिंदू सम्मेलन का आयोजन राम बहादुर पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा हिंदू संगठित होगा तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।

सम्मेलन में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पर्चन किया गया। आयोजन समिति सदस्यों द्वारा मंच पर अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट ने अतिथिगण का परिचय कराया। परशुराम इंटर कालेज एवं शिव देवी विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सनी चौहान ने अपने भजनों से वातावरण को राममय बना दिया। हिंदू सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि हिंदू सम्मेलन के माध्यम से समाज में हिंदुत्व का जागरण हो रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हमारी कई पीढ़ियों की साधना पूर्ण हुई है। मुख्य वक्ता संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति ने संघ की सौ वर्ष की गौरवमई यात्रा व संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में प्रमुख रूप से आयोजन समिति के संयोजक हरि प्रताप सिंह राठौड़, सह संयोजक संजीव कुमार गुप्ता, मनीष सिंघल, अरविंद परमार, प्रेम स्वरूप पाठक, अनिल शर्मा, दीपमाला गोयल, विजय रतन सिंह, सुबोध गोयल, केशव नाथ वैश्य, सीमा रानी, रजनी मिश्रा, अर्चना गुप्ता, रामगोपाल, कृष्ण भगवान, अवधेश भदौरिया, प्रदीप कुमार दुबे, कन्हैया लाल गुप्ता, सीमा राठौर, मौजूद रहे।



हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

- श्रीकृष्ण इंटर कालेज में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर मारपीट

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 फरवरी की रात करीब 10 बजे वह खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। इसी दौरान गांव का ही सुजीत कुमार उर्फ करु उनके घर में घुस आया और उनकी बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर जब वह घर पहुंचा तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अब रूपापुर चीनी मिल का गन्ना खत्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रूपापुर चीनी मिल के क्रय केंद्रों पर गन्ना नहीं पहुंच रहा है जिससे मिल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। गन्ना विभाग ने मिल के किसानों से संपर्क कर जल्द गन्ना पहुंचाने को कहा है।

हरदोई की रूपापुर चीनी मिल को पिछले दिनों बिसौली चीनी मिल के तीन क्रय केंद्र आबंटित किए गए थे। बिसौली चीनी मिल के नौ अन्य क्रय केंद्रों को दूसरी चीनी मिलों को दे दिया गया था। लेकिन अब रूपापुर चीनी मिल के किसानों का गन्ना खत्म हो रहा है जिससे किसान आधा अधूरा गन्ना लेकर क्रय केंद्र पर पहुंच रहे हैं। मिल के किसानों ने बताया कि उनके पास बीज का गन्ना शेष है।अन्य गन्ना मिल को पहुंचा दिया गया है। बीज को आरक्षित किया गया गन्ना मिल को नहीं दिया जाएगा। क्रय केंद्रों पर गन्ना नहीं पहुंचने से मिल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।


लखनपुर क्रय केंद्र पर गन्ना लदा वाहन।

संभावना व्यक्त की जा रही है कि रूपापुर चीनी मिल फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में ही बंद हो सकती है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि मिल के शेष गन्ना किसानों से संपर्क शुरू कर दिया गया है। उनके पास कितना गन्ना बचा है। इसका सर्वे किया जा रहा है। गन्ना पर्यवेक्षक किसानों से बात कर रहे हैं। समय पर गन्ना नहीं पहुंचने से मिल प्रबंधन को परेशानी हो रही है। बताया कि करीब साढ़े छह लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की है। इसलिए अब गन्ना खत्म होने के कगार पर है। फिर भी किसानों से कहा गया है कि जो गन्ना शेष है वह क्रय केंद्रों पर पहुंचा दें।

- क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहा गन्ना, बढ़ी परेशानी, गन्ना विभाग ने शुरू किया किसानों से संपर्क

### शेखूपुर चीनी मिल के क्रय केंद्रों पर भी कम हुआ गन्ना

शेखूपुर चीनी मिल के क्रय केंद्र लखनपुर पर गन्ना कम होने लगा है। लखनपुर ए और बी सेंटरों पर अब तक किसानों की लाइन लगती थी लेकिन दो दिन से चार से छह ट्रैक्टर ट्रालियां ही क्रय केंद्र पर पहुंच रही हैं। चीनी मिल प्रशासन दोनो क्रय केंद्रों पर गन्ना कम आने की बात कही है। साथ ही कहा है कि एक सप्ताह के अंदर किसानों का पूरा गन्ना खरीद लिया जाएगा।

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ममता सेवी संस्था की ओर से विकास क्षेत्र उसावां के गांव मरौरी स्थित मंगला देवी विद्या मंदिर पर शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं क बारे में जानकारी दी। शिविर लगाकर योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरवाए। योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया गया।

संस्था की संस्थापक व सचिव डॉ. ममता नौगरैया ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को घर घर तक पहुंचाकर लाभ दिलवाना है। उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने निःशुल्क नेत्र शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभांवित किया। संस्था के संरक्षक डॉ. सुरेश चन्द्र नौगरैया ने शुभकामनाएं दी। सह सचिव दीप्ति गुप्ता ने सुकन्या सुमंगला योजना के लिए ग्रामीणों से प्रपत्र जमा कराए। जिन्हें शुभम गुप्ता ने लैपटॉप के माध्यम से आनलाइन कर सब्मिट किए। संरक्षक मंडल में सरला चक्रवर्ती, टिथोनस स्कूल की संस्थापका मधु अग्रवाल, सहसचिव डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी, सदस्य पूनम रस्तोगी, सीमा शर्मा, महिषा सिंह आदि की सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम से पहले शिव मंदिर पर रुद्राभेषित किया गया। स्कूल संस्थापक ऊषा सिंह, रामवीर सिंह, शोभा, प्रिया, सेजल, श्रृद्धा, श्रेया, आकांक्षा, नैना सोलंकी, आरुषी का सहयोग रहा।


शिविर के दौरान मौजूद संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- ममता सेवा संस्था की ओर से मरौरी के विद्यालय में लगाया गया शिविर

## लेखपाल समेत 11 पर जमीन विवाद में रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला फरशोरी टोला निवासी मोहम्मद अजहर अहमद ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह शाह विलायत एजुकेशन ट्रस्ट के विधिक प्रतिनिधि हैं। उन्होंने खसरा नंबर 1086 का इकरारनामा 17 अगस्त 2017 को अशर्फी लाल, सुरेश सागर, महेश सागर, बंटू सागर, रामधारा, अर्जुन, पूननलाल, राजपाल, रवि, प्रेमवती से कराया था। जमीन का बैनामा भी कराया। जमीन की नपत कराई गई तो रकवा 1.050 हेक्टेयर पूरा नहीं हुआ। जमीन कम होने की जानकारी दी गई। तत्कालीन लेखपाल ने नाप कराकर सीमेंट के पक्के खंभे लगाए थे। वर्तमान लेखपाल हरीश वर्मा बिना सूचना के जमीन की नपत कराने लगे। खंभे उखाड़ दिए। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। लेखपाल के साथ मौजूद उन लोगों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# प्रशासन ने रोकी पैदल यात्रा, धरने पर बैठे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूजीसी कानून वापस लेने और गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के पदाधिकारी राहुल त्रिवेदी के नेतृत्व में पैदल यात्रा निकाली। यात्रा दिल्ली तक जानी थी। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उसे रास्ते में ही रोक दिया। संगठन के पदाधिकारियों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इसके बाद संगठन पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की बात कहते हुए वापस लौट गए।

तय समय के अनुसार शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के पदाधिकारी राहुल त्रिवेदी पैदल यात्रा अपने गृह नगर अलापुर से निकले। पैदल यात्रा कस्बा सखानू तक ही पहुंची थी कि यहां पर थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रा को रोक दिया। यात्रा को यहां से आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद यात्रा निकाल रहे संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता वापस लौट गए। यात्रा रोके जाने के बाद संगठन के पदाधिकारी राहुल त्रिवेदी अपने गृह नगर स्थित कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। राहुल त्रिवेदी ने कहा कि जब तक यूजीसी कानून वापस नहीं होता और एससी एक्ट खत्म नहीं होता तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिए जाने के साथ आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की। इस मौके पर भय भोला पंडित, सनी, सोनी, अतुल, राज, पवन भारद्वाज, चेतन आदि लोग उपस्थित रहे।



पैदल यात्रा निकालते शिव तांडव संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- यूजीसी कानून वापस लेने और गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिए जाने की मांग

## बच्ची की तबीयत बिगड़ी इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली निवासी मुशाहिद की कक्षा पांच में पढ़ने वाली बेटी नूर अफसा (13) की तबीयत अचानक खराब हो गई। उसे उल्टी होने लगी। परिजन बच्चे को पास के अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने रेफर किया तो परिजन बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां बताया गया कि नूर अफसा घर के आंगन में खेल रही थी। घर की एक महिला भंडार से गेहूं निकलकर साफ कर रही थी। इसी बीच बच्ची वहां पहुंच गई। गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए रखी गई सल्फास धूल के साथ उड़ी और बच्ची की तबीयत खराब हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# प्रेम सिंह अध्यक्ष, बच्चू सिंह बने महामंत्री


मंडल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नवनिर्वाचित सदस्य। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत राज्य सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव, चुनाव अधिकारी प्रवेश कुमार मंडल अध्यक्ष के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह की उपस्थिति में कराया गया। एक-एक नामांकन पत्र आने पर सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। जिसमें प्रेम सिंह जिला अध्यक्ष, बच्चू सिंह जिला महामंत्री, सोमवीर सिंह कोषाध्यक्ष और सरवन कुमार जिला संगठन मंत्री पद पर चुने गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी पिछले 17 साल से कार्य कर रहे हैं। जिसकी सेवा नियमावली, पदोन्नति सफाई नायक, ब्लॉक पर्यवेक्षक, जिला निरीक्षक के पद पर होनी है। जिसका प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। जिसे स्वीकृति दी जाए। मंडल अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से जनपद की समस्याओं का उच्च स्तरीय अधिकारियों से वार्ता कर उनका निराकरण करने का आवाहन किया।

# एसआईआर से सरकारी कामकाज ठप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में एसआईआर का काम चल रहा है। इस कार्य में लेखपाल से लेकर तहसील के अन्य कर्मचारी और अधिकारी व्यस्त हैं। पिछले चार माह से व्यस्तता इतनी है कि तहसीलों में कामकाज ठप पड़ा है। भूमि पैमाइश, खारिज दाखिल सहित अन्य मामले अटक गए हैं। लोग तहसीलों के चक्कर काटते काटते थक चुके हैं। लेकिन अधिकारी उनकी सुनने को कतई तैयार नहीं हैं।

पिछले साल नवंबर माह से जिले में एसआईआर का काम चल रहा है। जिसे चार माह का समय गुजरने जा रहा है। अभी इस कार्य में करीब एक माह से अधिक का समय और लगने वाला है। एसआईआर कार्य में बाल कार्यक्रम विभाग, शिक्षा विभाग सहित तहसील स्तरीय कर्मचारी अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है। अधिकारियों और कर्मचारी एसआईआर कार्य में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि उन्हें अन्य कार्य के लिए फुर्सत नहीं मिल रही है। एसआईआर कार्य की वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। तहसीलों में आने वाले फरियादियों की शिकायत लेखपाल से लेकर राजस्व अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी रामपाल ने बताया कि उन्होंने दिसंबर माह के दौरान जमीन का बैनामा कराया था। लेकिन अब तक उसका दाखिल खारिज अटका हुआ है। तहसील पहुंचने पर यही बताया जाता है कि साहब एसआईआर के कार्य में व्यस्त हैं। उन्हें कार्यालय में बैठने की फुर्सत ही नहीं मिल रही है। घटपुरी निवासी रूप किशोर ने बताया कि तीन महीने से उनके जमीन की पैमाइश नहीं हो पा रही है।

- कर्मचारियों, शिक्षक, लेखपालों की व्यस्तता से तहसीलों में नहीं हो पा रहा है सरकारी काम
- चार महीने से कर्मचारी व्यस्त होने की वजह से अटके पड़े हैं भूमि पैमाइश, खारिज दाखिल के मामले

### 1.49 लाख से अधिक मतदाताओं को भेजा नोटिस

जिले में मतदाता सूची के अनंतिम प्रकाशन के बाद 1.49 लाख से अधिक ऐसे मतदाता सामने आए जिन्होंने मैपिंग नहीं कराई थी। इन सभी को नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी करने के बाद एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों को उनका जवाब लिया जा रहा है। यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है। जिसके चलते बीएलओ से लेकर हर अधिकारी को अन्य कार्य के लिए फुर्सत नहीं मिल रही है।

> एसआईआर का काम अधिक महत्वपूर्ण है। जिसे समय पर पूरा करना है। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों के द्वारा पूरी लग्न से इस कार्य को किया जा रहा है। अन्य कार्य भी देखे जा रहे हैं। फरियादियों की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। – **मोहित कुमार**, एसडीएम सदर

## जनपद में आज मनाया जाएगा एकीकृत निक्षय दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग केंद्र पर 15 फरवरी को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस इस बार 16 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसमें टी बी बीमारी के साथ-साथ फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार के संभावित मरीजों को भी खोजा जाएगा। टीबी के लक्षण वाले मरीजों को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। बलगम की जांच करने के उपरांत क्षय रोग निकलने पर अतिशीघ्र इनका उपचार शुरू किया जायेगा। ज़िला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि इस माह का एकीकृत निःक्षय दिवस 16 फरवरी को मनाया जाएगा।



# दबंगों ने जेसीबी से पीडब्ल्यूडी की भूमि पर लगे हरे पेड़ निकाले

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के करीम नगर मार्ग स्थित पीडब्ल्यूडी की भूमि पर कुछ दबंग कब्जे की कोशिश में लगे हुए हैं। जेसीबी से पेड़ों को निकाल रहे हैं। उसी भूमि पर नींव खोदना शुरू कर दी है। कुछ किसानों ने इसका विरोध करते हुए इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग से की है। किसानों की शिकायत के बाद विभाग के जिम्मेदारों ने मौके पर पहुंच कर रविवार को मुआयना किया। उन्होंने नींव खोद रहे लोगों को चेताया, काम न रोकने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उसहैत करीम नगर रोड पर गाटा संख्या 162 मिनजुमला में करीब पांच बीघा जमीन लोक निर्माण विभाग की है। किसानों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है।

## गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **अभिषेक** दिनांक 10.02.26 को शाम 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया है जो अभी तक लौटकर नहीं आया है। तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं लगा है। अगर किसी को जानकारी हो तो कृपया मोबाइल नम्बर 9058695606 व 7464834149 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया : रंग सांवला, उम्र 18 वर्ष कद 5 फुट 10 इंच, काले रंग की जैकेट पहने है।**

**प्रीति सिंह पत्नी स्व. पीतम निवासी गुलाब बाड़ी रोड, नवादा शेखान, थाना बारादरी जिला बरेली**

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिन पहले खुले कैफे में चल रही थी शराब और हुक्का पार्टी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले खुले नए कैफे में खुलेआम शराब और हुक्का पार्टी चल रही थी। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो युवक भागने में सफल रहे। चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रेमनगर पुलिस ने शनिवार को आबकारी विभाग की टीम के साथ एसएसडी प्लाजा के पास द शीशी ओसिस कैफे में छापा मारा। यह कैफे तीन दिन पहले ही खुला था। कैफे के सीढ़ियों पर बिठाकर शराब और हुक्का परोसा जा रहा था।

### जहां होनी चाहिए रौनक वहां धूल और गड्ढे

**बरेली, अमृत विचार :** होली नजदीक है, मगर श्यामगंज गल्ला मंडी में रौनक नहीं है। ग्राहकों की आमद बढ़ने की बजाय कम हो गई है। वहां उड़ती धूल और गड्ढों से हालात बद से बदतर हैं। नगर निगम के जलकल विभाग ने पेयजल पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क को इस कदर उधेड़ा कि व्यापारियों और आमजन दोनों की सहूलियतें धरी की धरी रह गईं। खोदकर छोड़ी गईं सड़कों की अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके चलते लोग चोटिल हो रहे हैं। दुकानदार और ग्राहक परेशान हैं।

# सुपारी देने के आरोपी साजिद को हाईकोर्ट से मिला झटका

## गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश, गिरफ्त से दूर है साजिद

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



अमृत विचार : बवाल के चश्मदीद की सुपारी देकर हत्या कराने की कोशिश करने वाले साजिद सकलैनी को हाईकोर्ट से झटका लगा है। आरोपी साजिद ने दर्ज मुकदमे को रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान पुलिस के सबूत देखकर साजिद के अधिवक्ता ने ही हाईकोर्ट से याचिका वापस ले ली। उधर, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

बारादरी थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी फिरदौस खां ने 26 सितंबर 2025 को हुए बवाल के मुकदमों की कार्रवाई में पुलिस प्रशासन की मदद की थी। कई मुकदमों में गवाही भी दी थी। इस वजह से बवाल का आरोपी पार्षद अनीस सकलैनी उनसे रंजिश मानने लगा। अनीस को बवाल के आरोप में जेल भेजा गया था। आरोप है कि 18 दिसंबर 2025 को अनीस का बेटा अदनान, साजिद सकलैनी, नदीम खां, बबलू खां, मोबीन कुरैशी, नईम कुरैशी, फैजान कुरैशी, यासमीन और फुरकान ने फिरदौस खां को रोक लिया। इन लोगों ने फिरदौस को धमकाया। आरोप है कि इसके बाद जेल में बंद अनीस ने पत्नी यासमीन संग मिलकर फिरदौस की हत्या करने की साजिश रची। फिरदौस को भनक लगी तो उन्होंने बारादरी थाने में मामला दर्ज कराया था। प्रकरण की विवेचना इंस्पेक्टर संजय धीर कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने पीलीभीत के सुपारी किलर गैंगस्टर को जेल भेजा था। मुकदमे का आरोपी साजिद सकलैनी उर्फ मोहम्मद साजिद एफआईआर रद्द कराने हाईकोर्ट चला गया था। फिलहाल, अब पुलिस साजिद समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की तैयारी में जुटी है।

## विवि की प्रगति में शिक्षक और विद्यार्थियों की बड़ी भूमिका

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 51 वां स्थापना दिवस रविवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल सभागार में धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र के कल्चरल क्लब के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मनमोह लिया। रक्तदान शिविर में शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। 21 यूनिट रक्तदान किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय कैंपस में पौधरोपण किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डीएस चौहान निदेशक आईसीएमआर जालमा कुष्ठ रोग संस्थान आगरा ने बरेली शहर की यादों को ताजा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में शिक्षक और विद्यार्थियों की बहुत बड़ी भूमिका है। सहायक कुलसचिव ममता सिंह, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन ने मंदिर में कराया रुद्राभिषेक



राजेंद्र नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में रुद्र पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर रविवार को राजेंद्र नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में रुद्र पूजा का भव्य आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के बेंगलुरु आश्रम से आए स्वामी केशवानंद के सान्निध्य में पंडित रोहित एवं धनंजय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई।

कार्यक्रम का आरंभ आर्ट ऑफ लिविंग की श्वेता कुनार ने किया। बड़ी संख्या में साधक एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। सौरभ, मोहित, संदीप, मधु, अनीता, सुनीता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाहजहांपुर में भी धर्मेंद्र शर्मा और शेफाली शर्मा के यहां रुद्र पूजा आयोजित की गई।

## 4.85 लाख बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में रविवार से मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है, जो 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। यह अभियान जिले के सभी 3797 सरकारी, अनुदानित विद्यालयों व मदरसों में चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 4.85 लाख बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की सफलता के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रत्येक विद्यालय में विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रधानाध्यापक, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन लगभग 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है।

## अलंकार अग्निहोत्री ने किया नई राष्ट्रीय पार्टी गठन का ऐलान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

**अमृत विचार:** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री रविवार को एक बार फिर बरेली पहुंचे और कैंट स्थित परशुराम धाम में मत्था टेका। इस दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मंदिर दर्शन के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अग्निहोत्री ने भाजपा सरकार पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने साफ किया कि वे जल्द ही एक नई राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी का गठन करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श लिया है।अगले 20-25 दिनों के भीतर पार्टी का नाम, संविधान और घोषणापत्र तैयार कर चुनाव आयोग को आवेदन कर दिया जाएगा। उनके अनुसार भाजपा का कोर वोटर अब उनसे अलग हो चुका है और देश को नया राजनीतिक विकल्प चाहिए। उन्होंने दावा किया सत्ताधारी पार्टी के कई पदाधिकारी उनके साथ जुड़ने के इच्छुक हैं और पार्टी गठन के बाद उन्हें शामिल किया जाएगा।


**व अदालत श्रीमान कमिश्नर महोदय बरेली जिला बरेली**
**अपील/निगरानी नम्बर C20211200000372 सन् अपीलान्ट**
**इरशाद खाँ बनाम अब्दुल वाहिद खाँ रेस्पान्डेन्ट**
**अपील/निगरानी वनाराजी फैसला व डिग्री मुकदमा**
**माल मुकाम मुकदमा नं. सन् मुबर्खा माह सन्**

बनाम अब्दुल वाहिद खां पुत्र माबूद खां, साविर खां पुत्र सरवर आलम निवासी मो. एमनजई जलाल नगर तह. सदर जिला शाहजहांपुर, मो. रईस खां पुत्र रियाजुद्दीन निवासी ताजू खेल पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर अजीजुर्र रहमान हक, मोहम्मद आलम व शाहनावाज खां पुत्रगण सरर्दु रहमान निवासी मो. एमनजई जलाल नगर सदर तह. जिला शाहजहांपुर हाल निवासी 6 सी. सराय गढ़ी शाहगंज इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश। ग्राम पंचायत ग्राम जलाल नगर वाहर चुंगी पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर द्वारा प्रधान। राज्य सरकार उ.प्र. द्वारा कलैक्टर शाहजहांपुर। मुत्तला हो कि अपील निगरानी वनाराजी डिग्री व फैसला तारीख मुकदमा वाला में अपीलान्ट/निगरानीकर्ता ने पेश की है जिसमें तारीख 16.02.2026 वास्ते समाअत अपील/निगरानी मुकर्रर की है अगर आप तारीख पर हाजिर अदालत न होंगे तो आपकी गैरहाजिरी में समाअत अपील/निगरानी तय की जावेगी। आज तारीख 12.2.26 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है। **आज्ञा से-जज/कमिश्नर**


## बरेली ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **जनवरी में 219 मामले मोबाइल ट्रेस के लिए हुए थे दर्ज, 130 मोबाइल किए बरामद**
- **एसएसपी अनुराग आर्य की मानिटरिंग लाई रंग, रिकवरी प्रतिशत 59.36 रहा**

**अमृत विचार :** मोबाइल गुम हो जाएं तो आम आदमी उसे मिलने की उम्मीद छोड़ देता है, लेकिन बरेली पुलिस ने यह सोच बदल दी है। जनवरी में खोए मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाने में बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह एसएसपी अनुराग आर्य की मॉनिटरिंग और कार्रवाई के दम पर हुआ है।

जनवरी में कुल 219 मामले मोबाइल ट्रेस के लिए दर्ज हुए। इनमें से 130 मोबाइल बरामद कर सीधे उनके मालिकों के हाथ में सौंप दिए गए। रिकवरी प्रतिशत 59.36 रहा, जबकि बरामद मोबाइल की संख्या के आधार पर वॉल्यूम स्कोर सौ प्रतिशत रहा। सत्तर-तीस के फार्मूले से निकला अंतिम स्कोर 71.55 रहा, जिसने बरेली को प्रदेश में पहला स्थान दिलाया।

पहले मोबाइल गुम होने पर लोग थाने के चक्कर काटते थे। अब तस्वीर बदली हुई है। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस टीम सक्रिय होती है। आईएमईआई नंबर के जरिए ट्रेसिंग, नेटवर्क कंपनियों से तालमेल और लगातार फॉलोअप और इसी रणनीति ने नतीजे बदले। एसएसपी की निगरानी में थानों को साफ संदेश दिया गया कि मोबाइल गुमशुदगी को हल्के में लेने की गलती बर्दाश्त नहीं होगी। साइबर सेल ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए मोबाइल की लोकेशन खंगाली।

कई मोबाइल दूसरे जनपदों से भी बरामद किए गए। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि यह सिलसिला यहीं नहीं रुकेगा। मोबाइल गुम होने पर तुरंत सूचना देने और आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखने की सलाह दी जा रही है। खोए मोबाइल की वापसी ने साबित कर दिया कि जब निगरानी सख्त हो और मंशा साफ हो, तो नतीजे भी नंबर वन ही आते हैं।

## बरेली में गड्ढे में डूबी तीन साल की बच्ची, जान गई

**संवाददाता, मीरगंज**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर गांव सिमरिया में चल रहे भंडारे की रौनक अचानक चीख-पुकार में बदल गई, जब खेलते-खेलते तीन वर्षीय मासूम साक्षी जल निकासी के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में समा गई। करीब डेढ़ घंटे तक परिजन और ग्रामीण बच्ची को ढूंढते रहे, लेकिन जब वह मिली तो जिंदगी उसकी सांसों का साथ छोड़ चुकी थी।

गांव के छोटेलाल की बेटी साक्षी परिजनों के साथ रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे भंडारे में पहुंची थी। भोजन के बाद वह पास ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में खेलने चली गई। वहीं, गांव की जलनिकासी के लिए गहरा गड्ढा बना था। बताते हैं कि यह गड्ढा ग्राम पंचायत की ओर से खुदवाया गया था। साक्षी उसमें गिरकर डूब गई। परिजन और ग्रामीण बदहवास हालत में पूरे गांव में तलाश करते रहे। लगभग डेढ़ घंटे बाद बच्ची गड्ढे में मिली। आनन-फानन में उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, परिजनों ने ग्राम पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत
ई–निविदा सूचना सं0–06/अधि0अभि0/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से जनपद–पीलीभीत में निम्नलिखित ड्रेनों की सफाई व फुटब्रिज निर्माण कार्य हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से दिनांक 23.02.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से भरी जायेंगी एवं ई–टेण्डरिंग से प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में मुख्य अभियन्ता महोदय(शारदा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 23.02.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से ऑनलाइन खोली जायेंगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 18.02.2026 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांक 23.02.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) (@ 2% paid online) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) (paid online) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिघांनिया नाला के किमी0 0.000 से किमी0 8.000 तक सफाई का कार्य। | 5.00 | 0.10 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 2 | गब्जा ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 10.070 तक सफाई का कार्य। | 6.00 | 0.12 | 45 दिवस | 225+41+500= 766 | सी व उच्च |
| 3 | शेरगंज ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 7. 250 तक सफाई का कार्य। | 4.90 | 0.10 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 4 | न्यूरिया ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 6.000 तक सफाई का कार्य। | 3.50 | 0.07 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 5 | खरगापुर ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 8.500 तक सफाई का कार्य। | 4.90 | 0.10 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 6 | कुर्रैया ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 3.800 तक सफाई का कार्य। | 1.90 | 0.04 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 7 | सण्डा नाला के किमी0 0.000 से किमी0 26.000 तक सफाई का कार्य। | 20.30 | 0.41 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | बी व उच्च |
| 8 | नरहा महादेव नाला के किमी0 0.000 से किमी0 5.200 तक सफाई का कार्य। | 4.00 | 0.08 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 9 | गुलरा ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 13.600 तक सफाई का कार्य। | 9.80 | 0.20 | 45 दिवस | 225+41+500= 766 | सी व उच्च |
| 10 | नरहा नाला के किमी0 0.000 से किमी0 3.500 तक सफाई का कार्य। | 2.80 | 0.06 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 11 | अमेडी ट्रंक ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 12.000 तक सफाई का कार्य। | 16.60 | 0.33 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | सी व उच्च |
| 12 | रपटुआ नाला के किमी0 0.000 से किमी0 22.200 तक सफाई का कार्य। | 27.90 | 0.56 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | बी व उच्च |
| 13 | कटना ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 15.000 तक सफाई का कार्य। | 20.80 | 0.42 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | बी व उच्च |
| 14 | रम्पुरा ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 8.600 तक सफाई का कार्य। | 4.20 | 0.085 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 15 | धुंधरी ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 7.200 तक सफाई का कार्य। | 3.00 | 0.06 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 16 | लाहौरगंज बरादुन्बा ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 9.050 तक सफाई का कार्य। | 6.30 | 0.13 | 45 दिवस | 225+41+500= 766 | सी व उच्च |
| 17 | जनपद–बरेली में बिनर्सी ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 12.200 तक सफाई का कार्य। | 8.55 | 0.175 | 45 दिवस | 225+41+500= 766 | सी व उच्च |
| 18 | उदयपुर ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 7.000 तक सफाई का कार्य। | 3.20 | 0.065 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 19 | शारदा सागर खण्ड,पीलीभीत के अंतर्गत आने वाली नगरिया अल्पिका पर फुटब्रिज बनाने का कार्य। | 3.40 | 0.07 | 45 दिवस | 150+27+500= 677 | सी व उच्च |
| 20 | पूरनपुर ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 32.500 मध्य तक सफाई का कार्य। | 19.80 | 0.40 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | सी व उच्च |
| 21 | चूका ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 15.800 मध्य तक सफाई का कार्य। | 29.20 | 0.60 | 45 दिवस | 300+54+500= 854 | बी व उच्च |

नोट– जी0एस0टी0 नियमानुसार ठेकेदार को देय होगी।

एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह ई–निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा नोटिस प्रपत्र एवं शर्तों की जानकारी http:/etender.up.nic.in व विभागीय बेवसाईट http:/idup.gov.in पर उपलब्ध है।

UP -246082 दिनांक: 13/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 828/76सी0(ए0) (ई–टेण्डर)–08/2025–26 दिनांक 03.02.2026

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई–निविदा दिनांक 18.02.2026 से दिनांक 28.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विशिष्टियॉ, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि का भली–भॉति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 28.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निर्माण लागत | 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत | कुल लागत | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पीलीभीत बस्ती मार्ग (एन0एच0–730) किमी0 41 से पूरनपुर सिरसी गोपालपुर अजीतपुर बिल्हा होते हुये पूरनपुर बण्डा मार्ग (अ0जि0मा0) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 3040.40 | 71.50 | 3111.90 | 46.70 | 2714.00 | 15 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(राजेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP - 246085 दिनांक: 13/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 827/76सी0(ए0) (ई–टेण्डर)–08/2025–26 दिनांक 03.02.2026

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई–निविदा दिनांक 18.02.2026 से दिनांक 28.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विशिष्टियॉ, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि का भली–भॉति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 28.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निर्माण लागत | 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत | कुल लागत | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| माधोपुर चौक फरीदपुर अमखिड़िया डांग रिछा जहानाबाद मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0 5 में सेतु निगम द्वारा मेजर ब्रिज का निर्माण एवं किमी0 6, 7 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त भागों के कटान के स्थान पर बैलेसिंग आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य । | 7968.00 | 00 | 7968.00 | 79.70 | 2714.00 | 15 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(राजेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP - 246086 दिनांक: 13/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## छुट्टा गोवंशों ने किसान की फसल उजाड़ी

**संवाददाता, करियामई**



गोवंश द्वारा नष्ट की हुई फसल दिखाता किसान।

- **किसान ने जिला अधिकारी ने की मुआवजा दिलाने की मांग**

**अमृत विचार :** शासन प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद अधिकारियों की अनदेखी के चलते छुट्टा गोवंशों से क्षेत्रीय किसानों को निजात नहीं मिल पा रही है। एक किसान की गेहूं की फसल छुट्टा गौवंश ने एक रात में नष्ट कर दी। किसान ने डीएम से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र में आए दिन छुट्टा गोवंशों का आतंक देखने को मिल रहा है। जबकि विकास खंड के गांव करियामई रुदायन, सोरहा, ईख खेड़ा में अस्थाई गोशाला होने के बावजूद स्थानीय किसान व ग्रामीण परेशान हैं। जहां दर्जनों छुट्टा गोवंशों के झुंड सड़कों पर दिन रात गांव की गलियों में दौड़ते नजर आते हैं। शनिवार रात्रि को करियामई निवासी उमेश रावल के करीब 5 बीघा गेहूं की फसल को गोवंशों ने चौपट कर दिया। इस मामले में उमेश ने जिलाधिकारी से मुआवजा की मांग की है।

## टेस्ट पास करने पर ही बनेगा डीएल, जल्द शुरू होगा ट्रैक

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**




बिल्सी मार्ग पर बनाया गया ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल।



ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में टेस्ट के लिए बनाया गया ट्रैक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शासन की मंशा के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑटोमैटिक ट्रैक पर टेस्ट लिया जाएगा। इसके लिए बिल्सी मार्ग पर एआरटीओ कार्यालय के आगे ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल और उसमें ट्रैक तैयार किया गया है। जिसका संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। एक सप्ताह में संचालन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

एआरटीओ हरिओम ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। मैसर्स दीपक इंटरप्राइजेज की ओर से प्रत्यानन चालन प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है।

जहां जल्द ही ड्राइविंग टेस्ट वहां के ट्रैक पर ही होंगे। मैनुअली रूप से कोई भी टेस्ट नहीं होगा। वर्तमान में एआरटीओ कार्यालय में मैनुअली टेस्ट लिए जाने की व्यवस्था है। जिसके चलते आए दिन तरह-तरह के आरोप लगाए जाते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ड्राइविंग ट्रैक पर टेस्ट पास करना होगा। प्रशिक्षित चालक ही टेस्ट पास कर पाएंगे।

वहां का ढांचा ऑटोमेशन के आधार पर तैयार किया गया है। सेंसर का ट्रायल हो चुका है। टेस्ट प्रणाली को परिवहन विभाग की साइट के साथ जोड़ना है। एआरटीओ ने कहा कि उन्होंने शासन को पत्र भेजा है। जल्द ही ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में टेस्ट शुरू किए जाएं। परिवहन आयुक्त की ओर से अनुमति का इंतजार है।

# जनता दर्शन के बाद महादेव के दरबार में लगाई हाजिरी

## महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी मुख्यमंत्री योगी ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान, सुनी लोगों की शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि 'चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। इस दौरान मंदिर परिसर में योगी ने बच्चों पर प्यार लुटाया, अन्नप्राशन भी कराया।

- चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान सबकी होगी भरपूर मदद : मुख्यमंत्री

### प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख और समृद्धि

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचे। यहां मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंचामृत स्नान कराया। इसके बाद विधिवत रुद्राभिषेक किया गया।



महाशिवरात्रि पर्व पर गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मोहन भागवत कल से लखनऊ प्रवास पर



**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के प्रवास के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 व 18 फरवरी को लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान वे कुटुम्ब मिलन, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के साथ संवाद और प्रमुख जन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

### एनएचएम को मिले 30 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में प्रावधानित 1672 करोड़ 69 लाख रुपये बजट में से मिले काईड एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटीनेंस के लिए 30 करोड़ 39 लाख 61 हजार रुपये जारी किए गए हैं। बजट से विभिन्न योजनाओं को लेकर अस्पतालों में निर्मित भवन एवं अन्य संसाधन एकत्र किए जाएंगे। इतना ही नहीं, कई योजनाओं में वेतन का इंतजार कर रहे संविदा कर्मियों को वेतन मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

### आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 प्रतिशत तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। फिरोजाबाद के सिरसागंज में 24 .45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय इमर्सिव लर्निंग, विज़ुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आगंतुकों को इतिहास का जीवंत अनुभव कराएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह म्यूजियम ब्रज क्षेत्र को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संग्रहालय में आर्य समाज की स्थापना, संस्थापक व स्थानीय नेताओं का योगदान, स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका, सिद्धांत, विचारधारा, योग की प्रासंगिकता और वर्तमान समय में उसकी आवश्यकता जैसे विषयों पर अलग-अलग जोन विकसित किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि संग्रहालय "वेदों की ओर लौटो" के संदेश को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करेगा और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### साथी पोर्टल के दूसरे चरण की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाय में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। द्वितीय चरण में 'साथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल' के क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 एवं 14 फरवरी को संपन्न हुआ है। कृषि निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के तकनीकी विशेषज्ञों तथा एनआईसी के अधिकारियों ने पोर्टल की तकनीकी बारीकियों और संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीज उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग प्रणाली, ऑनलाइन पंजीकरण, स्टॉक प्रबंधन और सत्यापन प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में पोर्टल के सफल क्रियान्वयन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इससे बीज गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## एमआर टीकाकरण अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 45 जिलों में सोमवार 16 से 27 फरवरी तक विशेष खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त डोज दी जाएगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि अभियान के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। एसीएस अमित कुमार घोष ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को विद्यालय में उपस्थित कराकर एमआर वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि खसरा एवं रूबेला जैसे संक्रामक रोगों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. एच.डी.अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 97 लाख बच्चों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अमित यादव की गिरफ्तारी से गरमाएगा बजट सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा को मिला लगातार हमलावर सपा नेताओं पर पलटवार का मौका
- नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी में शामिल है पूर्व सपा नेता

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी के मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व सपा नेता अमित यादव की गिरफ्तारी से सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा को पलटवार करने का मौका मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले शीतकालीन सत्र में हंगामा कर रहे सपा विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा था कि इस रैकेट में जब सपा के लोग पकड़े जाएंगे और बुल्डोजर चलेगा तो हायतौबा मत करना।

कोडीन कफ सिरप में वाराणसी एसडीएफ ने शनिवार को जिसकी गिरफ्तारी की है, वह अमित कुमार यादव समाजवादी पार्टी युवजन सभा का पूर्व प्रदेश सचिव और हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है। वाराणसी निवासी अमित की गिरफ्तारी वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड काशीधाम के पास से हुई है। एसटीएफ के अनुसार, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल का करीबी रहा है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने करोड़ों रुपये की लगभग एक लाख बोतल फेन्सेडिल कफ सिरप को फर्जी कागजातों के जरिए नशा करने वालों और तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचा था। नशीली दवाओं को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक तस्करी करने वाले गिरोह का बड़ा आरोपी अमित यादव के पास से 1 आईफोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और नगदी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही वाराणसी और लखनऊ में हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड आलोक सिंह (आलोक सिपाही) बताया जा रहा है, जिसे बर्खास्त किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि शुभम जायसवाल, अमित यादव और मिलिंद यादव व्यापारिक साझेदार हैं और फर्जी फर्मों के जरिए नशे का कारोबार करते थे। दिलचस्प यह है कि बजट सत्र के पहले दिन ही सपा विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के भीतर और बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए इसी रैकेट को लेकर आरोप लगाए थे। वे मास्टरमाइंड आलोक सिंह और उसे संरक्षण देने वालों को बचाने का आरोप लगाते रहे। अब अमित यादव की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और सहयोगी दलों के मंत्री-विधायक पलटवार करने से पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऐसे में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुख क्या रहता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# सपा से विधायक बनने की तैयारी में था अमित

## फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी गिरोह का एक और सदस्य वाराणसी में दबोचा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनकर गनर के साथ घूमता था सपा सरकार में

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में शनिवार को वाराणसी में बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को सपा नेता व कैंट विधानसभा की तैयारी कर रहे अमित यादव को गिरफ्तार कर लिया। अमित समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव था। वह सपा सरकार में सरकारी गनर लेकर घूमता था। वर्तमान में वह कैंट विधानसभा से सपा के टिकट का प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव और कफ सिरप तस्करी गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल का करीब डेढ़ दशक पुराना रिश्ता है। दोनों ही हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के छात्रनेता रहे।

एसटीएफ ने वाराणसी के मैदागिन बड़ा गणेश के नवापुरा निवासी अमित यादव की कुंडली खंगाली। तो सामने आया कि अमित यादव 2012 में हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का छात्रसंघ अध्यक्ष चुना गया था। समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव बनाया गया था। इस दौरान 2016 में समाजवादी पार्टी ने अमित यादव को सपा सरकार ने उसे गनर भी मुहैया कराया था। वह सपा के टिकट पर 2027 में कैंट से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव को कफ सिरप तस्करी गिरोह से शुभम जायसवाल ने जोड़ा था।

### सीएम ने लिया था सदन में अमित का नाम

कोडीन युक्त कफ सिरप के खुलासे के दौरान विपक्ष द्वारा घेरे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिसंबर में सपा नेता अमित यादव का सदन में नाम लिया था। अखिलेश यादव के साथ उसकी फोटो भी साझा की थी। इसके बाद से ही अमित की गिरफ्तारी तय मानी जा रही थी। दो माह से एसटीएफ लखनऊ इकाई की टीम अमित यादव के करीबियों को रडार पर ली थी। अमित सिंह टाटा और आलोक सिंह एसटीएफ, विभोर राणा, विशाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद से ही अमित यादव का नाम आया था। वाराणसी में अमित यादव अधिवक्ता भी है।

### तीन वर्ष में बना करोड़ों का मालिक



आरोपी अमित यादव

एसटीएफ की जांच में सामने आया कि पिछले तीन वर्ष में अमित यादव की आर्थिक स्थिति में काफी तेजी से उछाल आया। घर के पास ही हरिश्चंद्र प्राथमिक विद्यालय के पीछे बहुमंजिला होटल का निर्माण कराया। तीन लग्जरी गाड़ियों के काफिले से चलने लगा। पिछले तीन वर्ष की ट्रैवेल हिस्ट्री निकाली गई तो सामने आया कि वह अक्सर सोनभद्र और झारखंड में रहा है। सप्तसागर दवा मंडी के कुछ युवा दवा कारोबारियों के संपर्क में रहने वाले अमित यादव ने शहर के अंदर दो से तीन कीमती प्रॉपर्टी भी बनाई है। एसटीएफ के अलावा ईडी भी अमित यादव और उसके रिश्तेदारों, करीबियों के बैंक विवरण और संपत्तियों की जांच कर रही है। इसके अलावा अमित यादव ने हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के पास भी एक होटल साझेदारी में तय कर रखी है। जमीन और होटल व्यवसाय में अमित यादव ने अच्छा निवेश किया है।

### तस्करों को ऊंचे दामों पर बेच रहे थे सिरप

आरोपी अमित ने शुभम जायसवाल के कहने पर अपनी फर्म 'जीएल सर्जिकल' (सप्तसागर दवा मंडी, वाराणसी) के नाम पर लगभग एक लाख बोतल कफ सिरप खरीदी। इन बोतलों को कागजों पर अन्य फर्मों को फर्जी बिक्री दिखाया गया, जबकि असल में इन्हें तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये का लाभ कमाया गया। शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद की 'शैली ट्रेडर्स' नामक फर्म के जरिए अमित यादव रांची और वाराणसी में एबॉट कंपनी के कफ सिरप का बड़ा कारोबार संचालित करता था।

# नसीमुद्दीन के आने से पीडीए मजबूत : अखिलेश

## मिशन-27 की तैयारी में जुटी सपा की मुस्लिम चेहरे की तलाश हुई पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत कई मुस्लिम नेता सपा में शामिल

**अमृत विचार :** बसपा सरकार में मंत्री रहे कद्दावर नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य दलों के कई नेताओं ने रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बसपा से जुड़े रहे अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू, डॉ. दानिश खान, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। इन नेताओं के आने से सपा ने मिशन-27 के तहत बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को सदस्यता कार्यक्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि ये सभी ज्वाइनिंग पीडीए को और सशक्त बनाएंगी। होली मिलन से पहले पीडीए का विशेष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सपा प्रमुख ने कहा कि जो भी पीड़ित और दुखी है, पीडीए उसके साथ खड़ा है।

**शामिल होने वाले नेता :** शामिल होने वाले अन्य नेताओं में दीना नाथ कुशवाहा पूर्व विधायक देवरिया, राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़ सदर, डॉ. दानिश खान एआईएमआईएम कन्नौज पूर्व प्रत्याशी, पूर्व सदस्य विधान परिषद हुस्ना सिद्दीकी, पूनम पाल एवं पहली ड्रोन पायलट इटावा की रंजना पाल प्रमुख रहीं। साथ ही नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ शिव शंकर भुर्जी, शंभू प्रजापति, मो. अयाज आब्दी, चमन लाल पूर्व वामसेफ प्रभारी, राधेलाल रावत, राम जियावन, मौलाना जमीर कासमी, अफजल सिद्दीकी, शाहिद शेख, महोबा के भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य आनंद द्विवेदी, तौकीर आदि तमाम नेता भी सपा में शामिल हो गए।

**2027 पर फोकस :** सपा की इस रणनीतिक ज्वाइनिंग को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सपा सामाजिक समीकरण साधने और संगठनात्मक मजबूती के जरिए भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति पर काम कर रही है।

### पार्टी मजबूत तो हम सब मजबूत : नसीमुद्दीन

सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सपा सरकार में पहली बार दिए गए बेरोजगारी भत्ता, छात्र-छात्राओं को लैपटॉप समेत कई कार्यों की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विजन की खासी सराहना की। उन्होंने कहा कि आज 15 हजार 7 सौ 18 लोग विभिन्न दलों को छोड़कर सपा में शामिल हुए हैं। उनका उद्देश्य समाज को मजबूत करना, कानून-व्यवस्था सुधारना और प्रदेश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और छात्रों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। कहा कि पहले पार्टी का अनुशासन, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश और उसके बाद विचारधारा, इसी क्रम में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य 2027 में सपा सरकार बनाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाना है।

# आर्थिक रूप से सशक्त पत्नी भी भरण-पोषण की हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने पति का दावा अस्वीकार किया

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण पोषण से संबंधित दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि धारा 125 का उद्देश्य केवल दरिद्रता दूर करना नहीं, बल्कि पत्नी को पति की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के अनुरूप गरिमापूर्ण जीवन मुहैया कराना है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकलपीठ ने पुनरीक्षणकर्ता पति रविंदर सिंह बिष्ट की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने रेखांकित किया कि पत्नी का केवल शिक्षित या कार्यरत होना भरण-पोषण से इनकार का आधार नहीं बन सकता, विशेषकर तब जब दोनों पक्षों की आय क्षमता और वित्तीय स्थिति में स्पष्ट असमानता हो।

मौजूदा याचिका परिवार न्यायालय, गाजियाबाद के अपर प्रधान न्यायाधीश के उस आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी, जिसमें पति को याचिका की तिथि से पत्नी को 15,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट में पति ने तर्क दिया कि पत्नी आर्थिक रूप से स्वतंत्र है और उसके आयकर रिटर्न (मई 2018) के अनुसार उसका वार्षिक वेतन 11,28,780 रुपये था, साथ ही यह भी कहा गया कि वह बीमार माता-पिता की देखभाल के कारण नौकरी छोड़ने को विवश हुआ और वित्तीय दायित्वों से बोझिल है।

इसके विपरीत पत्नी की ओर से कहा गया कि पति ने अपनी वास्तविक आय छिपाई है। ट्रायल कोर्ट में दिए बयान के अनुसार वह अप्रैल 2018 से अप्रैल 2020 तक जेपी मॉर्गन में कार्यरत था और लगभग 40 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त कर रहा था। इस पर कोर्ट ने यह भी नोट किया कि पति अपनी आय में कथित कमी या आर्थिक असमर्थता के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। पति की वित्तीय कठिनाइयों का दावा भी न्यायालय ने निरर्थक बताते हुए अस्वीकार कर दिया।

# ऊर्जा क्षेत्र के अधिकारियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 से 13 मार्च तक मसूरी में होगा पांच दिवसीय कार्यक्रम

**अमृत विचार :** ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीक और बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का शासनादेश जारी किया है। यह पांच दिवसीय इन-सर्विस प्रशिक्षण 9 से 13 मार्च 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 'ऊर्जा क्षेत्र: चुनौतियां और उनका समाधान' विषय पर आयोजित होगा।

शासनादेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के साथ केंद्रीय सचिवालय सेवा, केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा और संगठित ग्रुप-ए केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारी इसमें भाग लेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के ऊर्जा, विद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा शहरी विकास विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बिजली उत्पादन, पारेषण व वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण, नियामकीय सुधार, वित्तपोषण, परियोजना प्रबंधन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### आईएएस का अनिवार्य मिड करियर प्रशिक्षण

आईएएस अधिकारियों के मिड करियर प्रशिक्षण (फेज-5) का 17वां चरण 6 से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश कैडर के पात्र अधिकारियों की भागीदारी अनिवार्य रहेगी। इसका उद्देश्य नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना है।

कला-संस्कृति

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा

# एवगेनी बनेंगे राम, दारिया निभाएंगी सीता का किरदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत, मॉस्को में 20 फरवरी को होगी भव्य रामलीला

**अमृत विचार:** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा का सांस्कृतिक प्रभाव रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला के रूप में दिखेगा। यह भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत करेगा। एवगेनी-राम, दारिया-सीता, मुरात-लक्ष्मण और दिमित्री-हनुमान का किरदार निभाएंगे।

रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से होने वाली इस रामलीला में रूसी कलाकार भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अयोध्या का दीपोत्सव वैश्विक पहचान बन चुका है। लाखों दीपों से जगमगाती अयोध्या की छवियों ने दुनिया भर के कलाकारों और सांस्कृतिक संगठनों को आकर्षित किया। योगी सरकार पहले ही रूसी कलाकारों को अयोध्या दीपोत्सव में मंच उपलब्ध करा चुकी है, जहां उनकी प्रस्तुति ने खास सराहना पाई। उसी अनुभव से प्रेरित होकर मॉस्को में रामलीला का निर्णय लिया गया।



आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के लिए भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 20 फरवरी को जब मंच पर श्रीराम की लीला सजीव होगी, तो मॉस्को और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शक भारतीय संस्कृति की भक्ति, मर्यादा और आदर्शों से सराबोर नजर आएंगे। यह रामलीला न केवल नाट्य प्रस्तुति होगी, बल्कि भारत-रूस की सांस्कृतिक एकता और मित्रता की सशक्त मिसाल भी बनेगी।

### भारत-रूस के बीच भावनात्मक सेतु

भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों में रामलीला की परंपरा नई नहीं है। 1960 के दशक में सोवियत अभिनेता पद्मश्री गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव द्वारा मॉस्को में रामलीला मंचन ने दोनों देशों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ा था। अब यह नया आयोजन उसी परंपरा को आधुनिक संदर्भ में आगे बढ़ा रहा है।

### रूसी दर्शकों में खास उत्सुकता : डॉ. रामेश्वर

रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम केवल धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन के सार्वभौमिक संदेश का उत्सव है। संस्था के प्रमुख डॉ. रामेश्वर सिंह के अनुसार, रामलीला की कथा रूसी दर्शकों के बीच भी गहरी जिज्ञासा और भावनात्मक जुड़ाव पैदा कर रही है।



प्रेम बंधनों में नहीं आता। यह पंखों के साथ आता है।
–सत्यजीत रे, फिल्मकार



# दूरदर्शी परियोजनाएं

साउथ ब्लॉक में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, वे बुनियादी ढांचे पर केंद्रित दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का संकेत हैं। रेल, पुल, शहरी परिवहन, पूर्वोत्तर और औद्योगिक निवेश से जुड़े प्रस्तावों का सम्मिलित आकार, जो लगभग चार लाख करोड़ रुपये का है, यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया गया, तो इसका असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों पर विशेष रूप से दिखाई देगा। सबसे प्रमुख निर्णयों में रेल और सेतु परियोजनाओं के लिए लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। पिछले एक दशक में रेलवे का पूंजीगत व्यय कई गुना बढ़ा है। 2013-14 में जहां यह लगभग 63 हजार करोड़ रुपये था, वहीं हाल के वर्षों में यह तीन लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका है।

यह बताता है कि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत घटाने और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर का केंद्र है और जहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के महत्वपूर्ण खंड गुजरते हैं, इन परियोजनाओं से औद्योगिक निवेश और निर्यात क्षमता में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकता है। 2254 करोड़ रुपये की लागत से नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार ग्रेटर नोएडा और आईटी-औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देगा। इससे रियल एस्टेट, स्टार्टअप इकोसिस्टम और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश पहले ही एक्सप्रेसवे और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के माध्यम से बुनियादी ढांचे में निवेश का मॉडल प्रस्तुत कर चुका है; यह कदम उस श्रृंखला को आगे बढ़ाएगा। उत्तराखंड के संदर्भ में, रेल और पुल परियोजनाएं सामरिक तथा पर्यटन दोनों दृष्टियों से अहम हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और रेल संपर्क लंबे समय से विकास की कुंजी माने जाते रहे हैं। चारधाम परियोजना और ॠषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन जैसी पहलों के साथ यदि नई स्वीकृतियां जुड़ती हैं, तो राज्य की अर्थव्यवस्था, जो पर्यटन और रक्षा प्रतिष्ठानों पर निर्भर है, उसे स्थायित्व मिलेगा। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक केंद्र और उत्तराखंड को सामरिक-पर्यटन हब बनाने की दिशा में यह कदम उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक और आरबीआई के आकलन के अनुसार बुनियादी ढांचा निवेश का गुणक प्रभाव 2 से 2.5 तक हो सकता है, अर्थात एक रुपये के निवेश से दो रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होती है।

ये निर्णय केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे आधारित विकास मॉडल की पुनर्पुष्टि हैं। बशर्ते घोषणाएं धरातल पर उतरें। बेशक, व्यावहारिकता का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। पिछली कैबिनेट बैठकों में घोषित कई परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी और वित्तीय पुनर्संतुलन के कारण विलंबित हुई हैं। यदि परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो वे अगले दशक की आर्थिक संरचना को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं; अन्यथा वे भी कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाने का जोखिम उठाएंगी, इसलिए साफ है कि इन ऐतिहासिक घोषणाओं की सफलता, इन्हें लागू कराने वाली एजेंसियों की समय सीमा प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की सुदृढ़ता ही तय करेगी।

## प्रसंगवश

# बिखरते परिवारों को संजोने की जरूरत

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है और परिवार नागरिकता की प्रथम पाठशाला भी है। एक बच्चा जब पैदा होता है, तब वह मां की ही गोद में अपनी आंखें खोलता है और मां ही उसकी प्रथम शिक्षिका होती है। मां उसे जो-जो शिक्षा देती जाती है, बच्चा उसी शिक्षा को आत्मसात करता जाता है, इसीलिए ईएम व्हाइट ने कहा, 'परिवार के गुण नागरिकता के गुणो में वैसे ही बदल जाते हैं, जैसे कली खिलकर फूल बन जाती है।' इसी बात को एक विद्वान ने कहा कि बच्चा परिवार का दर्पण होता है, जिसमें उस परिवार के सभी गुण परिलक्षित होते हैं।

उपर्युक्त से प्रतीत होता है कि परिवार हमारे सबके जीवन में कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कहते हैं कि परिवार से ही समाज बनता है और समाज से देश। यानी जब हम समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार की परवरिश अच्छे ढंग से करेंगे, तो निश्चित रूप से हम एक सुशिक्षित एवं संस्कारी समाज की ओर अग्रसारित होकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

एक बच्चा पहले परिवार से सीखता है, फिर समाज से सीखता है और फिर वह देश का नागरिक बन जाता है। बहुत पहले हमारे समाज में संयुक्त परिवार का प्रचलन था, लेकिन आधुनिक अबो-हवा एवं बढ़ते हुए पश्चात संस्कृति ने हमारे संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया है। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे टूट कर एकल परिवारों में परिवर्तित हो रहे हैं, जिससे मानव समाज का जीवन दुष्कर एवं नारकीय होता जा रहा है। हर व्यक्ति के जीवन में सूनापन एवं एकाकीपन है। जीवन के रास्ते पर चलते हुए, यदि उसके जीवन में धक्का लग जाए, तो उसे उठाना तो दूर उसे कोई सांत्वना देने वाला नहीं मिलेगा। आखिरकार हम पढ़-लिखकर सभ्य एवं सुशिक्षित होकर किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, यह एक विचारणीय यक्ष प्रश्न है, जिस पर आजकल के परिवार एवं समाज को सोचना चाहिए। बदलते आधुनिक परिवेश में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास दिन प्रतिदिन होता जा रहा है, जिससे पारिवारिक विघटन तेजी से हो रहा है।

वैसे तो पारिवारिक विघटन के अनेकानेक कारण हैं, लेकिन कुछेक कारणों का विश्लेषण यहां पर किया जा सकता है। इसमें सबसे प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कारण है, आर्थिक कारण। पिछले जमाने में हमारा समाज मूल्यों पर चलता था। समाज में नैतिक मूल्यों का बोलबाला रहता था। अर्थ गौण था, लेकिन आधुनिक समाज ने अब यह काम ठीक इसके उलट कर दिया है, जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। उसका समाज में कोई वजूद नहीं है। अर्थ के कारण ही आज आदमी घर-परिवार एवं समाज को छोड़कर दूरस्थ स्थानों पर नौकरी करने के लिए चला जाता है।

रोजगार के अभाव में आजकल लड़के और लड़कियों की शादी समय पर नहीं हो पा रही है। शादी महंगी होती जा रही है। एक शादी करने में लोगों की कमर टूट जा रही है और बढ़ती महंगाई उसमें आग में घी का काम कर रही है, इसीलिए आर्थिक मूल्य के आगे नैतिक मूल्यों को कमतर आंका जा रहा है। दूसरा प्रमुख कारण है, संस्कार। आजकल मां-बाप दोनों कामकाजी हैं और दोनों के कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से नहीं हो पा रही है। नौकरीशुदा बहुओं ने तो परिवार का आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया है। अब यह नई बहुएं परिवार में समायोजन के स्थान पर अपनी नई सरकार चलाती हैं। पति के सब कुछ जानते हुए, मौन के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता नहीं होता है, इसीलिए पारिवारिक मूल्यों को पहचानें एवं उन्हें पुनर्स्थापित करें, तभी पुराना गौरव लौट पाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# बांग्लादेश में नया दौर: हिंदुओं के लिए उम्मीद या खतरा?





विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

बांग्लादेश में हाल ही में हुए आम चुनावों ने सबको चौंका दिया है। 12 फरवरी 2026 को हुए इन चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया। तारिक रहमान अब नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और उनकी पार्टी ने 209 से ज्यादा सीटें जीतीं हैं, जो दो-तिहाई बहुमत है। जमायते-ए- इस्लामी जैसी पार्टी दूसरे नंबर पर आई है, लेकिन बीएनपी की जीत से लगता है कि लोग बदलाव चाहते हैं।

2024 के छात्र विद्रोह के बाद शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया गया था और ये पहला चुनाव था, जहां लोग आजादी से वोट डाल सके, लेकिन अब सवाल ये है कि क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी? ये सिर्फ एक देश की नहीं, बल्कि इंसानियत की बात है।

सबसे पहले तो बांग्लादेश के इतिहास को समझना जरूरी है। 1971 में जब बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ, तो वो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में बना था, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती गई। उस समय हिंदू आबादी 30 फीसद के करीब थी, लेकिन अब घटकर 8-9 फीसद रह गई है। क्यों? क्योंकि बार-बार हमले, लूटपाट, बलात्कार और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। पाकिस्तान के समय में तो हिंदुओं को दुश्मन संपत्ति एक्ट के तहत उनकी जमीनें छीन ली गईं, और ये सिलसिला आज तक चल रहा है। अवामी लीग के समय में भी हमले होते थे, लेकिन बीएनपी और जमात के साथ मिलकर सरकार बनने पर ये और बढ़ जाते थे।

> बांग्लादेश में बीएनपी की जीत बताती है कि लोग बदलाव चाहते हैं। क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी?

याद कीजिए 2001 का चुनाव। बीएनपी ने जीत हासिल की थी और उसके बाद पूरे देश में हिंदुओं पर संगठित हमले हुए। हजारों घर जलाए गए, महिलाओं के साथ जुल्म हुए और कई लोग मारे गए। मानवाधिकार संगठनों ने रिपोर्ट की कि ये हमले बीएनपी के समर्थकों और जमायते-ए-इस्तामी के लोगों ने किए थे, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता था। पुलिस ने कुछ नहीं किया और सरकार ने इनकार कर दिया। इसी तरह 1990 और 1992 में भी हिंदू मंदिरों पर हमले हुए थे।

बीएनपी की सरकार (2001-2006) में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का कोई सिस्टम नहीं था। जमात जैसी पार्टियां, जो इस्लामी कट्टरपंथ को बढ़ावा देती हैं, उनके साथ गठबंधन से हालात और बिगड़े। 1971 की मुक्ति संग्राम में जमात ने पाकिस्तान का साथ दिया था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए थे। तो बीएनपी की जीत से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं।

अब बात करें हाल की। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। भारत सरकार के मुताबिक, 2900 से ज्यादा घटनाएं हुईं, जिसमें हिंदू घरों को जलाया गया, मंदिर तोड़े गए और लोग मारे गए। कई हिंदू भारत भाग आए। चुनाव से पहले ये हमले और बढ़ गए। राजशाही में एक हिंदू टीचर कहते हैं कि वो राजनीति पर भरोसा करने के आखिरी कगार पर हैं। ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसायटी की रिपोर्ट कहती है कि 17 महीनों में 56 हमले हुए, जिसमें एक मौत और 27 घायल। ये हमले सिर्फ हिंदुओं पर नहीं, बल्कि बौद्ध, ईसाई और आदिवासी समुदायों पर भी हुए।

कई लोग कहते हैं कि ये हमले धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता है, तो बदला लिया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार कहती है कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि साधारण अपराध हैं, लेकिन मानवाधिकार संगठन और हिंदू नेता कहते हैं कि ये सिस्टेमेटिक है और चुनाव के समय में बढ़ रहा है। बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी, लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है।

अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है, जो अल्पसंख्यकों के लिए मुश्किल होगी। अब सवाल ये है कि क्या हालत सुधरेगी? बीएनपी की जीत से कुछ लोग उम्मीद कर रहे हैं। चुनाव में वोटर टर्नआउट 59 फीसद था और लोग लोकतंत्र चाहते हैं। बीएनपी ने अर्थव्यवस्था सुधारने और लोकतंत्र बहाल करने का वादा किया है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए ये टेस्ट होगा। अगर सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हमले जारी रहेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर भारत को दबाव बनाना चाहिए। भारत ने पहले ही कहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जरूरी है। एक्स पर भी लोग बात कर रहे हैं, जैसे एक यूजर ने कहा है कि बीएनपी की जीत से हिंदुओं की सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ये कोई राजनीतिक खेल नहीं है। ये लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सबको बराबर हक मिलना चाहिए।

अगर बीएनपी सरकार ने पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं और जमात जैसे कट्टरपंथियों को काबू में रखा, तो शायद हालत सुधरे, लेकिन अगर नहीं, तो स्थिति और खराब हो सकती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि नई सरकार सबको साथ लेकर चले, क्योंकि एक देश तभी तरक्की करता है जब सब सुरक्षित महसूस करें। भारत जैसे पड़ोसी देशों को मदद करनी चाहिए, लेकिन बिना दखल दिए। आखिर में, इंसानियत से ऊपर कुछ नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने



यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सपकाल को छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

–देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

## सामने



भाजपा पहले टीपू सुल्तान का सम्मान करती थी, लेकिन अब ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए उनके खिलाफ माहौल बना रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा स्वयं टीपू सुल्तान की कब्र पर गए थे और आगंतुक पुस्तिका में प्रशंसा लिखकर गए थे।

–सचिन सावंत
कांग्रेस नेता, महाराष्ट्र

# आईटी शेयरों में गिरावट व निवेशकों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ महीनों में भारतीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेक्टर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। एक समय बाजार का नेतृत्व करने वाला यह सेक्टर अब दबाव में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2026 की शुरुआत से कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि आईटी इंडेक्स भी अपने पिछले उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। यह स्थिति निवेशकों के लिए चिंता का विषय है और यह समझना आवश्यक हो गया है कि आखिर आईटी शेयरों में गिरावट क्यों आ रही है और आगे निवेश की रणनीति क्या होनी चाहिए।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। भारतीय आईटी कंपनियों की आय का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और यूरोप से आता है। इन देशों में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है। जब विदेशी कंपनियां लागत कम करने लगती हैं, तो सबसे पहले आईटी सेवाओं के नए अनुबंध प्रभावित होते हैं, जिसका सीधा असर भारतीय कंपनियों की आय पर पड़ता है। दूसरा बड़ा कारण ब्याज दरों का प्रभाव है। पिछले दो वर्षों में अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। इससे कंपनियों की पूंजी लागत बढ़ी और तकनीकी निवेश धीमा पड़ा, हालांकि कुछ केंद्रीय बैंकों ने दरों में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, जिससे आईटी सेक्टर पर दबाव जारी है।

> अमेरिका और यूरोप में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है।

तीसरा कारण तकनीकी बदलाव है, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का तेजी से विस्तार। एआई ने आईटी उद्योग के पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है। कई कंपनियां अब कम मानव संसाधन में अधिक कार्य कर पा रही हैं, जिससे पारंपरिक आउटसोर्सिंग सेवाओं की मांग पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है। इससे निवेशकों में यह धारणा बनी है कि भविष्य में आईटी कंपनियों की वृद्धि दर पहले जैसी तेज नहीं रह सकती।

चौथा कारण वैल्यूएशन का संतुलन है। पिछले एक दशक में आईटी कंपनियों को स्थिर आय, उच्च मार्जिन और मजबूत नकदी प्रवाह के कारण प्रीमियम वैल्यूएशन मिलता रहा, लेकिन अब निवेशक उच्च वैल्यूएशन को लेकर सतर्क हो गए हैं और मुनाफावसूली बढ़ी है, जिससे शेयरों में गिरावट आई है।

यदि वैश्विक प्रदर्शन की बात करें तो केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में आईटी और टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका के प्रमुख टेक इंडेक्स में भी पिछले महीनों में अस्थिरता रही है, हालांकि सेमीकंडक्टर और क्लाउड आधारित कंपनियां अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन आईटी सेवाओं और सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग क्षेत्र में वृद्धि दर धीमी हुई है। यूरोप और एशिया के कई टेक शेयर भी दबाव में रहे हैं। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है, क्योंकि विदेशी निवेशकों की भागीदारी भारतीय आईटी शेयरों में काफी अधिक है।

भारतीय निवेशकों पर इसका प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देता है। सबसे पहले, जिन निवेशकों के पोर्टफोलियो में आईटी सेक्टर का अधिक वजन है, उनके कुल निवेश मूल्य में गिरावट आई है। दूसरा, कई इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आईटी कंपनियों की हिस्सेदारी अधिक होने के कारण उनके रिटर्न पर भी असर पड़ा है। तीसरा, बाजार में अस्थिरता बढ़ने से नए निवेशकों का भरोसा अस्थायी रूप से कमजोर हुआ है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह आईटी शेयरों में निवेश का सही समय है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। अल्पकालिक निवेशकों के लिए आईटी सेक्टर अभी भी जोखिमपूर्ण रह सकता है, क्योंकि वैश्विक मांग में सुधार के संकेत स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह चरण अवसर भी बन सकता है, क्योंकि भारत की आईटी कंपनियां अभी भी मजबूत बैलेंस शीट, उच्च नकदी भंडार और वैश्विक उपस्थिति रखती हैं। चरणबद्ध निवेश और लंबी अवधि का दृष्टिकोण यहां अधिक सुरक्षित माना जा सकता है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति 'शॉक-प्रूफ पोर्टफोलियो' बनाना है। इसका अर्थ है ऐसा पोर्टफोलियो, जिसमें किसी एक सेक्टर की गिरावट पूरे निवेश को प्रभावित न कर सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो में लगभग 30 से 35 प्रतिशत निवेश बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में रखा जा सकता है, क्योंकि यह सेक्टर घरेलू अर्थव्यवस्था की वृद्धि से लाभान्वित होता है। 15 से 20 प्रतिशत निवेश आईटी और डिजिटल कंपनियों में रखा जा सकता है, ताकि भविष्य की तकनीकी वृद्धि का लाभ भी मिलता रहे। इसके अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत निवेश सोना, चांदी या अन्य कमोडिटी में रखना उपयोगी हो सकता है, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता के समय ये परिसंपत्तियां सुरक्षा प्रदान करती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# आयरलैंड की बहादुर प्रेमिका



1972 में आयरलैंड-ब्रिटिश युद्ध के दौरान ली गई यह तस्वीर एक आयरिश लड़की की है। वह अपने मंगेतर की बंदूक से गोली चला रही है, जो ब्रिटिश आर्मी से युद्ध के दौरान घायल हो गया था। उसका घायल मंगेतर एक कार द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिए जाने के कारण बच गया, जबकि प्रेमिका ब्रिटिश सैनिकों से मुठभेड़ के दौरान मारी गई।



अनुपम गुप्ता
ब्लॉगर

जब इंग्लिश सेना के बटालियन कमांडर को यह पता लगा कि वे एक महिला से लड़ रहे थे, तब उन्होंने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे महिला के शव को हांथ न लगाएं और आयरिश लोगों को उसका शव दफ़नाने की अनुमति दे दी। तब उन लोगों ने कमांडर को यह कहते भी सुना कि-

'We defend a queen who doesn't care about us. And this woman cares about her lover and her land.'

'हम एक रानी की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, जिसे हमारी परवाह नहीं और यह महिला अपने प्रेमी और मातृभूमि की परवाह करती है।'

यह तस्वीर आयरलैंड में महिला दिवस पर सर्वश्रेष्ठ चुनी गई और लिखा गया-

'Don't be afraid to be associated with a strong woman the day may come and she'll be your only army.'

'एक मजबूत महिला को अपनाने से मत डरिए, जब वक़्त आएगा वह तुम्हारा इकलौता हथियार होगी।' –फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# बड़े खतरे का संकेत हैं अरावली की दरारें

अरावली पहाड़ियों में उत्खनन से बढ़ रहे खतरे का संकेत पर्यावरण के संरक्षक यूं ही नहीं दे रहे थे! अब इन अनुमानों का सत्य इस पर्वतमाला में पड़ी 12 दरारों से सामने आ गया है। इस कारण अरावली पर्वत श्रृंखलाएं न केवल लगातार कमजोर हुई हैं, बल्कि ये थार रेगिस्तान से पूर्व की ओर खिसकना भी शुरू हो गई हैं। इसके चलते राजस्थान के जयपुर सहित पूर्वी हिस्सों हरियाणा, दिल्ली-राजधानी क्षेत्र और गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों के मरुस्थलीकरण में बदलने का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में 1972-75, 1982-84, 1994-96 और विषेश रूप से 2005-2007 के कालखंड में किए गए क्रमिक उपग्रह आधारित अध्ययनों में यह चिंताजनक खुलासा किया गया है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट के अनुसार अरावली पर्वतमाला पर बनी 12 बड़ी दरारों के माध्यम से रेगिस्तानी रेत पूर्व की ओर बढ़ रही है। वर्ष 2005-07 के बाद अरावली की रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने वाली क्षमता में तीव्रता से गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि इसी दौर में गुड़गांव समेत दिल्ली राजधानी क्षेत्र में शहरीकरण के साथ औद्योगिक-प्रौद्योगिक विस्तार के लिए वनों की कटाई के साथ पत्थर उत्खनन में आई तेजी चरम पर पहुंच गई। नतीजतन पर्वतमाला की 12 प्रमुख दरारें अजमेर की मगरा पहाड़ियों से निकलकर झुंझूनूं के खेतड़ी और माधोगढ़ होते हुए हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई है।

इन्हीं कमजोर हिस्सों से लेकर थार रेगिस्तान की रेत पूर्व की ओर फैल रही है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भी अपने अध्ययन में चेताया था कि आने वाले वर्षों में रेगिस्तान से उठने वाले रेत के तूफान दिल्ली और एनसीआर तक पहुंचकर इनके पर्यावरण को बड़ी मात्रा में बिगाड़ने का काम कर सकते हैं, लेकिन इन सर्वेक्षणों और अध्ययनों को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की राज्य सरकारों समेत केंद्र सरकार भी अनदेखा करते हुए कथित विकास के विनाशकारी उपायों को बढ़ावा देती रहीं।

अरावली पहाड़ियां दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाएं हैं। लगभग 692 किलोमीटर के दायरे में फैली ये पहाड़ियां गुजरात से शुरू होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक पसरी हैं। इन पहाड़ियों का मानव समुदाय के लिए प्राकृतिक महत्व है। इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जगत की सांसें इन पर्वतमालाओं से गुजरने वाली शुद्ध हवा पर निर्भर हैं। इन्हीं पहाड़ियों की ओट पश्चिमी रेगिस्तान को फैलने से रोके हुए है, अन्यथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की जो उपजाऊ भूमि है, उसे रेगिस्तान में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा।

पहाड़ियों की हरियाली नष्ट होने से इस क्षेत्र में शुष्कता का विस्तार हो रहा है और गर्मी बढ़ रही है। नतीजतन जल स्तर आशंका से कहीं ज्यादा नीचे जा रहा है। लोगों में सांस और दमा की बीमारियां बढ़ रही हैं। ये परिणाम नेता, अधिकारी और ठेकेदारों के अकूत लालच की देन हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये पर्वत श्रृंखलाएं समान परिस्थितियों में तापमान को डेढ़ से ढाई डिग्री तक नियंत्रित रखने और भू-जल के पुनर्भरण में अहम् भूमिका निभाती है। इनमें प्रति हेक्टेयर 20 लाख लीटर भू-जल पुनर्भरण की अद्वितीय क्षमता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हरियाणा की 8.2 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण के दायरे में है, क्योंकि 2019 तक ही अरावली का लगभग 5.77 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र उत्खनन से तबाह हो चुका था। साफ है, जानकारी होने के बावजूद अरावली संकट को कथित विकास के लिए नजरअंदाज किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत का EV बाजार बिक्री में उछाल

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार 2026 की शुरुआत के साथ ही नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। ग्राहकों की रुचि अब पारंपरिक ईंधन से हटकर इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर बढ़ रही है। पहले जहां इस क्षेत्र में कुछ ही कंपनियों का दबदबा था, वहीं अब कई नए ब्रांड और मॉडल बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। इससे प्रतिस्पर्धा तेज हुई है और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं। बढ़ती जागरुकता, ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच इस बदलाव को गति दे रही है। कुल मिलाकर EV बाजार अब शुरुआती चरण से निकलकर स्थिर विकास की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### बिक्री के आंकड़े और बाजार का विस्तार

हाल के महीनों में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो यह संकेत देती है कि उपभोक्ता अब नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार हैं। रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी के आंकड़े बताते हैं कि शहरों के साथ-साथ छोटे नगरों में भी EV की स्वीकार्यता बढ़ रही है। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और नई स्कीमों ने ग्राहकों का भरोसा मजबूत किया है। कीमतों में धीरे-धीरे संतुलन आने से भी मध्यम वर्ग के खरीदार इस सेगमेंट की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह रुझान केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि ऑटो इंडस्ट्री के भविष्य की दिशा का संकेत माना जा रहा है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बन रही है।



### तकनीक, चार्जिंग और उपयोगिता

EV बाजार की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे तकनीकी सुधार एक बड़ा कारण है। बैटरी रेंज में वृद्धि, तेज चार्जिंग विकल्प और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स ने इलेक्ट्रिक कारों को अधिक व्यावहारिक बना दिया है। शहरों में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ने से लंबी दूरी की यात्रा को लेकर ग्राहकों की चिंता कम हुई है। इसके अलावा, मेंटेनेंस लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण भी लोग EV को दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखने लगे हैं। डिजिटल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप इंटीग्रेशन और एडवांस सेफ्टी फीचर्स इस सेगमेंट को आधुनिक और उपयोगी बनाते हैं।

### नए ब्रांड और प्रतिस्पर्धा का असर

बाजार में नए खिलाड़ियों की एंट्री ने प्रतिस्पर्धा को और दिलचस्प बना दिया है। पहले सीमित विकल्प होने के कारण ग्राहक कुछ चुनिंदा मॉडलों तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब डिजाइन, रेंज और फीचर्स के आधार पर कई विकल्प उपलब्ध हैं। इससे कंपनियों को अपनी तकनीक, बैटरी क्षमता और कीमतों पर ज्यादा ध्यान देना पड़ रहा है। नई कंपनियों के आने से पुरानी कंपनियों को भी अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करना पड़ रहा है, जिससे कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं मिल रही हैं। यह प्रतिस्पर्धा बाजार को संतुलित और गतिशील बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।





### भविष्य की संभावनाएं और उपभोक्ता रुझान

आने वाले समय में EV बाजार के और मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। जैसे-जैसे नई मॉडल लाइन-अप बाजार में आएगी, ग्राहकों की पसंद और भी विविध होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कुल ऑटो बिक्री में उल्लेखनीय स्तर तक पहुंच सकती है। सरकार की नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी विकास इस बदलाव को स्थायी रूप दे सकते हैं। विश्व इलेक्ट्रिक कार बाजार की बात करें तो चीन में पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की गिरावट आई है। उत्तरी अमेरिका में 33 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। अलबत्ता यूरोप में वृद्धि हुई है।

## मॉय फर्स्ट राइड

# स्टेयरिंग के पीछे मेरा आत्मविश्वास



जब मैंने पहली बार कार की चाबी हाथ में ली, तो वह सिर्फ एक वाहन की चाबी नहीं थी, बल्कि जिम्मेदारियों का पूरा गुच्छा था। मैं एकल परिवार में रहती हूं और मेरे पति का काम ऐसा है कि उन्हें ज्यादातर समय शहर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में घर, बच्चे, स्कूल, बाजार और जिंदगी की छोटी-बड़ी जरूरतें- सब कुछ मेरे कंधों पर आ जाता है। पहले यह सब ऑटो, टैक्सी या पड़ोसियों की मदद से चलता था, लेकिन हर बार किसी पर निर्भर रहना मन को कचोटता था।

एक दिन स्कूल से फोन आया- बच्चे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस दिन मुझे सबसे ज्यादा अपनी असहायता का एहसास हुआ। उसी शाम मैंने तय कर लिया कि अब कार चलाना सीखना कोई शौक नहीं, जरूरत है। अगले ही हफ्ते ड्राइविंग स्कूल जॉइन किया। पहले दिन स्टेयरिंग पकड़ते हुए हाथ कांप रहे थे। एक्सेलेरेटर और ब्रेक के बीच का संतुलन जैसे जीवन के संतुलन की परीक्षा ले रहा था। इंस्ट्रक्टर की आवाज, पीछे से आते हॉर्न और मन के भीतर का डर सब मिलकर मुझे कई बार रुकने को मजबूर करते रहे, पर हर रुकावट के बाद एक नई हिम्मत भी पैदा होती थी। बच्चों की स्कूल बस पकड़वाने की जल्दी, सब्जी मंडी के भारी थैले और देर रात तक जागते हुए पति की आवाज फोन पर ये सब मुझे आगे बढ़ाते रहे। कुछ दिनों बाद डर धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदलने लगा। पहली बार जब मैं अकेले बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटी, तो लगा जैसे मैंने कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो। धीरे-धीरे सड़कें मुझे डराने के बजाय परिचित लगने लगीं। ट्रैफिक सिग्नल, यू-टर्न और तंग गलियां अब चुनौती नहीं रहीं। बच्चों की आंखों में भी गर्व झलकने लगा- "मम्मी अब खुद गाड़ी चलाती हैं।" यह एक छोटा सा वाक्य मेरे लिए बड़ी उपलब्धि बन गया। कार चलाना मेरे लिए सिर्फ एक कौशल नहीं रहा, यह मेरी आजादी का प्रतीक बन गया। अब जरूरत पड़ने पर किसी को फोन नहीं करना पड़ता, किसी एहसान का बोझ नहीं रहता।

बारिश हो या धूप, समय पर अस्पताल पहुंचना हो या अचानक कोई जरूरी काम-स्टेयरिंग के पीछे बैठते ही मुझे अपने फैसलों पर भरोसा होने लगा। आज जब मैं सड़क पर कार चलाती हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने सिर्फ गाड़ी नहीं सीखी, मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा है। यह अनुभव मुझे हर दिन याद दिलाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अगर हौसला हो तो रास्ते खुद बन जाते हैं।

*-नीलम, कानपुर*

# क्यों एडवेंचर बाइक होती है परफेक्ट टूरिंग मशीन!

लंबी दूरी की बाइक यात्राएं सिर्फ मंजिल तक पहुंचना नहीं, बल्कि हर मोड़, हर रास्ते और हर चुनौती को महसूस करने का नाम है। ऐसे सफर में बाइक सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आपका सबसे भरोसेमंद साथी बन जाती है। यही वजह है कि एडवेंचर बाइकों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। ये बाइक उन राइडर्स के लिए बनाई जाती है, जो हाईवे की रफ्तार, खराब सड़कों की चुनौती और ऑफ-रोड रोमांच तीनों को एक साथ जीना चाहते हैं। एडवेंचर बाइक का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है इसकी ऑल-राउंडर नेचर। मजबूत बॉडी, संतुलित चेसिस और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ ये बाइक लंबी दूरी की राइडिंग के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। चाहे कई सौ किलोमीटर का हाईवे रन हो या अचानक आया खराब रास्ता-एडवेंचर बाइक हर स्थिति में भरोसा देती है।

### रिलैक्स राइडिंग पोजिशन

सीधी और रिलैक्स बैठने की पोजिशन एडवेंचर बाइक को टूरिंग के लिए आदर्श बनाती है। चौड़े हैंडलबार, कंफर्टेबल सीट और सही जगह लगे फुट पेग्स शरीर के वजन को संतुलित रखते हैं। इससे कमर, घुटनों और कंधों पर दबाव कम पड़ता है और लंबी राइड्स आसान हो जाती हैं।

### स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स

आधुनिक एडवेंचर बाइकों में ट्रैक्शन कंट्रोल, राइड मोड्स, क्रूज कंट्रोल और नेविगेशन जैसी सुविधाएं आम हो चुकी हैं। ये फीचर्स न सिर्फ राइड को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि थकान भी कम करते हैं। खासकर लंबी यात्राओं में।

### एडवांस सस्पेंशन

लंबी यात्राओं में सड़क की हालत सबसे बड़ा रोल निभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एडवेंचर बाइकों में लंबा ट्रैवल सस्पेंशन दिया जाता है, जो गड्ढों, उबड़-खाबड़ रास्तों और ऑफ-रोड सतह को आसानी से संभाल लेता है। कई बाइकों में इलेक्ट्रॉनिकली एडजस्ट होने वाला सस्पेंशन भी मिलता है, जो लोड और राइडिंग कंडीशन के अनुसार खुद को ढाल लेता है। नतीजा बेहतर स्टेबिलिटी, कम थकान और ज्यादा आत्मविश्वास।

### एयरोडायनामिक डिजाइन

लंबी हाईवे राइड्स में हवा की मार राइडर को जल्दी थका देती है। एडवेंचर बाइकों में दिए गए बड़े फेयरिंग और ऊंची विंडशील्ड हवा को राइडर से दूर मोड़ देते हैं। इससे न सिर्फ शरीर पर दबाव कम पड़ता है, बल्कि लंबी दूरी तय करने के बाद भी राइडर तरोताजा महसूस करता है।

### बड़ा फ्यूल टैंक

एडवेंचर बाइक की पहचान उसका बड़ा फ्यूल टैंक भी है। लंबी दूरी की राइडिंग में बार-बार पेट्रोल पंप ढूंढना परेशानी बन सकता है। ज्यादा फ्यूल कैपेसिटी और बेहतर माइलेज के चलते ये बाइक दूरदराज इलाकों में भी निश्चिंत होकर चलाने का भरोसा देती हैं।




# विदेश में ड्राइव प्लान: IDP को न करें नजरअंदाज

## काम की बात

इंटरनेशनल ट्रिप की तैयारी करते वक्त हमारी प्राथमिकता अक्सर फ्लाइट टिकट, होटल बुकिंग और वीजा पर ही टिकी रहती है। घूमने की जगहों की लिस्ट बन जाती है, जरूरी गाइडलाइंस भी देख ली जाती हैं, लेकिन अगर योजना विदेशी धरती पर खुद स्टेयरिंग संभालने की हो, तो एक बेहद अहम दस्तावेज अक्सर हमारी ट्रैवल चेकलिस्ट से छूट जाता है। यही दस्तावेज है इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट (IDP)। यह सिर्फ एक औपचारिक कागज नहीं, बल्कि आपकी ड्राइविंग पहचान का अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण है, जो यह साबित करता है कि आप भारत में अधिकृत चालक हैं और दुनिया के कई देशों में कानूनी रूप से वाहन चला सकते हैं। आज के समय में इंटरनेशनल सेल्फ-ड्राइव ट्रैवल का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में IDP आपकी यात्रा को न केवल आसान बनाता है, बल्कि किसी भी कानूनी परेशानी से भी बचाता है। *-फीचर डेस्क*

### IDP क्या और क्यों है जरूरी?

इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट आमतौर पर जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। विदेश में ड्राइव करते समय इसे अपने भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट के साथ रखना अनिवार्य होता है। कई देशों में बिना IDP के न तो कार किराए पर मिलती है और न ही इलीगल तरीके से ड्राइव करने की अनुमति। कुछ जगहों पर भारी जुर्माना या ड्राइविंग पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

अच्छी बात यह है कि अब IDP के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। Ministry of Road Transport and Highways के परिवहन (Parivahan) पोर्टल के जरिए आप घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कौन कर सकता है आवेदन?

भारत में IDP के लिए आवेदन करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें पूरी करनी होती हैं। आवेदक का भारतीय नागरिक होना जरूरी है और उसके पास वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस आवेदन की तारीख से कम से कम छह महीने तक वैध होना चाहिए। साथ ही, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है।

### IDP के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन प्रक्रिया के दौरान कुछ अहम दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। इनमें भरा हुआ IDP एप्लीकेशन फॉर्म (Form 4A), वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी, पासपोर्ट की कॉपी (पर्सनल डिटेल और वीज़ा पेज), हाल की पासपोर्ट साइज फोटो, वीजा की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी और एड्रेस प्रूफ शामिल हैं। सभी डॉक्यूमेंट्स सही और स्पष्ट होने चाहिए, ताकि आवेदन में कोई देरी न हो।






### फीस और वैधता

IDP बनवाने के लिए 1,000 रुपये की फीस देनी होती है। यह परमिट जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। यदि भविष्य में दोबारा इसकी जरूरत पड़े, तो नई आवेदन प्रक्रिया के जरिए इसे फिर से बनवाना होता है। भुगतान आप UPI, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग से कर सकते हैं। कुछ मामलों में आधार वेरिफिकेशन या स्थानीय RTO में फिजिकल वेरिफिकेशन की जरूरत भी पड़ सकती है।

### आसान प्रक्रिया है आवेदन की

परिवहन सारथी पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें, जहां से आपका ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस सेक्शन में जाकर इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ड्राइविंग लाइसेंस नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें, जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस का भुगतान कर दें।

### विदेश में IDP इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें

विदेश में ड्राइव करते समय हमेशा अपना भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और IDP साथ रखें। जिस देश में जा रहे हैं, वहां के ट्रैफिक नियमों और रोड साइन की जानकारी पहले से ले लें। अगर कार किराए पर ले रहे हैं, तो रेंटल कंपनी को IDP के बारे में जरूर बताएं। कुछ देशों में विदेशी ड्राइवरों के लिए अलग उम्र सीमा या नियम हो सकते हैं।

## एफपीआई का फरवरी में 29,714 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने 1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राज श्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक ( किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550
**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मैथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किशमिश पीली 350-400, मखाना 950-1100
**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1 किग्रा,5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4000 मसूरी- 1400 बासमती- 8400-9200 परमल- 2000-4200
**दाल दलहन :** काला चना- 2400-3600 साबुत चना दाल- 1000 मूंग साबुत- 5200 राजमा- 9000-12100 दाल उड़द- 7000 साबुत मसूर दाल- 4000 मसूर दाल- 1400 उड़द साबुत- 10200 काबुली चना- 7200-10000 अरहर दाल- 10200 -12000 लोबिया/ करमानी- 2200-4000

# एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां

## इक्रियर की रिपोर्ट : 63% कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और डेटा कौशल की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। ओपनआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। करीब 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है।

'एआई एंड जॉब्सः दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया है कि कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है। मुख्य रूप से प्रवेश स्तर पर ऐसा देखने को मिल रहा है। साथ ही मध्यम और शीर्ष स्तर पर भर्तियों में स्थिरता भी है। रिपोर्ट कहती है कि सॉफ्टवेयर डेवलपर और डेटाबेस प्रशासक जैसे एआई की जरूरत वाले क्षेत्रों में मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई से सबसे ज़्यादा प्रभावित 1,900 से ज्यादा कारोबारी खंडों में उत्पादकता में बढ़ोतरी, गिरावट से काफी ज्यादा है। सर्वे में शामिल आधी से ज्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिए एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में तैयारी पूरी हो गई हैं।

### एआई की मांग से लेनोवो इंडिया का राजस्व 7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपने राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 8,145 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के अनुसार, भारत में डिजिटलीकरण की गति, एआई को तेजी से अपनाए जाने और मोबाइल, कंप्यूटर/लैपटॉप व अवसंरचना खंडों के मजबूत प्रदर्शन से इस विकास को बल मिला है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक बार के उछाल के बजाय निरंतर बनी रहने वाली मांग को दर्शाता है। हम भारत में डिजिटलीकरण की व्यापक गति से बेहद उत्साहित हैं। लेनोवो को फोन, कंप्यूटर/लैपटॉप, टैबलेट और अवसंरचना समाधानों के विस्तृत पोर्टफोलियो का लाभ मिल रहा है।

### एआई का जनकेंद्रित, होना जरूरी : आईटी सचिव

नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि भारत दुनिया को जो खास संदेश देना चाहता है, वह यह है कि एआई को जनकेंद्रित और समावेशी रहना चाहिए और इसमें एआई संसाधनों तक लोकतांत्रिक तरीके से पहुंच हो। कृष्णन ने कहा, एआई को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक ताकत होना चाहिए, जिसमें भारत और वैश्विक दक्षिण सहित दुनिया के सभी हिस्सों में वृद्धि को बढ़ावा देने की क्षमता हो। एआई संसाधन तक लोकतांत्रिक पहुंच होनी चाहिए और इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि लोग और इंसान इस प्रक्रिया के केंद्र में हों। जैसे-जैसे देश अलग-अलग क्षेत्र में एआई को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, भारत उभरती प्रौद्योगिकी की दुनिया में बराबर वृद्धि के लिए खुद को एक आवाज के तौर पर पेश कर रहा है।

## रेलिगेयर बीमा कारोबार और वित्तीय सेवा को अलग करेगी

**नई दिल्ली।** बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है।

वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी की ओर से पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी। वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## शीर्ष 10 में छह कंपनियों का 3,00,706 करोड़ रुपये घटा बाजार पूंजीकरण

**मुंबई, एजेंसी**



- घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट का असर

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि चार अन्य कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,245 करोड़ रुपये कम हुआ। सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक तेजी के कारण उसका एमकैप 1,22,213 करोड़ रुपये बढ़ा।

बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी गिरावट


विश्लेषकों की राय

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर खास नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारी संभावित ब्याज दरों में कटौती का समय और गति समझने के लिए अमेरिका के श्रम संबंधी आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण और फेड के अधिकारियों के बयानों पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि जीडीपी पर आने वाले अमेरिकी आंकड़े और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति संख्या और फेडरल रिजर्व के अधिकारी की टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित होने से अस्थिरता बनी रहेगी।

## कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद भी जारी रहेगी सोने की खरीदारी

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह। चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें।

# प्रतिबंधों के कारण वेदांता ने नायरा को घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रूस की रोसनेफ्ट समर्थित रिफाइनरी कंपनी की निर्यात आमदनी पर भी पड़ा असर

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। इससे उसकी निर्यात आमदनी पर असर पड़ा है।

नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच से 10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। केयर्न के एक प्रवक्ता ने कहा, हम विशेष ग्राहक अनुबंध या वाणिज्यिक व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करते हैं।



# अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह

## गृहमंत्री ने कहा- भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्ष के आरोप हास्यास्पद

**गांधीनगर, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों की पूरी तरह से सुरक्षा की है।

शाह ने व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्षी दल के आरोपों को हास्यास्पद बताया। शाह ने कहा, जब कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का एक लंबा इतिहास रहा है और अब वे व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं। शाह भारत की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने हर समझौते में किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ हुए हर व्यापार समझौते में मोदी ने आपके हितों की पूरी तरह सुरक्षा की है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस की इस आलोचना का उल्लेख करते हुए कि ये समझौते भारत के डेयरी क्षेत्र को नष्ट कर देंगे, शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन समझौतों पर हस्ताक्षर करके भारत के डेयरी क्षेत्र को खत्म कर दिया है। शाह ने कहा, हमने डेयरी क्षेत्र का विस्तार किया है, इसे कमजोर नहीं किया। सभी समझौतों में डेयरी (क्षेत्र) को पूर्ण संरक्षण दिया गया है।


गांधीनगर में शाह ने सीबीडीसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत की।

### बहस करने के लिए कोई भी मंच चुन लें राहुल

अमित शाह ने गांधी को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बहस करने की चुनौती दी। शाह ने कहा, राहुल गांधी जी, कोई भी मंच चुन लीजिए। यहां तक कि भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनके कल्याण के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने हाल ही में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिए जाने की घोषणा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पहले कहा था कि पिछले महीने भारत और ईयू ने प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत पूरी की, जिससे दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

## केरल में पुरस्कार विजेता किसान ने कर्ज के बोझ के कारण की आत्महत्या

**कन्नूर।** कन्नूर जिले के चेरुपुझा में 62 वर्षीय पुरस्कार विजेता किसान ने बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चेरुपुझा के इदावरम निवासी अंबट्टू इलियास के रूप में हुई है।

परिवारिक सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कीटनाशक का सेवन किया था और तीन दिन पहले अपने खेत में गंभीर हालत में पाए गए थे। जिले के एक निजी अस्पताल में इलियास का इलाज हो रहा था, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि लाखों रुपये का कर्ज होने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इलियास लगभग चार दशकों से कन्नूर और पड़ोसी जिले कासरगोड के पहाड़ी क्षेत्रों में पट्टे पर ली गई जमीन पर सब्जियां उगा रहे थे। उन्होंने इस मौसम में भी लगभग 2,500 केले के पौधे लगाए थे, लेकिन उनकी आय उपज के अनुरूप नहीं थी, जिससे वह परेशान थे।

# बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा व मतदान नौ मार्च को: रीजीजू

**तवांग, एजेंसी**

- कहा- विपक्ष ने हंगामा किया तो बिना चर्चा के पारित कराएंगे अहम विधेयक

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

रिजीजू ने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले चरण की तरह विरोध को जारी रखते हैं तो अंततः यह उनके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा। रीजीजू ने बताया कि सत्र के दूसरे चरण के दौरान सरकार चर्चा के लिए विशिष्ट मंत्रालयों की पहचान करने की योजना बना रही है।

उन्होंने कहा, लोकसभा में हम पांच मंत्रालयों में अनुदान मांगों पर चर्चा करेंगे और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी। रिजीजू ने बताया कि सरकार राज्यसभा में चर्चा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी और फिर लोकसभा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण रोचक होगा और कहा, यदि विपक्ष सदन की कार्यवाही में खलल डालता है तो हम बिना किसी चर्चा के उसे पारित करा देंगे। यह उनके लिए करारा झटका होगा।

## महाशिवरात्रि का सार... ईश्वर में विश्वास और स्वयं में विश्राम : श्रीश्री रविशंकर

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मानवता को शांति और संतुलन का संदेश दिया। बेंगलुरु स्थित आश्रम में आयोजित विशेष सत्संग के दौरान उन्होंने जीवन को आनंदमय बनाने के लिए दो मूलभूत सत्यों को अपनाने पर जोर दिया।



- महाशिवरात्रि पर मानवता को दिया शांति-संतुलन का संदेश

**परमात्मा पर अटूट भरोसा :** गुरुदेव ने कहा कि जीवन की आपाधापी के बीच यह विश्वास रखना अनिवार्य है कि ईश्वर हर क्षण हमारे साथ हैं। जब साधक को यह बोध हो जाता है कि उसकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति ईश्वर द्वारा ही की जाएगी, तब मन के भीतर का संघर्ष और इच्छाओं की दौड़ समाप्त हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर मेरे अपने हैं, यह दृढ़ श्रद्धा ही मन को सहज शांति प्रदान करती है।

**गहन विश्राम ही शिवरात्रि है :** महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री श्री ने कहा कि इस पर्व का वास्तविक अर्थ मन और आत्मा को 'गहन विश्रांति' (Deep Rest) की अवस्था में ले जाना है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप में ठहर जाता है, तभी उसे असीम शांति का अनुभव होता है।

**भक्ति और एकत्व का मार्ग :** उन्होंने बताया कि केवल औपचारिक रूप से भजन गाना पर्याप्त नहीं है। जब कीर्तन और सत्संग पूरे हृदय, प्रेम और पूर्ण समर्पण के साथ किए जाते हैं, तब साधक और ईश्वर के बीच की दूरी मिट जाती है। चेतना के इस विलय से ही एकत्व का अनुभव होता है, जो आध्यात्मिक यात्रा का शिखर है।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने ध्यान और भजनों के माध्यम से भक्ति के इस सागर में डुबकी लगाई।

## बिहार : नीट छात्रा की मौत की जांच के लिए पैतृक गांव पहुंची सीबीआई, परिजनों से की पूछताछ

**जहानाबाद।** सीबीआई की एक टीम ने रविवार को बिहार के जहानाबाद में उस नीट अभ्यर्थी के पैतृक गांव का दौरा किया, जिसकी पिछले महीने पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया है।

- मकान की ली तलाशी, छात्रा का कुछ सामान भी कब्जे में लिया

सीबीआई के 31 जनवरी को मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने और प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ दिनों बाद उसके अधिकारियों की एक टीम जहानाबाद में छात्रा के गांव पहुंची। नीट छात्रा छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक निजी छात्रावास में बेहोश अवस्था में मिली थी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन कोमा में रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। छात्रा के परिवार ने उसके यौन उत्पीड़न का दावा करते हुए राज्य के अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में छात्रावास के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

## महाशिवरात्रि पर पहली किन्नर शंकराचार्य बनीं हिमांगी सखी, भोपाल में किया गया पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किन्नर धर्म सम्मेलन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पट्टाभिषेक किया गया।

- पुष्कर पीठ को घोषित किया गया देश की पहली शंकराचार्य पीठ

पुष्कर स्थित पुष्कर पीठ को देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में घोषित किया गया है। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास की उपस्थिति में यह घोषणा की गई। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और अनुयायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम धर्म अपना चुके 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी कराए जाने का दावा भी किया गया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। परंपरा के अंतर्गत चार जगद्गुरु और पांच महामंडलेश्वरों की भी घोषणा की गई। घोषित जगद्गुरुओं में काजल ठाकुर (भोपाल), तनीषा (राजस्थान), संजना सखी (भोपाल) और संचिता (महाराष्ट्र) शामिल हैं। वहीं महामंडलेश्वरों के रूप में सरिता भार्गव, मंजू, पलपल, रानी ठाकुर और सागर के नाम घोषित किए गए।

# अमेरिका से समझौता भारतीय किसानों से विश्वासघात: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर हमला तेज करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई सवाल किए और किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। राहुल ने सरकार पर इस समझौते के जरिए आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मुद्दा देश के भविष्य से जुड़ा है।



- कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से किए कई सवाल, अमेरिका के आगे आत्मसमर्पण का आरोप लगाया

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या भारत किसी दूसरे देश को अपने कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक नियंत्रण हासिल करने की अनुमति दे रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा, अमेरिका से व्यापार समझौते के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि ड्राइड डिस्टिल्ड ग्रेन (डीडीजी) के आयात का क्या मतलब है। राहुल ने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम (आनुवांशिक रूप से परिवर्तित) अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिल्ड ग्रेन खिलाए जाएंगे। क्या इससे हमारे दुग्ध उत्पाद अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे।

उन्होंने सवाल किया अगर भारत जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देता है, तो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा। उन्होंने पूछा, वे कीमतों में गिरावट का एक और झटका कैसे झेल पाएंगे। राहुल ने कहा, जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है। क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोले जाने के दबाव का संकेत है। गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है। क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपना रुख ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा। राहुल ने कहा कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खोले जाने से कैसे रोका जाएगा। क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा।

# भारत बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था एआई शिखर समिट को उपयुक्त स्थान

**• संरा प्रमुख बोले-कृत्रिम मेधा का पूरी दुनिया को मिले लाभ**

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो।



उन्होंने कहा कि मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो।

## पूर्वोत्तर की नई जीवन रेखा

भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडरवाटर ट्विन-ट्यूब रेल-रोड टनल के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। 18,662 करोड़ की लागत वाली यह सुरंग सामरिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। यह टनल केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। आने वाले समय में देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी टनल की सुविधा मिल सकती हैं जो अपनी भौगोलिक बनावट के कारण कनेक्टिविटी की चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

## ट्विन ट्यूब टनल



### इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

- मल्टी-मोडल एकीकरण : यह एक साथ सड़क और रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली भारत की पहली अंडरवाटर सुरंग होगी।
- हाई-स्पीड कनेक्टिविटी : यह असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की दूरी को वर्तमान 240 किमी से घटाकर मात्र 34 किमी कर देगी।
- समय की बचत : वर्तमान में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ जाने में लगने वाला 6 घंटे का समय घटकर मात्र 20-30 मिनट रह जाएगा।
- सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्था : सुरंग में हर 500 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए जाएंगे ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को निकाला जा सके।

### टनल की रूपरेखा

- कनेक्टिविटी : यह प्रस्तावित ट्विन ट्यूब टनल असम के गोपुर (एनएच-15) और नुमालीगढ़ (एनएच-715) इलाके को जोड़ेगी।
- लंबाई और विस्तार : परियोजना की कुल लंबाई लगभग 33 .7 किलोमीटर है। इसमें से मुख्य अंडरवाटर सुरंग की लंबाई 15 .79 किलोमीटर होगी।
- तकनीकी मॉडल : टनल का विकास ट्विन-ट्यूब टीबीएम मॉडल पर आधारित होगा। इसमें दो समानांतर सुरंगें होंगी, एक में 4-लेन की सड़क और दूसरी में रेलवे ट्रैक का प्रावधान होगा।
- विकास मॉडल : इसे ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि डिज़ाइन और निर्माण की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
- दुनिया में दूसरी : यह दुनिया की दूसरी सुरंग होगी जिसमें सड़क व रेल दोनों होंगे। वर्तमान में ऐसी सुरंग तुर्की में यूराशिया टनल और मारमारे के रूप में संचालित है।

### सामरिक-आर्थिक महत्व

- सामरिक मजबूती : चीन के साथ लगती संवेदनशील सीमा के करीब होने के कारण, यह भारतीय सेना के लिए अहम होगी।
- रोजगार सृजन : सरकार के अनुसार, इस परियोजना से लगभग 80 लाख व्यक्ति-दिवस का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।
- आर्थिक विकास : यह क्षेत्र के 11 आर्थिक केंद्रों, 8 लॉजिस्टिक हब और 2 हवाई अड्डों को जोड़ेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- एक्ट ईस्ट पॉलिसी : यह एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को मजबूती प्रदान करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को गति देगी।

वर्तमान रूट की दूरी 240 किमी है, जिसे तय करने में 6 घंटे लगते हैं। नई टनल बनने के बाद यह दूरी सिमट कर 34 किमी और समय मात्र 20 मिनट रह जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शांति संबंधी समझौते के लिए यूक्रेन तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो वास्तविक रूप से शांति लाएगा। यूक्रिनफॉर्म न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ज़ेलेंस्की ने जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में एक भाषण के दौरान कहा, यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए, यूरोप के लिए असली शांति लाएगा। ज़ेलेंस्की ने कहा, इस संकट को सबसे पहले अस्मिता के साथ खत्म किया जा सकता है। कहा कि यूरोप असल में बातचीत के लिए मौजूद नहीं है।

### हिंद महासागर में यूएस ने जहाज को रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सशस्त्र बलों ने रातोंरात हिंद महासागर में राइट-ऑफ-विजिट अभियान के तहत एक पोत को रोककर उसकी तलाशी ली और उस पर सवार हो गए। अमेरिका के युद्ध विभाग ने रविवार को एक्स पर बताया कि एक्विला-2 राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कैरेबियाई क्षेत्र में प्रतिबंधित जहाजों के खिलाफ घोषित क्वारंटीन का उल्लंघन करते हुए परिचालन कर रहा था। विभाग ने बताया कि वे अग्रिम मोर्चे पर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। अमेरिकी बलों ने हिन्द-प्रशांत कमान क्षेत्र में वेरोनिका-3 पोत रोका और उसकी तलाशी ली थी।

### पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**काठमांडू।** नेपाल में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के सभी चारों कपाटों को रात दो बजे से खोल दिया गया। इस वर्ष मंदिर में लगभग आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है जिनमें से 30 प्रतिशत भारतीय हैं।

### नेपाल में चुनाव : 63 सूत्रीय आचार संहिता

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता जारी करते हुए रविवार को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से कहा कि वे 25,000 नेपाली रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन से ही लें। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार केवल दो मार्च तक ही प्रचार कर सकते हैं। आचार संहिता संबंधी आयोग के नोटिस में उल्लेखित 60 से अधिक बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु यह है कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार 25,000 रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार कर सकते हैं।

# भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर

## तारिक रहमान के सलाहकार बोले-पारस्परिक लाभ को मिलकर करें काम

**• बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करे भारत**

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करने की इच्छा जताई है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों को पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की। कबीर ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश के बाद बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना अब भारत की जिम्मेदारी है। कबीर ने कहा कि बदलाव भारत की सोच में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने स्पष्ट रूप से बीएनपी के पक्ष में फैसला दिया है। कबीर ने अगस्त 2024 के जनविद्रोह के बाद भारत जा चुकीं हसीना को आतंकवादी करार देते हुए उन पर 1,500 से अधिक लोगों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी में न दिखे।



### जमात ने लगाया मतगणना में गड़बड़ी का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन के नेताओं ने आम चुनाव की मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 32 निर्वाचन क्षेत्रों में फिर से मतगणना की मांग की है। गठबंधन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया भले ही अधिकांशत : शांतिपूर्ण रही, लेकिन मतगणना के दौरान गंभीर खामियां सामने आईं। जमात-ए-इस्लामी के सहायक महासचिव हमीदुर रहमान आज़ाद ने गुरुवार को ढाका के आगारगांव स्थित निर्वाचन आयोग मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया, फर्जी वोट डाले गए, काले धन का प्रवाह हुआ और कई स्थानों पर डराने-धमकाने तथा झड़पों की घटनाएं हुईं। इन सबने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज़ाद ने कहा कि कई स्थानों पर निष्पक्ष मतगणना के लिए आवश्यक माहौल मौजूद नहीं था।

### सभी देशों से चाहते हैं संतुलित संबंध

हुमायूं कबीर ने कहा कि हम संतुलित संबंध चाहते हैं। हम किसी एक देश के साथ विशेष संबंध नहीं रखेंगे और किसी भी समझौते का अनावश्यक खुलासा नहीं करेंगे। अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के साथ सांप्रदायिक हिंसा संबंधी चिंताओं को कबीर ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त विद्रोह के बाद पांच दिन तक बिना सरकार की अभूतपूर्व स्थिति के दौरान भी किसी ने अल्पसंख्यकों पर हमला नहीं किया। यह यहां की सांप्रदायिक सद्भावना को दर्शाता है। समस्या वैसी नहीं है, जैसी कभी-कभी प्रस्तुत की जाती है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद समुदाय पर कई हमले हुए।

## रुबियो बोले अब रूस से तेल नहीं क्रय करेगा भारत

**म्यूनिख।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बार फिर दोहराया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से इनकार किया है। रुबियो ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शनिवार को कहा कि भारत ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा, जो कि वैश्विक बाजारों में रूस से ऊर्जा खरीदने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और कूटनीतिक दबावों के बीच एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक भागीदारी की गहराई और संयुक्त लोकतांत्रिक राष्ट्रों के साथ सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों के बीच बड़े उपभोक्ता देशों द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और बाजारों की खोज तेज हुई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। तब से अमेरिका ने कई बार दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

## ईरान-अमेरिका में होगी अब दूसरे दौर की वार्ता

**• परमाणु मद्दे को लेकर अब जिनेवा में बैठेंगे दोनों देश**

तेहरान, एजेंसी

ईरान और अमेरिका मंगलवार को जिनेवा में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के दूसरे दौर में प्रवेश करेंगे। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त रवांची ने तेहरान में बीबीसी को दिए साक्षात्कार में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि किसी समझौते तक पहुंचने के लिए अमेरिका को अपनी गंभीरता साबित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ईमानदारी दिखाता है, तो दोनों पक्षों के बीच पुनः शुरू हुई अप्रत्यक्ष वार्ताएं किसी समझौते तक पहुंच सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच वार्ता का पहला दौर छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। रवांची ने कहा कि ईरान की ओर से 60 प्रतिशत तक समृद्ध यूरेनियम को काफी हद तक निष्क्रिय करने की पेशकश इस बात का प्रमाण है कि देश समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा, यदि वे प्रतिबंधों पर बात करने को तैयार हैं, तो हम इस मुद्दे और अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम गैर-परक्राम्य है और देश अपनी रक्षात्मक क्षमताओं से समझौता स्वीकार नहीं करेगा। रवांची ने ईरान की धरती पर यूरेनियम संवर्धन शून्य करने के सवाल पर कहा कि ईरान के लिए यह विषय अब एजेंडे में नहीं है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य जमावड़े की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि एक और युद्ध सभी के लिए त्रासदीपूर्ण होगा और आक्रमण शुरू करने वालों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### म्यूनिख में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में वैश्विक नेताओं की एक बैठक के बीच शनिवार को यहां लगभग 2,50,000 लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ, जब निर्वासन में रह रहे ईरान के युवराज रेजा पहलवी ने तेहरान पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव का आह्वान किया है। ढोल बजाते और सत्ता परिवर्तन के नारे लगाते हुए म्यूनिख में विशाल रैली पहलवी द्वारा वर्णित ग्लोबल डे ऑफ एक्शन का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ईरानियों का समर्थन करना है। पहलवी ने लॉस एंजिलिस और टोरंटो में भी प्रदर्शनों का आह्वान किया।

## जम्मू-कश्मीर में म्यूल खाता नेटवर्क का किया भंडाफोड़

**• आठ हजार से अधिक खातों से लेनदेन पर रोक**

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में म्यूल खातों के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक म्यूल खातों की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे धन शोधन के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

उन्होंने इन खातों को साइबर अपराध श्रृंखला में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया, क्योंकि इन खातों के बिना हेरफेर किए गए पैसे का क्रिप्टोकरेंसी में बदलना और इसका पता लगाना असंभव होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून लागू करने वाली एजेंसियों को बैंकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा है, ताकि म्यूल खातों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सके और ऐसी वित्तीय ठगी के बिचौलियों की पहचान की जा सके।

## आईएसएस पहुंचे 4 नए अंतरिक्ष यात्री

**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया और एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से नासा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वहां से निकासी कराई थी जो 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में पहला मामला था। पिछले साल गर्मियों में स्पेसएक्स ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया था जिनमें से एक को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हुई और उन्हें शीघ्र लौटना पड़ा।

## अनियंत्रित हवाई क्षेत्रों का अध्ययन कर रही सरकार

**• महाराष्ट्र विमान हादसे ने आकृष्ट कराया ध्यान**

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार गैर-निर्धारित ऑपरेटर और अनियंत्रित हवाई पट्टियों द्वारा किए जा रहे उड़ान संचालन का गहन अध्ययन कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि किन क्षेत्रों में कदम उठाने की आवश्यकता है। गत 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लियरजेट 45 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गैर-निर्धारित परिचालकों के उड़ान संचालन नियामक जांच के घेरे में आ गए हैं।

इस दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरुआत में ही एनएसओपी का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। नायडू ने बताया कि नागर विमानन मंत्रालय एनएसओपी के साथ-साथ अनियंत्रित हवाई पट्टियों का भी गहन अध्ययन कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसओपी और अनियंत्रित हवाई पट्टियों के संबंध में जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उन पहलुओं की जांच की जाएगी।

## महाराष्ट्र में एटीएस ने की 21 ठिकानों पर छापेमारी

**• आतंकी संबंधों को लेकर एजेंसी ने की कई जिलों में कार्रवाई**

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार रात से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 21 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्हें खुफिया विभाग से सूचना मिली थी कि कुछ युवक आतंकवादी संगठनों के संपर्क में हैं। यह सूचना मिलने के बाद कि युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के प्रयास किए जा रहे हैं, यवतमाल जिले के पुसाद और उमरखेड़ में 14 स्थानों और अहिल्यानगर में सात स्थानों पर छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, एटीएस सुबह से ही तलाशी अभियान चला रही है और पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने अहिल्यानगर के मुकुंदनगर इलाके में आधी रात को छापेमारी की। जांच के अंतर्गत निवासियों से गुप्त रूप से पूछताछ की गई। मुकुंदनगर मुस्लिम बहुल इलाका है। पिछले दो-तीन वर्षों में, अहिल्यानगर कथित रूप से औरंगजेब का महिमामंडन करने और पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने जैसी घटनाओं के कारण चर्चा में रहा है। इससे पहले की रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के प्रयासों का संकेत मिला था। यवतमाल जिले में एटीएस की 20 टीमें तैनात की गई हैं। उमरखेड़ और पुसाद में संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है।

## लापता भारतीय छात्र मृत मिला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक सप्ताह से भी कम समय पहले लापता हुआ 22 वर्षीय भारतीय स्नातकोत्तर छात्र मृत पाया गया है। भारतीय दूतावास ने यहां यह जानकारी दी। कर्नाटक निवासी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ने वाले छात्र साकेत श्रीनिवासैया सोमवार से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में छात्र के शव की बरामदगी की पुष्टि की। श्रीनिवासैया के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्य दूतावास ने कहा कि दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 17 .34 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 20 .47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।


मेष

आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। परिवार में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। फालतू बातों में अपना समय बर्बाद न करें।


वृष

आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। धन के मामले में अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। परिजनों की सेहत की चिंता हो सकती है।


मिथुन

आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप थोड़े शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की थकावटी यात्रा हो सकती है।


कर्क

आज परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।


सिंह

आज बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें। अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। भूतकाल की बातों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।


कन्या

आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिंतित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।


तुला

आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।


वृश्चिक

आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है, लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।


धनु

आज मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।


मकर

आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा।


कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नए रोजगार की प्राप्ति हो सकती है।


मीन

आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंसे रहेंगे।

## सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

